सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.6 न्यू | 31.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,775 |
| निफ्टी | 23,547 |
| सोना | 1,56,000 |
| चांदी | 2,66,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA)
CHAMBA
PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com



आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 3 जून 2026 | 20 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 155, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

*ट्विशा शर्मा मौत मामला*

### पति-सास को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी, भोपाल।** अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में सीबीआई रिमांड खत्म होने के बाद पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को 16 जून तक न्यायिक हिरासत में भोपाल सेंट्रल जेल भेजने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों के बीच तीखी बहस हुई। वहीं, सीबीआई जांच में यह भी सामने आया है कि घटनास्थल से बरामद बेल्ट को समय पर फोरेंसिक जांच के लिए नहीं भेजा गया था, जिससे तत्कालीन जांच अधिकारी की भूमिका पर सवाल खड़े हुए हैं। सीबीआई मामले के सभी पहलुओं की भी जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### चेन्नई बंदरगाह में गैस रिसाव से मचा हड़कंप

**एजेंसी, चेन्नई।** चेन्नई बंदरगाह क्षेत्र में मंगलवार को सल्फर गैस रिसाव से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। गैस के प्रभाव से आसपास के इलाकों में धुंध जैसी स्थिति बन गई, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी, खांसी और आंखों में जलन की शिकायत हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बंदरगाह परिसर में रखे एक कंटेनर से गैस का रिसाव हुआ। इसका असर सचिवालय, भारतीय रिजर्व बैंक कार्यालय और मद्रास हाईकोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में भी महसूस किया गया। सूचना मिलते ही बंदरगाह प्रशासन, दमकल विभाग और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे के अभियान के बाद रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने या आग लगने की सूचना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### वेदांता ग्रुप पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिग्गज उद्योगपति अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मुंबई और दिल्ली स्थित कार्यालयों पर की गई। सूत्रों के अनुसार, यह जांच फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के कथित उल्लंघन से जुड़ी है। ईडी की जांच का केंद्र वेदांता लिमिटेड द्वारा अपनी यूके स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को किए गए रॉयल्टी भुगतान हैं। वेदांता रिसोर्सेज पर भारी कर्ज का बोझ बताया जा रहा है, और इसी से जुड़े वित्तीय लेनदेन की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई से कंपनी के कारोबारी हलकों में हलचल बढ़ गई है। यह छापेमारी ऐसे समय में हुई है जब वेदांता ग्रुप अपने कारोबार के डिमर्जर की प्रक्रिया पर काम कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक के नए सीएम डीके शिवकुमार आज लेंगे शपथ

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। राज्य के मनोनीत मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार बुधवार (3 जून) को बेंगलुरु स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल थावर चंद गहलोत उन्हें शाम 4:05 बजे शपथ दिलाएंगे। इस बहुप्रतीक्षित समारोह को लेकर राजधानी में व्यापक तैयारियां की गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया गया है। राज्य सरकार व प्रशासन की ओर से समारोह को भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रिपरिषद के कुछ सदस्य भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सील्ड रोड परमिट पर वकीलों का हंगामा सीएम के आश्वासन पर आंदोलन खत्म

## सचिवालय के बाहर धरना देने पर सर्कुलर रोड पर घंटों लगा रहा लंबा जाम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के सील्ड रोड पर अधिवक्ताओं के वाहनों को रोके जाने का विवाद मंगलवार को उस समय बड़ा आंदोलन बन गया, जब प्रदेश हाईकोर्ट के सैंकड़ों वकील सड़क पर उतर आए। पहले मुख्यमंत्री आवास ओक ओवर और फिर सचिवालय का घेराव करते हुए अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सचिवालय के बाहर सड़क पर धरना देने से सर्कुलर रोड पर लंबा जाम लग गया और राजधानी की रफ्तार कई घंटों तक थम गई।



जाम का असर केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं रहा। सरकारी कर्मचारी, स्थानीय लोग, पर्यटक और स्कूलों से लौट रहे बच्चे भी वाहनों की लंबी कतारों में फंस गए। शहर के कई हिस्सों में यातायात प्रभावित रहा और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं का आरोप था कि वर्षों से वे छोटा शिमला-सचिवालय-हाईकोर्ट मार्ग का उपयोग करते रहे हैं, लेकिन अब पुलिस उनकी गाड़ियों को रोक रही है और उन्हें कोर्ट रोड से जाने के लिए कहा जा रहा है। उनका कहना है कि कोर्ट रोड पहले ही ट्रैफिक के भारी दबाव में है और इससे अदालत पहुंचने में देरी हो रही है। मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं होने पर प्रदर्शन और तेज हो गया। सचिवालय के बाहर वकील सड़क पर बैठ गए और 'वीआईपी कल्चर नहीं चलेगा' तथा 'अंग्रेजों का कानून नहीं चलेगा' जैसे नारे लगाए।

उनका कहना था कि यदि नियम लागू किए जा रहे हैं तो वे सभी पर समान रूप से लागू होने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शन के दौरान कई ऐसे वाहनों की पहचान करवाई गई जिनके पास वैध परमिट नहीं थे और उनके चालान भी करवाए गए।

वहीं, सीएम सुक्खू से वार्ता के बाद मिले आश्वासन पर वकीलों ने आंदोलन खत्म कर दिया। सीएम ने कमेटी बनाकर परमिट देने का आश्वासन दिया है। बैठक के बाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दावा किया कि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री ने इस पूरे मामले को लेकर एक कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया है। बार एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने बताया कि कमेटी की सिफारिशों के आधार पर अधिवक्ताओं के परमिट जारी किए जाएंगे और इनके लिए बहुत कम शुल्क रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन स्वयं उन अधिवक्ताओं की सूची सरकार को सौंपेगी, जिन्हें सील्ड रोड पर आवाजाही की अनुमति दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री से बातचीत के बाद अधिवक्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया और इसे अपनी मांगों की दिशा में सकारात्मक शुरुआत बताया।

### मंत्री विक्रमादित्य, एडीएम और डीआईजी की गाडियों के कटे चालान, एसडीएम ओशिन भड़कीं

**प्रदर्शन** के दौरान वकीलों ने सील्ड रोड से गुजर रहे वाहनों के चालान पुलिस से कटवाए। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की माता पूर्व सांसद और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह जब वाहन से जा रही थी तो प्रदर्शनकारी भड़क गए। इसके बाद पुलिस ने शिल्ली चौकी के समीप वकीलों की आपत्ति के बाद विक्रमादित्य के निजी वाहन का 1500 रुपए का चालान काटा। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने शहर की एसडीएम ओशिन शर्मा की गाड़ी को भी कुछ समय के लिए रोक दिया, जिस पर ओशिन भड़क गईं और पत्रकारों को वीडियो बनाने से रोका। इस दौरान पत्रकारों के साथ बहस भी हुई। यही नहीं, बाद में वकीलों ने एडीएम और डीआईजी रैंक के पुलिस अधिकारियों की गाड़ियों के चालान भी कटवाए।

# जनगणना प्रदेश की विकास योजनाओं की आधारशिला : मुख्यमंत्री सुक्खू




ऑनलाइन स्व-गणना अभियान में भाग लेते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनगणना-2027 के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान में स्वयं भाग लेकर प्रदेशवासियों को महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने मंगलवार को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करवाई और लोगों से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

सुक्खू ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश और प्रदेश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आवासीय सुविधाएं और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े आंकड़े सरकार को प्रभावी नीतियां बनाने में मदद करते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इस प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### ◆ सीएम ने जनगणना-2027 के स्वगणना अभियान में लिया हिस्सा लोगों से की सहयोग की अपील

इस अवसर पर जनगणना संचालन निदेशक दीप शिखा शर्मा और अन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को डिजिटल जनगणना प्रक्रिया की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह तकनीक आधारित होगी, जिससे आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। जनगणना-2027 के तहत हिमाचल प्रदेश में कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई, 2026 तक होगा, जिसमें गृह सूचीकरण और आवास जनगणना की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सही और पूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय दायित्व को सफल बनाने में सहयोग करें।

# बंगाल में टीएमसी तोड़ सकते हैं निकाले गए विधायक

**एजेंसी, कोलकाता**

ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं।

रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला, हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा, विपक्ष के नेता ऋतब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा, हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए।




बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक हैं। नए गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं हैं। इधर, सोमवार को टीएमसी से निकाले गए 2 विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के विधायक हॉस्टल में टीएमसी के कई विधायकों के साथ मीटिंग की। इसमें ममता के कई खास विधायक भी शामिल हुए। पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हमने किसी को बाहर से लाए बिना 207 का आंकड़ा छू लिया। इस बार हमारी राजनीतिक रणनीति जमीनी स्तर से शुरू हुई। हम ऐसे लोगों को अपनी पार्टी में कैसे शामिल कर सकते हैं जो दागी हैं? (अनंत ज्ञान)

### ◆ रिजू दत्ता बोले-हम असली तृणमूल पचास से ज्यादा विधायक हैं साथ

# सुप्रीम कोर्ट के पांच नए जजों को दिलाई शपथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय को पांच नए जज मिले हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मंगलवार को इन पांचों जजों को शपथ दिलाई। इन पांच जज के साथ ही उच्चतम न्यायालय में जजों की कुल संख्या 37 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश ने जस्टिस शील नागू, जस्टिस चंद्रशेखर, जस्टिस संजीव सचदेवा, जस्टिस अरुण पल्ली व जस्टिस वी मोहन को उच्चतम न्यायालय के जज के रुप में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय के लिए इन जजों की नियुक्ति की थी। (अनंत ज्ञान)

# कुल्लू, लाहौल व पांगी में तेलंगाना कंपनी के शराब ठेके सील

## सुक्खू सरकार का 15 करोड़ के डिफॉल्ट पर तगड़ा एक्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू/केलांग।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने नियमों का उल्लंघन करने वाली बाहरी राज्य की शराब कंपनी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल्लू, लाहौल-स्पीति और पांगी क्षेत्र के सभी शराब ठेकों को सील कर दिया है। आबकारी एवं कराधान विभाग की इस कार्रवाई को अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, तेलंगाना की कंपनी ने मई महीने का लगभग 15 करोड़ रुपए का मासिक लाइसेंस शुल्क जमा नहीं किया था। निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद भुगतान न होने पर विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक जून से ठेकों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। विभाग के उपायुक्त मनोज डोगरा ने बताया कि कंपनी लगातार नियमों का उल्लंघन कर रही थी और बकाया राशि जमा नहीं कर रही थी, जिसके चलते यह कदम उठाया गया। जानकारी के मुताबिक, तेलंगाना की फर्म 'एपीटको' ने ई-नीलामी के माध्यम से कुल्लू, लाहौल और पांगी घाटी के शराब ठेके हासिल किए थे। इस पूरे क्षेत्र का आरक्षित मूल्य 183.69 करोड़ रुपए रखा गया था, जबकि कंपनी ने 183.70 करोड़ रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाई थी।




कुल्लू के ढालपुर में बंद शराब का ठेका। अनंत ज्ञान

समझौते के तहत कंपनी को हर महीने करीब 15 करोड़ रुपए सरकार को जमा करने थे, लेकिन समय पर भुगतान न होने से विभाग ने सख्त रुख अपनाया। वहीं, कंपनी ने मंडी जिले में भी 10 ठेके लिए थे, जिन पर भी अब विभाग की नजर बनी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि आगे की कार्रवाई नियमों के अनुसार की जाएगी।

# कराची-लाहौर से आए थे पहलगाम हमले में इस्तेमाल मोबाइल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नया खुलासा किया है। एनआईए के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से दो मोबाइल रेडमी-9 और दूसरा रेडमी नोट-12 बरामद हुए थे।

एनआईए के मुताबिक दोनों फोन की जानकारी निकाली गई। इसमें सामने आया कि मोबाइल 2021 और 2023 में चीन की कंपनी सिओमी की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचाए गए थे। रेडमी-9 कराची की कंपनी ने इंपोर्ट कराकर कराची डिलीवर कराया था। एनआईए ने बताया कि आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले की प्लानिंग पहले से कर रखी थी। फोरेंसिक जांच के दौरान मोबाइल के नेविगेशन एप अल्पाइन क्वेस्ट में बैसरन की लोकेशन सेव मिली। साथ ही बैसरन घाटी के कई स्क्रीनशॉट भी मिले जो 15-16 अप्रैल को लिए गए थे। 22 अप्रैल को अटैक हुआ था। कुछ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि प्रतिबंधित आतंकी और अन्य संगठनों के अकाउंट इस बैंक में थे। हालांकि बैंक ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि प्रतिबंध लगते ही संबंधित खातों पर एक्शन लिया गया है। एनआईए के मुताबिक डिलीवरी के 4 साल बाद यानी साल 2025 में मोबाइल एक्टिव हुआ। (अनंत ज्ञान)

# भारत में रहने वाले विदेशियों के लिए केंद्र सरकार ने बदले नियम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने देश में रहने वाले विदेशी नागरिकों के लिए आव्रजन नियमों को और सख्त करते हुए पंजीकरण की समय-सीमा में बड़ा बदलाव किया है। गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित 'आप्रवासन और विदेशी नागरिक नियम, 2025' के तहत अब विदेशी नागरिकों को भारत में 180 दिन पूरे होने से पहले ही अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा।




### ◆ 180 दिन से पहले अनिवार्य रजिस्ट्रेशन ओवरस्टे पर सख्त निगरानी

सरकार के अनुसार इस बदलाव का उद्देश्य देश के आव्रजन ढांचे को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और डिजिटल रूप से मजबूत बनाना है, ताकि विदेशी नागरिकों के ओवरस्टे मामलों पर बेहतर निगरानी रखी जा सके। नए नियमों के तहत पहले दी जाने वाली 14 दिनों की अतिरिक्त रियायत भी समाप्त कर दी गई है। अब 180 दिन की अवधि पूरी होने से पहले ही सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। समयसीमा के बाद पंजीकरण केवल अत्यंत आपातकालीन परिस्थितियों में ही संभव होगा। यह प्रावधान लॉन्ग-टर्म वीजा धारकों पर भी लागू होगा, जिनके वीजा में प्रत्येक यात्रा के दौरान अधिकतम 180 दिन रुकने की शर्त शामिल होती है।

इसके साथ ही बच्चों से जुड़े नियमों में भी संशोधन किया गया है। भारत में जन्म लेने वाले ऐसे बच्चों के मामले में, जिनके माता-पिता में से कोई एक भारतीय नागरिक है, अब 30 दिनों की अनिवार्य ऑनलाइन सूचना देने की शर्त लागू नहीं होगी। हालांकि, यदि कोई विदेशी बच्चा भारत में रहते हुए बाद में किसी अन्य देश की नागरिकता लेता है, तो इसकी सूचना 30 दिनों के भीतर एफआरआरओ को देना अनिवार्य होगा। (अनंत ज्ञान)

# केंद्र सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन व सचिव को हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) में विवाद के बीच सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया। ओएसएम सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है।

उधर, री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक हुआ। सीबीएसई के अनुसार, 2 मिनट में 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि एक लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। हालांकि, साइबर अटैक के बावजूद पोर्टल काम करता रहा और दोपहर 3 बजे तक 16 हजार से ज्यादा छात्रों ने आवेदन कर दिया। यह पोर्टल सोमवार से शुरू होना था।

### ◆ विवादित ऑन स्क्रीन मार्किंग के टेंडर की जांच के आदेश

दरअसल, 13 मई को सीबीएसई ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया था। इस बार पहली बार कॉपियां कंप्यूटर स्क्रीन (ओएसएम सर्विस) पर चेक की गई थीं। रिजल्ट आने के बाद कई छात्रों ने नंबरों को लेकर शिकायत की, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई है। सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से प्रभावित 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत मंगलवार को संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए। उन्होंने ओएसएम प्रणाली के लागू होने और इसके टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी बात रखी। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने अफ्रीका सीडीसी को भेजी 43 टन चिकित्सा सहायता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने अफ्रीकी संघ आयोग के अनुरोध पर इबोला संक्रमण से निपटने में सहायता के लिए अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) को 43 टन चिकित्सा सहायता की दूसरी खेप भेजी है। यह खेप मंगलवार को रवाना की गई।



विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस सहायता में सुरक्षात्मक उपकरण, निदान एवं निगरानी किट, संक्रमण रोकथाम सामग्री और आवश्यक दवाएं शामिल हैं। इन सामग्रियों का उपयोग इबोला प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और संक्रमण के प्रसार को रोकने में किया जाएगा। यह खेप युगांडा की राजधानी कंपाला पहुंचने के बाद अफ्रीका सीडीसी को सौंपी जाएगी। भारत ने इससे पहले 24 मई को भी लगभग 2.5 टन चिकित्सा सामग्री की पहली खेप भेजी थी। दोनों खेपों का उद्देश्य अफ्रीकी देशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों को मजबूत करना और इबोला से निपटने की क्षमता को बढ़ाना है।

### ◆ इबोला से निपटने के लिए सुरक्षा उपकरण और दवाएं शामिल, दूसरी खेप रवाना

मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मिशन अफ्रीकी संघ आयोग और अफ्रीका सीडीसी के साथ मिलकर चिकित्सा सहायता के वितरण और समन्वय में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भारत की यह पहल वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग और मानवीय सहायता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे प्रभावित देशों को समय पर राहत और संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। (अनंत ज्ञान)

**खुशखबरी** चक्की दरिया रेलवे पुल के पुनर्निर्माण के बाद बहाल हुआ रेल संचालन

# चार साल बाद पटरी पर दौड़ी पठानकोट-जोगिंद्रनगर ट्रेन

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पंजाब के पठानकोट को हिमाचल प्रदेश के जोगिंद्रनगर से जोड़ने वाली ऐतिहासिक नैरोगेज रेल सेवा चार वर्षों बाद फिर से शुरू हो गई है। चक्की दरिया पर बने रेलवे पुल के पुनर्निर्माण के बाद रेल संचालन बहाल होने से पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बीच टूटा रेल संपर्क एक बार फिर जुड़ गया है। इस बहुप्रतीक्षित सेवा के शुरू होने से पर्यटन और व्यापार दोनों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

वर्ष 2022 में भारी बारिश और बाढ़ के कारण चक्की दरिया पर बना रेलवे पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग पर ट्रेनों का संचालन बंद करना पड़ा था। रेल सेवा ठप होने से यात्रियों को सड़क मार्ग से सफर करना पड़ रहा था, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए थे। लगातार चार वर्षों तक चले निर्माण कार्य के बाद नया रेलवे पुल तैयार किया गया है। पुल के निर्माण के साथ रेल ट्रैक को भी बहाल कर दिया गया और मंगलवार को ट्रेन सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद अनुराग ठाकुर और डॉ. राजीव भारद्वाज ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों और यात्रियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरोगेज रेलमार्ग अपने प्राकृतिक सौंदर्य और मनोहारी पहाड़ी दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। ट्रेन सेवा शुरू होने से पर्यटक एक बार फिर हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियों का आनंद ले सकेंगे। यात्रियों ने सेवा बहाल होने पर खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें कम खर्च में आरामदायक यात्रा का विकल्प मिल गया है। एक यात्री ने बताया कि बस की तुलना में ट्रेन का सफर अधिक सुविधाजनक है और मात्र 25 रुपए किराए में खूबसूरत नजारों का आनंद लिया जा सकता है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि रेल संपर्क बहाल होने से दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं लोको पायलट जसपाल सिंह ने कहा कि यह सेवा क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार दोनों के लिए लाभदायक साबित होगी।

# सील्ड रोड पर वकीलों ने काटा बवाल, लगा जाम

## हजारों लोग प्रभावित, स्कूली बच्चों से लेकर कर्मचारियों तक को झेलनी पड़ी भारी परेशानी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला की धड़कन और लाइफ लाइन मानी जाने वाली सर्कुलर रोड मंगलवार को उस समय थम गई जब सील्ड रोड परमिट शुल्क में भारी बढ़ोतरी और पुलिस की सख्ती के विरोध में वकीलों ने सचिवालय के बाहर मोर्चा खोल दिया। सुबह शुरू हुआ विरोध देखते ही देखते बड़े आंदोलन का रूप ले गया और राजधानी की सबसे महत्वपूर्ण सड़क पर यातायात पूरी तरह चरमरा गया। सचिवालय से लेकर छोटा शिमला, कनेडी चौक और आसपास के क्षेत्रों तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। शहर की नसों में दौड़ने वाली यह सड़क जैसे ही बंद हुई, पूरा शिमला मानो ठहर गया और हजारों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई।

वकीलों का आरोप है कि सरकार ने सील रोड परमिट शुल्क को कई गुना बढ़ाकर आम लोगों और अधिवक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। प्रदर्शनकारी पहले मुख्यमंत्री आवास 'ओक ओवर' पहुंचे और मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग की, लेकिन बात नहीं बन पाई। इसके बाद सचिवालय की ओर आक्रोश रैली निकाली गई और बड़ी संख्या में अधिवक्ता सड़क पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी हुई और प्रशासन से पुराने प्रावधान बहाल करने की मांग उठाई गई। सर्कुलर रोड के बंद होने का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहा। दोपहर बाद स्कूलों की छुट्टी होने के कारण बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे जाम में फंसे रहे। दफ्तरों से लौटने वाले कर्मचारी, अस्पताल जाने वाले मरीज और रोजमर्रा के कामकाज के लिए निकले लोग घंटों तक सड़क पर परेशान होते रहे। राजधानी में जब भी सर्कुलर रोड बाधित होती है, उसका प्रभाव पूरे शहर पर पड़ता है, क्योंकि यही मार्ग सचिवालय, उच्च न्यायालय, सरकारी कार्यालयों और प्रमुख संस्थानों को जोड़ता है। यही वजह रही कि कुछ ही घंटों में शहर के कई हिस्सों में यातायात व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई।


सचिवालय के बाहर सील्ड रोड परमिट शुल्क वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अनंत ज्ञान

### सरकार और वकीलों के टकराव ने बढ़ाई चिंता

**राजधानी** में बढ़ते गतिरोध ने प्रशासन और सरकार दोनों की चिंता बढ़ा दी है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित करने का प्रयास किया गया, लेकिन हालात लंबे समय तक सामान्य नहीं हो सके। प्रदर्शनकारी वकील अपनी मांगों पर अड़े रहे और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते रहे। ऐसे में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी इस घटनाक्रम की चर्चा तेज रही, क्योंकि राजधानी की लाइफ लाइन पर लगा यह ब्रेक आम जनता की परेशानी और व्यवस्था पर सवाल दोनों छोड़ गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 75 हजार पौधों के महाअभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 133 इको टास्क फोर्स के हिमाचल इको वॉरियर्स ने प्रदेश में 75 हजार पौधे लगाने के महत्वाकांक्षी अभियान का शुभारंभ किया। अभियान की शुरुआत मंगलवार को चमियाना में आयोजित विशेष पौधारोपण कार्यक्रम से हुई, जिसका आयोजन एसजेवीएन तथा हिमाचल प्रदेश वन विभाग के सहयोग से किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना और प्रदेश की हरित संपदा को और अधिक समृद्ध बनाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसजेवीएन के निदेशक (कार्मिक) अजय कुमार शर्मा ने अखरोट का पौधा रोपित कर किया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज पोरवाल सहित एसजेवीएन, वन विभाग तथा 133 इको टास्क फोर्स के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी प्रतिभागियों ने वनीकरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

अभियान के तहत विभिन्न देशी प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे हैं ताकि स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा मिल सके और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत किया जा सके। इसके साथ-साथ लोगों को वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और पारिस्थितिक पुनर्स्थापन के महत्व से अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।



### 'नो योर टीए मेला' अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा

**अधिकारियों** ने बताया कि यह अभियान 'नो योर टीए मेला' पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से प्रादेशिक सेना की इकोलॉजिकल टास्क फोर्स इकाइयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को नई गति मिलेगी। आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरित हिमाचल के संकल्प को साकार किया जाएगा।

# चेतन बरागटा के खिलाफ नारेबाजी पर भाजपा का तीखा हमला

## बोले-27 हजार मतदाताओं से माफी मांगे कांग्रेस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई-नावर क्षेत्र में पंचायत चुनावों के परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा के विरुद्ध लगाए गए नारों को लेकर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा, जिला परिषद कलबोग वार्ड की प्रत्याशी नीना चौहान तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की इस प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि जुब्बल-कोटखाई-नावर की राजनीति में चेतन सिंह बरागटा एक प्रभावशाली और मजबूत जननेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते जनसमर्थन और राजनीतिक प्रभाव के कारण विपक्ष भी उनकी मौजूदगी को गंभीरता से लेने के लिए विवश है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नारेबाजी राजनीतिक असहिष्णुता और जनमत के प्रति अनादर को दर्शाती है।

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से उन लगभग 27 हजार मतदाताओं से माफी मांगने की मांग की है जिन्होंने पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। उनका कहना है कि नारेबाजी केवल एक नेता के खिलाफ नहीं बल्कि उन हजारों मतदाताओं की लोकतांत्रिक भावना व जनादेश का भी अपमान है जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी राजनीतिक पसंद व्यक्त की। भाजपा ने कहा कि चुनावी परिणाम चाहे किसी के पक्ष में हों या विपक्ष में, जनता के निर्णय व जनभावनाओं का सम्मान करना सभी राजनीतिक दलों की नैतिक जिम्मेदारी है। पार्टी ने विश्वास जताया कि जुब्बल-कोटखाई-नावर की जागरूक व प्रबुद्ध जनता भविष्य में भी जनहित, विकास व सकारात्मक राजनीति को प्राथमिकता देते हुए अपना निर्णय स्वयं करेगी।

# हर पंचायत में डेयरी सहकारी समिति बनाने की कवायद तेज

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों की आय सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने जारी किए निर्देश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने व पशुपालकों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में नई डेयरी सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी है।

इसी कड़ी में उप-मंडलीय पशु चिकित्सालय कोटखाई के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए शीघ्र प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया है। यह पहल दुग्ध उत्पादन को संगठित स्वरूप प्रदान करने के साथ-साथ किसानों और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन विभाग, शिमला द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिन पंचायतों में वर्तमान में कोई डेयरी सहकारी समिति सक्रिय रूप से कार्य नहीं कर रही है, वहां नई समितियों का गठन किया जाएगा। विभाग ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के पशुपालकों को इस योजना के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें डेयरी सहकारी समितियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि दुग्ध संग्रहण और विपणन की व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सके।

बता दें कि प्रदेश सरकार पहले ही दुग्ध उत्पादकों के हित में कई प्रोत्साहन योजनाएं लागू कर चुकी है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को बेहतर मूल्य उपलब्ध करवाना, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना तथा पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करना है। सरकार का मानना है कि सहकारी ढांचे के माध्यम से गांव स्तर पर संगठित दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

विभागीय अधिकारियों ने पंचायतों से कहा है कि यदि उनकी पंचायत में नई डेयरी सहकारी समिति स्थापित करने की सहमति है तो पंचायत प्रधान, पंचायत सचिव तथा सभी सदस्यों के हस्ताक्षरों सहित प्रस्ताव की प्रति शीघ्र विभाग को उपलब्ध करवाई जाए। वहीं यदि किसी कारणवश पंचायत नई समिति के गठन के पक्ष में नहीं है तो उसके संबंध में भी स्पष्ट प्रस्ताव विभाग को भेजना होगा।

### ग्रामीण स्वावलंबन की ओर महत्वपूर्ण कदम

**गौरतलब** है कि गांव-गांव में डेयरी सहकारी समितियों के गठन से न केवल दुग्ध उत्पादन और विपणन को नई दिशा मिलेगी, अपितु रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण व स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ऐसे में सरकार की यह पहल ग्रामीण विकास, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के विस्तार व आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# पंचायत व नगर निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड बढ़त: संदीपनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्य प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनावों में भाजपा की उल्लेखनीय सफलता पर प्रदेश की जनता, पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव परिणामों ने हिमाचल प्रदेश में भाजपा के प्रति बढ़ते जनविश्वास और कांग्रेस सरकार के प्रति जनता की नाराजगी को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि चार नगर निगमों में से तीन मंडी, धर्मशाला और सोलन में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि जिला परिषद और बीडीसी स्तर पर भी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को व्यापक जनसमर्थन मिला है। उनके अनुसार प्रदेश के अधिकांश जिलों में जिला परिषद और विकास खंड समितियों में भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों की मजबूत स्थिति बनने जा रही है।



संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि यह जनादेश कांग्रेस सरकार की नीतियों, वादाखिलाफी और प्रशासनिक विफलताओं के विरुद्ध जनता की स्पष्ट प्रतिक्रिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को अपनी हार का अंदेशा पहले से था, इसलिए चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए गए, लेकिन जनता ने लोकतंत्र में अपना विश्वास जताते हुए भाजपा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई मंत्रियों और कांग्रेस नेताओं को अपने क्षेत्रों में निराशाजनक परिणामों का सामना करना पड़ा है, जिससे सरकार की घटती लोकप्रियता उजागर हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए इस्तीफा देने और जनता से नया जनादेश प्राप्त करने की मांग की।

# वियतनाम में गूंजेगा भारत का परचम

## एशिया-ओशिनिया ग्रैपलिंग चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना, हिमाचल के 3 खिलाड़ी शामिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** वियतनाम के दा नांग शहर में 4 से 6 जून तक आयोजित होने वाली यूडब्ल्यूडब्ल्यू एशिया एवं ओशिनिया ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारतीय ग्रैपलिंग टीम पूरी तरह तैयार होकर रवाना हो गई है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय ग्रैपलिंग संघ (जीएफआई) के चेयरमैन एवं राज्यसभा सांसद प्रोफेसर सिकंदर कुमार ने पूरे दल को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रोफेसर सिकंदर कुमार ने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का अवसर है जब भारतीय खिलाड़ी विश्वस्तरीय मंच पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय खिलाड़ी अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना के दम पर शानदार प्रदर्शन करेंगे तथा देश के लिए पदक जीतकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों, रेफरियों और टीम अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के लिए इसे गौरव का क्षण बताया। सांसद ने कहा कि प्रदेश के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन होना हिमाचल के खेल इतिहास के लिए बड़ी उपलब्धि है। इन खिलाड़ियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी जगह बनाई है और अब वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके चयन से न केवल उनके परिवारों और गृह जिलों में बल्कि पूरे प्रदेश के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

भारतीय ग्रैपलिंग संघ और खेल जगत को उम्मीद है कि भारतीय दल वियतनाम की धरती पर दमदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम करेगा। देशभर के खेल प्रेमियों की निगाहें अब इस प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां भारतीय खिलाड़ी एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं।


एशिया-ओशिनिया ग्रैपलिंग चैंपियनशिप के लिए रवाना होते खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

# निजी स्कूल के प्रिंसिपल पर छात्र से मारपीट करने का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मामला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के जुब्बल क्षेत्र में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल पर 13 वर्षीय छात्र से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस में दी गई शिकायत के मुताबिक जुब्बल तहसील के एक व्यक्ति का 13 वर्षीय बेटा पिछले तीन-चार वर्षों से जुब्बल स्थित एक निजी स्कूल के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा है। वह वर्तमान में आठवीं कक्षा का छात्र है।

शिकायत में पीड़ित छात्र के पिता ने बताया है कि 24 अप्रैल 2026 को उन्हें दूसरे अभिभावक से जानकारी मिली कि उनके बेटे के पैर में खेलते समय चोट लगी है। इसके बाद वह उसे उपचार के लिए रोहड़ू के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां जांच में घुटने के पास मांसपेशी में चोट (मसल टियर) पाई गई और पैर में प्लास्टर चढ़ाया गया। परीक्षाएं चल रही होने के कारण छात्र को दोबारा छात्रावास में छोड़ दिया गया।

परीक्षाएं समाप्त होने के बाद 4 मई को उसे घर लाया गया और स्वास्थ्य में सुधार होने पर 11 मई को फिर से छात्रावास भेज दिया गया। शिकायत के अनुसार 15 मई को स्कूल के एक कर्मचारी ने फोन कर बताया कि छात्र के पैर में फिर से तेज दर्द हो रहा है। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल रोहड़ू ले जाया गया, जहां दोबारा जांच में मांसपेशी में चोट पाए जाने पर पैर में फिर से प्लास्टर लगाया गया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि 23 मई को उन्हें एक अन्य छात्र ने फोन कर बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल अरुण ने छात्रावास के गलियारे में टूटे हुए बाथरूम के नल को लेकर उनके बेटे की पिटाई की। शिकायत के अनुसार प्रिंसिपल ने बच्चे को लात-घूंसों से मारा, जमीन पर गिराया और उसके पहले से घायल पैर पर जूते से वार किया। यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बारे में परिवार को न बताने के लिए बच्चे को धमकाया गया। शिकायत में कहा गया है कि इस घटना को स्कूल के कुछ शिक्षक और छात्रावास में रहने वाले अन्य छात्रों ने भी देखा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर जुब्बल थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2) और 351(2) तथा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के तहत दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रीष्मोत्सव में गूंजेगा कविता, गजल का स्वर

## हिंदी, पहाड़ी कवि सम्मेलन और श्यामला मुशायरा में जुटेंगे प्रदेश-देश के रचनाकार

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के अंतर्गत साहित्य और संस्कृति को समर्पित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में हिंदी कवि सम्मेलन, पहाड़ी कवि सम्मेलन तथा श्यामला मुशायरा का आयोजन गेयटी थिएटर सभागार में किया जाएगा। इन आयोजनों में हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित प्रतिष्ठित कवि, शायर और साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को साहित्यिक रसास्वादन कराएंगे। ग्रीष्मोत्सव समिति ने साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों से इन कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया है।

हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन 8 जून को दो सत्रों में होगा। प्रथम सत्र प्रातः 10:30 बजे तथा द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे आरंभ होगा। दोनों सत्रों में प्रदेश के वरिष्ठ और चर्चित कवि अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। समकालीन साहित्य, लोकजीवन, सामाजिक सरोकारों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित रचनाएं श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत की जाएंगी, जिससे साहित्यिक वातावरण और अधिक समृद्ध होगा।

इसके अतिरिक्त 9 जून को पहाड़ी कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें हिमाचल की लोकभाषाओं और पहाड़ी संस्कृति की झलक कविता के माध्यम से देखने को मिलेगी। वहीं 10 जून को आयोजित श्यामला मुशायरा ग़ज़ल और शायरी के रंग बिखेरेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आमंत्रित शायर अपनी नज़्मों और ग़ज़लों के जरिए श्रोताओं को अदबी माहौल का अनुभव कराएंगे। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन हिमाचल की समृद्ध साहित्यिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

**सहयोग** टोंगलेन ट्रस्ट को भूमि और वित्तीय सहायता देने का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने दिया आश्वासन

# वंचित बच्चों की शिक्षा का संबल बनेगी सरकार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार वंचित, बेसहारा व जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा एवं कल्याण के लिए कार्यरत संस्थाओं को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। इसी कड़ी में धर्मशाला स्थित टोंगलेन ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने ट्रस्ट के निदेशक थेरचिन ग्याल्तसेन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर विद्यालय के लिए भूमि पट्टे की मांग रखी। ट्रस्ट द्वारा संचालित यह विद्यालय समाज के उन बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करा रहा है, जिन्हें सामान्य परिस्थितियों में शिक्षा तक पहुंच बनाना कठिन होता है।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार ट्रस्ट के जनहितकारी कार्यों में पूरा सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को प्रतिमाह एक हजार रुपये तथा 14 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को 2,500 रुपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट द्वारा वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए किए जा रहे समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, सेवा और संवेदनशीलता से जुड़ी ऐसी पहलें समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार और सामाजिक संस्थाओं के बीच समन्वय समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा, ट्रस्टी दोरजे तथा पार्षद पलकित नेगी भी उपस्थित रहे।


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करते टोंगलेन ट्रस्ट के प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### द्रमण, छत्तड़ी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बिजली बोर्ड शाहपुर के असिस्टेंट इंजीनियर ने बताया कि 4 जून को उचित रखरखाव के चलते 11 केवी कोटला फीडर के तहत आते क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान आईटीआई द्रमण, द्रमण,, छत्तड़ी, भनियार जलारी, भरनोली, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, डिग्री कालेज, एचआईईटी कालेज, मंझग्रां, सिहूं सहित साथ लगते गांवों में सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली बाधित रहेगी।

### दाड़ी में विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। सरकारी विभाग में आउटसोर्स पर कार्यरत उक्त महिला का शव दाड़ी में फंसे से लटका मिला है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला पति से अलग अपने पिता के घर में रहती थी और पारिवारिक प्रताड़ना के कारण मानसिक रूप से परेशान थी। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है। शव का पोस्टमार्टम जोनल अस्पताल धर्मशाला में करवाने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिक्रम ठाकुर ने चौली और भरौली जदीद पंचायत में नवनिर्वाचित प्रधानों, उपप्रधानों और वार्ड पंचों को सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से मिली यह जिम्मेदारी बड़ी है और सभी प्रतिनिधियों को समर्पण के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। विधायक ने पंचायत चौली में इस बात पर प्रसन्नता जताई कि चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी एक मंच पर एकत्र होकर लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा को मजबूत कर रहे हैं।

### जनता ने दिखाई सरकार को बाहर की राह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर विधायक बिक्रम ठाकुर ने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक सफलता पर प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार की नीतियों से असंतुष्ट है और उसका विश्वास भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि चार नगर निगमों में से तीन मंडी, धर्मशाला और सोलन में भाजपा की जीत तथा जिला परिषद, बीडीसी और पंचायत स्तर पर मिली सफलता जनता के निर्णय को दर्शाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वे जनादेश का सम्मान करने के बजाय अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

### फल विधायन इकाई की मांग पर केंद्र को ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** कांगड़ा जिले के परागपुर, देहरा और चिंतपूर्णी क्षेत्र के बागबानों ने केंद्र और प्रदेश सरकार से परागपुर ब्लॉक में बड़े स्तर का फल प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने की मांग उठाई है। इस संबंध में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री को ज्ञापन भेजा गया, जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र में देशी आम, गलगल, नाशपाती, पपीता और संतरे की बंपर पैदावार होती है, लेकिन प्रसंस्करण इकाइयों के अभाव में हर वर्ष बागबानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने 1980 के दशक की ढलियारा सहकारी इकाई और देहरा केंद्र का उदाहरण देते हुए कहा कि अधिकांश योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गईं।

### सीवरेज पाइप को लेकर विरोध तेज

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला में सीवरेज कार्य में 4 इंच के लोहे के पाइपों के उपयोग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने इसे जनता के धन का दुरुपयोग बताया है। उन्होंने कहा कि लोहे के पाइप जल्द जंग लगने से अवरुद्ध हो जाएंगे, इसलिए इसके स्थान पर डेढ़ फुट व्यास के सीमेंट पाइप लगाए जाने चाहिए। पूर्व पार्षद अनीता सूद सहित कई स्थानीय लोगों ने भी इस पर आपत्ति जताई है। स्थानीय जनता ने सरकार से तत्काल सुधार की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### बीड़ में वोल्वो बसों से बढ़ रही ट्रैफिक समस्या

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** थाना प्रभारी बीड़ आदर्श बर्याल ने एसडीपीओ बैजनाथ को भेजी रिपोर्ट में बीड़ चोगान क्षेत्र में वोल्वो बसों के आवागमन से गंभीर यातायात समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्र की संकरी एकल लेन सड़क भारी बसों के लिए उपयुक्त नहीं है, फिर भी लगातार वोल्वो बसों की आवाजाही से जाम की स्थिति बन रही है। सुबह और शाम के समय हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जिससे एंबुलेंस और स्कूल बसों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। पुलिस ने लोक निर्माण विभाग को भी अवगत कराया है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों के बयान भी रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं।

# खड़ा डंडा मार्ग पर करमू मोड़ के पास न फंसेंगे वाहन और न लगेगा जाम

## होटल एसोसिएशन की ओर से मामला उठाने के बाद लोनिवि ने बिछाई टाइल्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज को धर्मशाला से जाने वाले खड़ा डंडा मार्ग पर करमू मोड़ के पास अब न वाहन फंसेंगे और न जाम की स्थिति उत्पन्न होगी। होटल एसोसिएशन द्वारा मामला उठाने उपरांत लोक निर्माण विभाग ने टाइल्स बिछा दी हैं।

करमू मोड़ के पास सड़क खराब होने के चलते वाहन चालकों को परेशानी होती थी। कई बार तो पर्यटक वाहन इस तरह से फंस जाते थे कि घंटों जाम की स्थिति बनी रहती थी। पर्यटकों द्वारा इस तरह की शिकायतें होटल उद्यमियों से की गई थी। इस पर होटल एसोसिएशन ने खड़ा डंडा मार्ग पर जगह-जगह टूटी सड़क का मामला लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर के समक्ष उठाया था, जिनके निर्देशों पर अब करमू मोड़ के पास जहां वाहन फंसने की समस्या बनी रहती थी, वहां टाइल्स डाल दी गई है, जिससे कि वाहन फंसने की वजह से लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। लोक निर्माण विभाग ने करमू मोड़ की टूटी सडक़ को भी इस माह के अंत तक पूरी तरह से ठीक करने का आश्वासन दिया है।



करमू मोड़ के पास बिछाई गई टाइल्स। अनंत ज्ञान

### सड़क की हालत लंबे समय से थी खराब

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष राहुल धीमान और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि करमू मोड़ के पास सड़क की हालत लंबे समय से बेहद खराब थी, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थान पर कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल भी हो चुके थे। वाहन फंसने के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी। इस समस्या को एसोसिएशन ने लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर के समक्ष उठाया, जिसके बाद विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से सुधार कार्य करवाया और प्रभावित हिस्से में टाइल्स बिछाई गईं। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ मामले में चाचा दोषी करार

अनंत ज्ञान

◆ तीन साल के कठोर कारावास की सजा, दस हजार रुपए जुर्माना

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक पोक्सो कोर्ट) विजय लक्ष्मी की अदालत ने स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा के साथ सुनसान रास्ते पर ले जाकर छेड़छाड़ और जबरन चूमने का प्रयास करने वाले आरोपी चाचा को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही दोषी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आईपीसी की धारा 506 के तहत भी दोषी को एक साल की कैद की सजा सुनाई गई है। उक्त दोनों ही सजाएं साथ-साथ चलेंगी। यह मामला 20 नवंबर 2023 का है। पुलिस को भेजी शिकायत में स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया था कि पीड़िता ने उन्हें रोते हुए एक लिखित शिकायत सौंपी थी। पीड़िता ने बताया था कि जब वह सुबह अपने घर से स्कूल जा रही थी, तो उसी के गांव के एक व्यक्ति (जो रिश्ते में उसका चाचा लगता था) ने उसे बहला-फुसलाकर अपनी दुकान में बुलाया। आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह बाजार जा रहा है और रास्ते में उसे स्कूल के बाहर छोड़ देगा। उसे स्कूल छोड़ने के बजाय एक सुनसान रास्ते पर ले गया, अश्लील हरकतें और छेडखानी की। पीड़िता ने जैसे-तैसे स्कूल पहुंचकर उसी समय पूरी आपबीती अपने प्रिंसिपल को बताई, जिसके बाद तुरंत हरिपुर थाने में मुकद्दमा दर्ज कराया गया। मामले की पैरवी सरकार की तरफ से उप जिला न्यायवादी (डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी) नवीना राही ने की। उन्होंने अदालत के समक्ष कड़े सबूत और एक-एक करके सभी 21 महत्वपूर्ण गवाह पेश किए।

# 105 युवाओं के सपनों को मिला सहारा कैप्टन संजय पराशर ने दिखाई नई राह



संजय पराशर ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को नौकरी की स्पांसरशिप प्रदान की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आज के दौर में जहां बेरोजगारी हजारों युवाओं के सपनों पर भारी पड़ रही है, वहीं कैप्टन संजय पराशर युवाओं के भविष्य को संवारने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में मुंबई में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान संजय पराशर ने मर्चेंट नेवी के विभिन्न पदों के लिए 105 युवाओं को नौकरी की स्पांसरशिप प्रदान कर उनके भविष्य को नई दिशा दी है। इस पहल से देश के अलग-अलग राज्यों के युवाओं को समुद्री क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिला है। पिछले एक वर्ष में संजय पराशर प्रदेश के 500 युवाओं को मर्चेंट नेवी में रोजगार दिला चुके हैं।

चयनित युवाओं में जसवां-प्रागपुर क्षेत्र सहित कई राज्यों के होनहार युवा शामिल हैं, जिनके सपनों को अब नई उड़ान मिलने जा रही है। कार्यक्रम में संजय पराशर ने कहा कि आज की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि युवाओं के आत्मविश्वास से भी जुड़ी है। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को सही अवसर और मार्गदर्शन देना भी जरूरी है। समारोह में चयनित युवाओं के अभिभावकों की आंखों में खुशी के आंसू देखने को मिले। परिवारों ने इसे अपने जीवन की नई शुरुआत बताया। वहीं युवाओं ने संजय पराशर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा और वे पूरी मेहनत व अनुशासन के साथ अपने दायित्व निभाएंगे।

# पठानिया ने किया शाहपुर हॉस्पिटल में अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को नागरिक अस्पताल शाहपुर में लगभग 28 लाख रुपए की लागत से स्थापित अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस नई सुविधा के शुरू होने से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ जवाली विधानसभा क्षेत्र तथा चंबा जिले के भटियात क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध न होने के कारण विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को जांच के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती थी।

अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रहा नागरिक अस्पताल शाहपुर का नया भवन लगभग तैयार हो चुका है और इसे शीघ्र ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा अस्पताल भवन के लिए 4 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि भी स्वीकृत की गई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी तथा अस्पताल आगमन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# धर्मशाला, मंडी और सोलन नगर निगम में हार पर मंथन करेगी कांग्रेस

◆ फेक्ट फाइंडिंग कमेटियां की गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला, मंडी और सोलन नगर निगम में मिली हार पर मंथन में कांग्रेस जुट गई है। चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से फैक्ट फाइंडिंग कमेटियां गठित कर दी गई हैं। फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों द्वारा चुनाव नतीजों का आकलन किया जाएगा, पार्टी वर्कर्स व स्थानीय नेतृत्व से संवाद कर कमेटियां अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर पार्टी शीर्ष नेतृत्व को सौंपेंगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सचिव विनोद जिंटा के अनुसार, धर्मशाला नगर निगम के चुनाव नतीजों की समीक्षा व आकलन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष करण सिंह पठानिया को कन्वीनर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमित भरमौरी, यशवंत खन्ना और मनमोहन कटोच को सदस्य नियुक्त किया गया है। मंडी नगर निगम के लिए गठित कमेटी में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष चेत राम ठाकुर को कन्वीनर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर, हरकिशन हिमराल व सत्यजीत नेगी को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह सोलन नगर निगम चुनाव नतीजों की समीक्षा व आकलन कन्वीनर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नंदा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव चंद्र शेखर शर्मा, यशपाल तनिक व धर्मेंद्र धामी के बतौर सदस्य वाली फैक्ट फाइंडिंग कमेटी करेगी।

# टांडा मेडिकल कॉलेज की डिस्पेंसरी व्यवस्था पर सवाल, मरीजों ने लगाए अभद्र व्यवहार के आरोप

अनंत ज्ञान

◆ डिस्पेंसरी स्टाफ के खिलाफ की जाए कार्रवाई

◆ डिस्पेंसरी में उपलब्ध करवाई जाएं जरूरी दवाइयां

**आशीष, दामिर, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में डिस्पेंसरी सेवाओं की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं। दूर-दराज और स्थानीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों ने आरोप लगाया है कि उन्हें दवाइयां लेने के लिए लंबे समय तक कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, बावजूद इसके कर्मचारियों का व्यवहार सहयोगात्मक नहीं रहता।

परिजनों परषोत्तम कुमार, लीला देवी, कंचन कुमारी, हेमा देवी, रूचि देवी और हेमराज सिंह सहित कई लोगों ने बताया कि घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि डिस्पेंसरी स्टाफ को नियमों के अनुसार व्यवहार करने के निर्देश दिए जाएं और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही लोगों ने यह भी मांग की है कि अस्पताल की डिस्पेंसरी में मरीजों को आवश्यक दवाइयां समय पर उपलब्ध करवाई जाएं ताकि उन्हें बाहर से दवाइयां न खरीदनी पड़ें। इस संबंध में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेक बुनियाल ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी और व्यवस्था को सुधारने के प्रयास किए जाएंगे।

# कांगड़ा घाटी रेल संघर्ष समिति के जनआंदोलन की बदौलत आंशिक रूप से बहाल हुई रेल सेवा: भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी, हिमाचल प्रदेश ने भाजपा के नेताओं द्वारा पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल सेवा की बहाली को हास्यास्पद तमाशा करार दिया है। मंगलवार को जारी प्रेस बयान में पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि जिस रेललाइन को 100 साल पहले अंग्रेजों ने मात्र तीन साल में बनाकर चालू कर दिया था, उसे यह वर्तमान केंद्र सरकार चार साल में पूरी तरह बहाल तक नहीं कर पाई।



कल्याण भंडारी ने कहा कि यह रेल सेवा किसी सरकार की मेहरबानी से नहीं, बल्कि कांगड़ा घाटी रेल संघर्ष समिति के खून-पसीने और जनआंदोलन की बदौलत आंशिक रूप से बहाल हुई है। लेकिन अफसोस जब श्रेय लेने की बारी आई, तो जनता के संघर्ष को दरकिनार कर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कांगड़ा-चंबा के सांसद राजीव भारद्वाज और स्थानीय विधायक पवन काजल मंच पर हरी झंडी थामकर श्रेयजीवी बनने की होड़ में सबसे आगे खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस पूरे मामले पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। अगर रेलवे और केंद्र सरकार ने चक्की पुल के स्थायी निर्माण और ट्रेनों की पूर्ण बहाली में जरा भी ढिलाई बरती, तो आप चुप नहीं बैठेगी। हम इस लड़ाई को कांगड़ा घाटी रेलवे संघर्ष समिति के साथ सड़कों से लेकर संसद तक लड़ेंगे। हिमाचल की जनता अब भाजपा के इस ढकोसले और छलावे को बर्दाश्त नहीं करेगी। हमें खोखला प्रचार नहीं, पारदर्शी और ठोस परिणाम चाहिए।

# दो कौड़ी के अध्यापक कहने के खिलाफ शिक्षक मुखर

◆ समाचार प्रसारण एवं डिजिटल मानक प्राधिकरण को भेजी शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दो कौड़ी के अध्यापक कहने के खिलाफ शिक्षक मुखर हो गए हैं। समाचार प्रसारण एवं डिजिटल मानक प्राधिकरण को एक बारे औपचारिक शिकायत भेजी है। राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने इस बारे एक लिखित शिकायत राष्ट्रीय समाचार चैनल पर प्रसारित एक कार्यक्रम से संबंधित है। शिकायत में आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के लिए दो कौड़ी के शिक्षक जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। इस प्रकार की टिप्पणी से शिक्षक समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। इससे शिक्षकों की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला हैं। शिक्षक केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।हीर ने कहा कि राष्ट्रीय मीडिया मंचों पर किसी भी वर्ग के प्रति सम्मानजनक भाषा का प्रयोग होना चाहिए। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन सामाजिक मर्यादा और पेशेवर सम्मान बनाए रखना भी आवश्यक है ।संघ ने समाचार प्रसारण एवं डिजिटल मानक प्राधिकरण से मामले की जांच करने की मांग की है। साथ ही भविष्य में शिक्षकों के प्रति सम्मानजनक और संतुलित संवाद सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। विजय हीर ने कहा कि यह कदम शिक्षक समुदाय की गरिमा और सम्मान की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से उठाया गया है।

# सड़क किनारे पेयजल पाइपलाइन बिछाने के 15 दिन बाद भी नहीं दबाई, बनी खतरा

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** आरा चौक से जौड़बड़ सड़क मार्ग पर बाथू के समीप जल शक्ति विभाग की ओर से बिछाई गई मुख्य पेयजल पाइपलाइन इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। लगभग 4 इंच पेयजल की यह मुख्य पाइपलाइन करीब एक किलोमीटर तक सड़क किनारे खुले में पड़ी हुई है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। पाइपलाइन को बिछाए हुए करीब 15 दिन का समय बीत चुका है, लेकिन इसे अभी तक जमीन के अंदर नहीं दबाया गया है। यह सड़क क्षेत्र की महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में से एक है, जहां दिनभर दोपहिया, कारों तथा अन्य वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।




सड़क के किनारे खुले में पड़ी पाइपलाइन के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि कोई वाहन चालक संतुलन खो देता है तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। मामले ने अब विभागीय स्तर पर भी हलचल पैदा कर दी है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग डाडा सीबा के सहायक अभियंता नितेश कौंडल ने कहा कि सड़क किनारे इस प्रकार मुख्य पाइपलाइन का खुला पड़ा होना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। संबंधित विभाग को चाहिए कि पाइपलाइन को जल्द से जल्द हटाया जाए अथवा भूमिगत कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उधर, जल शक्ति विभाग प्रागपुर के अधिशाषी अभियंता प्यारेलाल ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि संबंधित कनिष्ठ अभियंता को पाइपलाइन को जमीन के अंदर दबाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

BHALEI MATA HOSPITAL
आँखों का अस्पताल
सरोल तहसील, जिला चम्बा (हि.प्र.)
(फेको/लेजर एवं रेटिना सेंटर)
जिला चम्बा का पहला अस्पताल जिसमें रेटिना केयर व बिना चीरा, बिना टांका, बिना टीका लगाए फेको / लेजर विधि द्वारा मोतियाबिंद के लेंस वाले ऑपरेशन किए जाते हैं।
आपकी आँखें हमारी ज़िम्मेदारी
उन्नत तकनीक और अनुभवी चिकित्सा से पाएं बेहतर और सुरक्षित नेत्र उपचार।



उपलब्ध सुविधाएँ
❖ मोतियाबिंद (सफेद मोतिया) का आधुनिक लेजर उपचार
❖ रेटिना की सभी बीमारियों का इलाज
❖ लेजर द्वारा चश्मे से छुटकारा (लेसिक)
❖ आँखों की जाँच एवं परामर्श
❖ कॉन्टेक्ट लेंस की सुविधा
❖ डायबिटिक रेटिनोपैथी की जाँच व इलाज
❖ ग्लूकोमा (काला मोतिया) की जाँच व इलाज
यदि आपको ये लक्षण हैं तो तुरंत जाँच कराएँ
❖ धुंधला दिखना ❖ आँखों में दर्द
❖ पानी आना /लाल होना ❖ रोशनी में तकलीफ
❖ चश्मे का नंबर बार-बार बदलना
❖ काले धब्बे या फ्लैश दिखना
FACILITIES AVAILABLE
❖ CATARACT SURGERY WITH PHACO/LASER
❖ GLAUCOMA SURGERY
❖ MEDICAL & SURGICAL RETINA
❖ O.C.T ❖ ND YAG LASER ❖ NCT
CONSULTANTS
Dr. Bipin Thakur
MBBS DO'MS (Eye Surgeon)
Ex. Medical Superintendent
Pt. Jawahar Lal Nehru Medical College Chamba (H.P.)
Ex. Chief Medical Officer Chamba (H.P.)
Dr. Varun Sharma
MBBS MS (Ophthaimology)
Phaco Surgeon
Dr. Amitoj Singh
MBBS MS (Ophthalmology)
(DMC Ludhiana)
Phaco & Vitreoretinal Surgeon





Dr. Bipin Thakur
MBBS, DO (MS)
(Eye Surgeon)
E-mail: Bmhsarol@gmail.com
Mob.: 8102519951
अपनी आँखों की नियमित जाँच कराएँ, क्योंकि दृष्टि अनमोल है !
आज ही अपॉइंटमेंट लें - 8102519951
सरोल, तहसील सरोल, जिला चम्बा (हि.प्र.)

# नीट पेपर लीक मामले में जिला कांग्रेस ने गांधी चौक पर दिया धरना

## दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व केंद्रीय शिक्षा मंत्री से त्यागपत्र देने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर में आज नीट पेपर लीक मामले में सम्मिलित देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जा रहे हैं। मंगलवार को हमीरपुर के गांधी चौक पर जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना-प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के आरोप लगाए।

कांग्रेस पार्टी ने नीट पेपर लीक मामले में सम्मिलित दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के ढुलमुल रवैये पर उनके त्यागपत्र की मांग की। इस मुद्दे पर जिला कांग्रेस ने डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर नित घोटाले मामले की निष्पक्षता से जांच करने की मांग भी की । प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा, हिमाचल कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन कुलदीप पठानिया, पूर्व विधायक अनिता वर्मा, कांग्रेस वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, जिला एससी कांग्रेस सेल के अध्यक्ष होशियार सिंह, जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों में दूसरों के खिलाफ कार्रवाई करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रपति को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजकर अपनी मांगों से अवगत भी करवाएगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल किस मुद्दे पर विरोध कर रहे हैं, लेकिन अब देश के युवा छात्र भी इसके खिलाफ खड़े हो गए हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार हो रहे पेपर लिखकर मामलों के चलते युवा डिप्रेशन में जा रहे हैं और कई जगह पर आत्महत्या भी कर चुके हैं लेकिन सरकार कोई उचित कदम नहीं उठा रही है ।


गांधी चौक पर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी। अनंत ज्ञान

# भगवती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने जलाड़ी, पट्ठामें रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में वनों में आग न लगाने के लिए जागरूक किया। रैली में इशिका, निशांत, आकृति, आक्षित , अनिका, आहान, अंशुमान, प्रांचल, आर्यन, परीक्षित, मन्नत, अदिति, आरुषि, अनिकेत, सारांश, वंशिका, आरव, मनुवर,नंदिनी, आशीष,नक्ष, अनिकेत,वंश, कशिश,मानव,रितिक, तुषार, ईशिता, अनीश, एंजल, आदित्य, अंकिता, निशांत, आदित्य, रिधिमा और अध्यापकों में अभिनेय, अंजू तथा जीवन कुमार, निखिल ने भाग लिया तथा प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम-प्रकुति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए है। अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने कहा कि पर्यावरण में आ रहे दिन-प्रतिदिन बदलाव हम सब के सामने एक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या मनुष्य द्वारा उत्पन्न की गई है। हमें दिखावे की संस्कृति से बाहर आना चाहिए तथा हमें प्रकृति द्वारा प्राप्त संसाधनों का उचित प्रयोग करना चाहिए।

# पीएचसी भरेड़ी के समीप पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य शुरू


लंबे समय से पानी भरने और सड़क के क्षतिग्रस्त होने की समस्या बनी हुई थी।

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज लोक निर्माण विभाग द्वारा बस्सी से तत्ताहर सड़क मार्ग पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भरेड़ी के समीप पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से इस हिस्से में बरसात के दौरान पानी भरने और सड़क के क्षतिग्रस्त होने की समस्या बनी हुई थी, जिससे स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी। इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों और उखड़ी हुई सड़क सतह के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। खासकर पीएचसी आने वाले मरीजों, एंबुलेंस सेवाओं और दैनिक यात्रियों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब पेबर ब्लॉक बिछाए जाने से सड़क की स्थिति में सुधार होने और यातायात अधिक सुरक्षित व सुगम बनने की उम्मीद है।

स्थानीय लोगों ने इस कार्य का स्वागत करते हुए मांग की है कि शेष छोड़े गए हिस्सों में भी शीघ्र कार्य पूरा किया जाए। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्य निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता अनुसार आगे कार्रवाई की जा सके और सड़क को पूरी तरह दुरुस्त बनाया जा सके।

# जिला परिषद सदस्यों ने विधायक आशीष के साथ गसोता महादेव मंदिर में नवाया शीश


जीत के बाद जिला परिषद सदस्यों ने गसोता महादेव मंदिर में टेका माथा।

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला परिषद चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद भाजपा समर्थित नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य सुरेश सोनी, सोनी कुमार और रोहित शर्मा उर्फ हैप्पी पहलवान ने विधायक आशीष शर्मा के साथ गसोता महादेव मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की विकास नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की तीनों जिला परिषद सीटों पर मिली सफलता संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा सभी नवनिर्वाचित सदस्य पूरी निष्ठा से जनसेवा करेंगे।

गौरतलब है कि चमनेड, जंगलरोपा और ताल वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसके बाद विभिन्न पंचायतों से नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी विधायक से मुलाकात की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कई पंचायत प्रधान, उपप्रधान और पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे। विधायक ने सभी को बधाई देते हुए विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जीत का उत्साह भी साझा किया गया।

# नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने लिया पूर्व मुख्यमंत्री धूमल से आशीर्वाद


समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री धूमल से मिलने पहुंचे विजेता जनप्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में जिला हमीरपुर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद विजयी जनप्रतिनिधियों का पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मिलने का सिलसिला लगातार जारी है।

समीरपुर स्थित उनके आवास पर नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों, बीडीसी सदस्यों, पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों और अन्य प्रतिनिधियों की आमद प्रतिदिन देखी जा रही है, जो राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। मंगलवार को भी विभिन्न पंचायतों से कई नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने प्रो. धूमल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इनमें उहल वार्ड की जिला परिषद सदस्य ज्योति ठाकुर, पौंहज वार्ड की बीडीसी सदस्य सुषमा देवी, भरेड़ा पंचायत की प्रधान अनुबाला, चरियां दी धार की प्रधान सुमना देवी, उपप्रधान ओमकार चंद, टपरे के उपप्रधान हरनाम चंद तथा जंडाड़ के उपप्रधान सचिन राणा शामिल रहे। इसके अलावा दिम्मी पंचायत के प्रधान राकेश कुमार भी समर्थकों सहित समीरपुर पहुंचे। वहीं धमरोल और बधाणी वार्डों से भी एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल प्रो. धूमल से मिला, जिसमें जिला परिषद सदस्य रजनी देवी, अनीता शर्मा सहित कई प्रधान, उपप्रधान और बीडीसी सदस्य शामिल थे। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने सभी को जीत की बधाई देते हुए जनहित, पारदर्शिता और गांवों के समग्र विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

# तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षाएं कल से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर व संबंधित शिक्षण संस्थानों में चार जून से बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमटेक, एम फार्मेसी सहित सभी स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) विषयों के सेमेस्टर परीक्षा व री-अपीयर परीक्षा शुरू होगी। तकनीकी विवि ने परीक्षा को लेकर तैयारियों पूरी कर ली है। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि चार जून से चार जुलाई तक सुबह और सायं के सत्र में परीक्षाएं प्रस्तावित की है। परीक्षाओं के लिए प्रदेश में 39 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त परीक्षाओं में नियमित सेमेस्टर के 16373 और री-अपीयर के 12015 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इसके अलावा विशेष मौका जिन विषयों के अभ्यर्थियों को दिया हैं, उनकी संख्या 22 है। परीक्षा से संबंधित सभी परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था को लेकर शिक्षण संस्थानों को सूचित कर दिया है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई कोताही न हों, इस बारे संबंधित शिक्षण संस्थानों को हिदायत दी गई है। परीक्षाएं जुलाई माह के पहले सप्ताह तक चलेगी।

# विधायक रणजीत सिंह से मिले नवनिर्चाचित पंचायत प्रतिनिधि



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** जंदरु पंचायत से नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य तथा पटनौण के प्रधान ने विधायक कप्तान रणजीत सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों का शॉल व पारंपरिक टोपी पहनाकर सम्मान किया तथा उन्हें जनसेवा में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास प्राप्त कर चुने गए प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी जनप्रतिनिधि विकास कार्यों और जनकल्याण योजनाओं को प्राथमिकता देंगे।

# चमियाणा पंचायत में उपप्रधान ने अपने पैसे से जेसीबी लगाकर चौड़ी करवाई सड़क

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चमियाणा के नवनिर्वाचित उप प्रधान विक्रम सिंह ने पदभार संभालते ही विकास कार्यों की शुरुआत कर दी है। उन्होंने सरकारी बजट का इंतजार किए बिना अपने निजी खर्च पर धिरड़ गांव में महिला मंडल भवन तक पहुंचने के लिए जेसीबी मशीन से 12 फुट चौड़ी सड़क खुलवा दी। इस कार्य से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी है, क्योंकि अब महिला मंडल भवन तक पहुंचना आसान हो गया है और गतिविधियों के संचालन में सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने उनके इस कदम की सराहना की है। उप प्रधान विक्रम सिंह, जो पूर्व सैनिक हैं, ने कहा कि पंचायत विकास उनकी प्राथमिकता है और वे चुनावी वादों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# मैहरे में चेन स्नेचिंग के आरोप में 3 महिलाएं हिरासत में, पूछताछ जारी

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के अंतर्गत मैहरे बाजार में तीन महिलाओं को चैन स्नेचिंग के आरोप में भीड़ ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, मीरा कुमारी पत्नी स्व राकेश कुमार कनोह गांव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि बस में चढ़ने के दौरान बाहरी राज्यों की महिलाओं द्वारा पीछे से उसकी सोने की चेन काट ली गई। उसे जब अपने साथ हुई इस घटना के बारे में एहसास हुआ तो उसने शोर मचाया तथा आसपास के लोगों ने तीन महिलाओं को मौके पर पकड़ लिया, जबकि एक महिला बच्चे सहित फरार हो गई। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा के मुताबिक पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन महिलाओं को हिरासत में ले लिया है। इनके कुछ साथी फरार हैं अभी तक चेन बरामद नहीं हो पाई है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एनआईटी में 25 साल बाद जुटेंगे 1997-2001 बैच के पूर्व छात्र

◆ **रजत जयंती पूर्व छात्र सम्मेलन 5 व 6 जून को**

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर अपने 1997-2001 के स्नातक बैच (12वें बैच) के रजत जयंती पूर्व छात्र सम्मेलन की मेजबानी 5 और 6 जून को करने जा रहा है, जो पूर्व छात्रों के लिए उनकी स्नातक यात्रा के 25 वर्ष पूरे होने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह आयोजन देश और विदेश से पूर्व छात्रों को एक साथ लाएगा, जिससे उन्हें अपने शिक्षण संस्थान, सहपाठियों, संकाय सदस्यों और संस्थान समुदाय से पुनः जुड़ने का अवसर मिलेगा। पूर्व छात्र सम्मेलन हमेशा एक विशेष अवसर होता है, क्योंकि यह हमें उन व्यक्तियों से पुनः जोड़ता है, जिन्होंने इस संस्थान का नाम, मूल्य और प्रतिष्ठा देश और दुनिया के विभिन्न कोनों तक पहुंचाई है। यह आजीवन संबंधों, संजोई यादों और संस्थान तथा उसके पूर्व छात्रों के बीच अटूट बंधन का उत्सव है। वर्षों से 1997-2001 बैच के सदस्यों ने उद्योग, शिक्षा, प्रशासन, उद्यमिता, अनुसंधान और सार्वजनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के माध्यम से अपनी पहचान बनाई है। उनकी पेशेवर उपलब्धियां आज के छात्रों को प्रेरित करती रहती हैं और संस्थान को अपार गौरव और सम्मान दिलाती हैं। रजत जयंती पूर्व सम्मेलन पूर्व छात्रों को अपने अनुभव साझा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और संस्थान के साथ गहन जुड़ाव के अवसरों की खोज करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम छात्रों के मार्गदर्शन, अकादमिक और अनुसंधान पहलों के समर्थन, उद्योग जगत के साथ संपर्क स्थापित करने और संस्थान के समग्र विकास में योगदान देने में पूर्व छात्रों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर करेगा।

# 15 जून तक खुद डाटा भरेंगे तो तेजी से पूरी होगी जनगणना

## उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने की जिलावासियों से अपील, 15 तक खुला रहेगा स्वगणना पोर्टल

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि वे भारत की जनगणना की प्रक्रिया के तहत स्वगणना पोर्टल एसई.सेन्सस.जीओवी.इन पर अपना डाटा स्वयं भरें। इससे जनगणना की प्रक्रिया बहुत ही आसानी, सटीकता एवं तेजी के साथ पूरी की जा सकेगी। स्वगणना के संबंध में मंगलवार को यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यशाला में गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि जिले में भी जनगणना की प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा किया जाना है।

पहले चरण में इस वर्ष 16 जून से 15 जुलाई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण एवं मकान गणना करेंगे। इसके बाद अगले वर्ष वास्तविक जनगणना की जाएगी।

डीसी ने बताया कि इस बार की जनगणना की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया है और इसमें लोगों को कंप्यूटर-लैपटॉप या मोबाइल से ऑनलाइन स्वयं की जानकारी अपलोड करने का विकल्प भी दिया गया है। इसके लिए स्वगणना पोर्टल पहली जून से 15 जून तक खोला गया है। सभी परिवारों के मुखिया या अन्य लोग 15 जून तक अपने मकानों एवं भवनों से संबंधित जानकारी स्वयं इस पोर्टल पर भर सकते हैं। इसकी प्रक्रिया बहुत ही आसान है और इसे कुछ मिनटों में ही पूरा किया जा सकता है। इसके पूरा होते ही संबंधित व्यक्ति की एक आईडी जनरेट होगी। संबंधित व्यक्ति इस आईडी को अपने मोबाइल में रखें और 16 जून से 15 जुलाई के बीच जब प्रगणक मकानों के सूचीकरण के लिए आएंगे तो उन्हें यह आईडी दिखानी होगी। इससे प्रगणकों का कार्य बहुत ही आसान हो जाएगा और जनगणना की पूरी प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। कार्यशाला के दौरान जनगणना निदेशालय शिमला की ओर से नियुक्त जिला नोडल अधिकारी अजय सोलंकी ने अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों और अन्य लोगों को स्वगणना पोर्टल में एंट्री की जानकारी दी तथा इनसे मौके पर ही डाटा अपलोड करवाकर आईडी जनरेट करवाई। इस अवसर पर एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।


उपायुक्त कार्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन। अनंत ज्ञान

# दंदवीं की पूर्व पंचायत से मांगा पांच वर्षों का हिसाब

◆ **चाय-पानी, स्वागत-सत्कार और बैठकों के नाम पर पास बिलों का दें ब्यौरा : पवन कालिया**

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** दंदवीं पंचायत के पूर्व प्रतिनिधियों के कार्यकाल को लेकर क्षेत्र में कई गंभीर सवाल उठने लगे हैं। पंचायत के कुछ जागरूक नागरिकों ने पिछले पांच वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों, खर्च किए गए बजट और पंचायत निधियों के उपयोग का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की है। लोगों ने आरोपों और आशंकाओं के आधार पर पूछा है कि क्या प्रधान, उपप्रधान और कुछ वार्ड पंचों द्वारा अपने घरों या निजी हितों से जुड़े कार्यों जैसे सड़क, सोलर लाइट, वाटर टैंक और रिटेनिंग वॉल आदि पर पंचायत निधि खर्च की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी गई है। बड़सर क्षेत्र के कांग्रेस नेता पवन कालिया ने भी प्रधान से आग्रह किया है कि वे सभी कार्यों का स्पष्ट हिसाब जनता के सामने रखें। साथ ही उपप्रधान और वार्ड पंच दंदवीं व सरियाना से भी अपने-अपने क्षेत्रों में हुए कार्यों का ब्यौरा देने की मांग की गई है। इसके अलावा चाय-पानी, रिफ्रेशमेंट, बैठक और स्वागत-सत्कार जैसे मदों में खर्च हुई राशि पर भी सवाल उठे हैं। साथ ही यह भी पूछा गया है कि कुल बजट में से कितना धन खर्च नहीं हो पाया और वापस चला गया। लोगों ने चुनावी वादों, विशेषकर प्रधान की कथित वेतन राशि को विकास कार्यों में लगाने की बात पर भी स्पष्टीकरण की मांग की है।

# पंचायत समिति चुनाव में मिली जीत पर कुलदीप ने जताया जनता का आभार


शानदार जीत दर्ज करने पर कुलदीप कुमार ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया।

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** पंचायत समिति भोरंज के धमरोल निर्वाचन क्षेत्र से शानदार जीत दर्ज करने वाले कुलदीप कुमार ने क्षेत्र की समस्त जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्हें इस चुनाव में 1829 मत प्राप्त हुए, जो क्षेत्रवासियों के अपार विश्वास और समर्थन को दर्शाता है।

विजय के बाद कुलदीप कुमार ने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि धमरोल क्षेत्र की जागरूक जनता, युवाओं, माताओं-बहनों, बुजुर्गों और सभी समर्थकों की सामूहिक जीत है।

उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने भावुक होकर कहा कि मैं धमरोल क्षेत्र की जनता का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। आपका प्यार, आशीर्वाद और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं क्षेत्र के विकास, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य करता रहूंगा। कुलदीप ने चुनाव अभियान में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब समय राजनीति से ऊपर उठकर विकास की दिशा में मिलकर काम करने का है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्रमुखता से आगे बढ़ाने की बात कही, ताकि धमरोल क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके।

# हमीरपुर में लघु रोजगार मेला 11 को, 445 पदों पर भर्ती का अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में 11 जून को सुबह 10 बजे लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल 445 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बद्दी की कंपनी माइलस्टोन गियर्स लिमिटेड मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन एवं क्वालिटी ट्रेनी के 300 पदों के लिए भर्ती करेगी। इसके लिए 12वीं पास या संबंधित आईटीआई, डिप्लोमा व बीटेक योग्य पुरुष उम्मीदवार (18-25 वर्ष) पात्र होंगे। एचएमसी-ई वैली प्राइवेट लिमिटेड भी तकनीकी पदों पर 45 भर्ती करेगी, जबकि एसआईएस इंडिया लिमिटेड सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती करेगी। इन पदों के लिए 10वीं पास से लेकर अन्य योग्य उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को 14,000 से 24,000 रुपए तक वेतन के साथ ईपीएफ, ईएसआई व अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

# हमीरपुर की लड़कियों और उद्यमियों को नई राह दिखाएगा 'नवदिशा' सम्मेलन

◆ **6 जून को बचत भवन में आयोजित होगा शिक्षा एवं ग्रामीण उद्यमिता सम्मेलन**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन हमीरपुर, स्वयंसेवी संस्था वीनस फाउंडेशन और प्रसिद्ध ऑनलाइन कोचिंग संस्थान फिजिक्सवाला के सहयोग से 6 जून को यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर के बचत भवन में शिक्षा एवं ग्रामीण उद्यमिता सम्मेलन 'नवदिशा' आयोजित करने जा रहा है। डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जिला हमीरपुर की लड़कियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तथा भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप तैयार करना है। उन्होंने बताया कि 6 जून को सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक के सत्र में छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी, जबकि दोपहर बाद 2 बजे से साढ़े तीन बजे तक ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमियों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र की विभिन्न संभावनाओं से अवगत करवाया जाएगा। उपायुक्त ने छात्राओं और अपने उद्यम लगाने की इच्छुक महिलाओं एवं युवाओं से इस सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

## मोरसू सुल्तानी में मांगा परिवार पर 21 साल से जनता का भरोसा कायम

# रचना देवी प्रधान और राजेश मांगा बने बीडीसी

अनंत ज्ञान


गरीबों की सेवा से जीता दिल, जनता ने फिर सौंपा नेतृत्व का दायित्व।

**एसके ठाकुर, बड़सर।** 'जब ईश्वर देता है तो छप्पर फाड़कर देता है' यह कहावत मोरसू सुल्तानी के राजेश मांगा और रचना देवी के परिवार पर पूरी तरह चरितार्थ होती है। हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में रचना देवी दूसरी बार पंचायत प्रधान चुनी गईं, जबकि राजेश मांगा वार्ड से बीडीसी सदस्य निर्वाचित हुए। यह उपलब्धि परिवार की वर्षों की जनसेवा और लोगों के विश्वास का परिणाम है।

मांगा परिवार की सबसे बड़ी पहचान गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा रही है। इसी कारण यह परिवार क्षेत्र के लोगों के दिलों में विशेष स्थान रखता है। पंचायत मोरसू सुल्तानी में पिछले लगभग 21 वर्षों से नेतृत्व की जिम्मेदारी इसी परिवार के पास रही है। वर्ष 2005 में राजेश मांगा पहली बार 28 मतों से प्रधान बने। वर्ष 2011 में उन्होंने 187 मतों से जीत दर्ज की, जबकि 2016 में तीसरी बार प्रधान बनते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को लगभग 594 मतों से हराया। वर्ष 2021 में राजेश मांगा जिला परिषद सदस्य चुने गए और उन्होंने लगभग 2800 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। इसी अवधि में रचना देवी पहली बार प्रधान बनीं। अब वर्ष 2026 में उन्होंने लगातार दूसरी बार प्रधान पद जीतकर जनता का भरोसा फिर से प्राप्त किया है। वहीं राजेश मांगा ने बीडीसी चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को लगभग 900 मतों से पराजित किया। राजेश मांगा का कहना है कि चुनाव जीतना आसान हो सकता है, लेकिन लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही असली चुनौती है। उनका मानना है कि 24 घंटे जनता के साथ जुड़ाव और निरंतर जनसेवा ही उनकी सफलता का आधार है। यही कारण है कि जनता ने वर्षों से इस परिवार पर अपना विश्वास बनाए रखा है।

# बक्कर खड्ड में बेखौफ हो रहा अवैध खनन

## दिन ढलते ही छलनी हो रही संधोल की खड्ड, प्रशासन और पुलिस बने हैं मूकदर्शक

अनंत ज्ञान




**रितेश चौहान, सरकाघाट।** जिला मंडी और हमीरपुर की सीमा पर स्थित संधोल की बक्कर खड्ड इन दिनों अवैध खनन माफियाओं के निशाने पर है। दिन ढलते ही खड्ड क्षेत्र में शुरू होने वाली गतिविधियां पूरी रात जारी रहती हैं, जहां भारी मशीनों व वाहनों के जरिए खुलेआम प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। रात के अंधेरे में खड्ड में खनन माफिया कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई सवालों के घेरे में नजर आ रही है।

बताया जा रहा है कि देर रात तक टिप्पर, ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहन खड्ड क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। अवैध रूप से रेत, बजरी और अन्य खनिज सामग्री निकाली जा रही है, जिससे बक्कर खड्ड का प्राकृतिक स्वरूप तेजी से बिगड़ता जा रहा है। लगातार हो रहे इस अवैध खनन से पर्यावरणीय संतुलन पर भी खतरा गहराने लगा है। खड्ड के किनारों का कटाव बढ़ने के साथ-साथ भविष्य में बरसात के मौसम में नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस अवैध कारोबार पर प्रशासन और खनन विभाग प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहे। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की चर्चाएं होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। यही कारण है कि खनन माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। संधोल क्षेत्र में बक्कर खड्ड का लगातार हो रहा अवैध दोहन अब चिंता का विषय बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में पर्यावरण, जल स्रोतों और प्राकृतिक संरचना को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब जरूरत इस बात की है कि प्रशासन रात के समय विशेष निगरानी अभियान चलाकर अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि प्राकृतिक संपदा को बचाया जा सके।

### हर हाल में सहन नहीं होगा अवैध खनन : एसडीएम

**एसडीएम** धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने कहा अवैध खनन रोकने को लेकर प्रशासन मुस्तैद है हर एक विभाग को खनन रोकने को लेकर सरकुलेशन लेटर जारी किए गए हैं अब उनसे इसकी प्रगति रिपोर्ट भी मांगी जाएगी अवैध खननकारियों को किसी भी हाल में सहन नहीं जाएगा।

### कोर्ट के आदेशों के बाद भी नींद में प्रशासन

**माननीय** हाई कोर्ट ने अरसा पहले प्रदेश भर की सभी करो पर अवैध खनन रोकने को लेकर प्रशासन को सभी विभागों की कमेटी या बनाकर चालान करने के आदेश दिए थे परंतु माननीय हाई कोर्ट के यह आदेश आज भी अधिकारियों की फाइलों में धूल फांक रहे हैं एक आध बार पुलिस कार्रवाई करती है फिर पूरा महीना खननकारी बे खौफ खनन करते रहते हैं परंतु कोई भी प्रशासनिक अधिकारी ने रोकने की सहमत नहीं उठा पाता।

### पुलिस के साथ करेंगे चालान : तहसीलदार

**तहसीलदार** संभल प्रिंस दीवान ने कहा कि उन्होंने अभी हाल ही में ज्वाइन किया है पंचायत चुनाव के चलते काफी व्यस्त रहे अब पुलिस से साथ मीटिंग करके बाकायदा प्लान बनाया जाएगा कि खनन कैसे रोके और औचक निरीक्षण शुरू किए जाएंगे।

# सरकाघाट में नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ समारोह 8 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के नव-निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून को प्रात: 11:30 बजे नगर परिषद कार्यालय सरकाघाट के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपमंडलीय अधिकारी (नागरिक) एवं अधिकृत अधिकारी सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन अधिनियम, 2015 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार नव-निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) एवं उपायुक्त मंडी द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप संपन्न करवाई जाएगी। राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत नगर परिषद सरकाघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया आयोजित करने के संबंध में बैठक की तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित करने की आवश्यक औपचारिकताएं भी पूरी की जाएंगी।

# प्रत्याशी ने उठाई जिला परिषद थौना वार्ड की पुनर्मतगणना करवाने की मांग

- रजनी देवी ने जिला उपायुक्त को सौंपा शिकायत पत्र
- मतगणना प्रक्रिया में लगाए अनियमितताओं के आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद थौना वार्ड-29 के चुनाव परिणाम को लेकर नया विवाद सामने आया है। वार्ड से चुनाव लड़ चुकी प्रत्याशी रजनी देवी ने मतगणना प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिला उपायुक्त मंडी को शिकायत पत्र सौंपकर पुनर्मतगणना करवाने की मांग की है।

रजनी देवी का आरोप है कि मतगणना के शुरुआती दो चरणों में वह बढ़त बनाए हुए थीं, लेकिन तीसरे चरण की मतगणना के दौरान प्रक्रिया में अचानक बदलाव किया गया और बिना उम्मीदवारों तथा उनके एजेंटों की मौजूदगी के मतगणना आगे बढ़ाई गई। शिकायत पत्र में उन्होंने कहा है कि मतगणना के लिए प्रारंभ में निर्धारित टेबलों की संख्या बाद में बढ़ा दी गई, जबकि एजेंटों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उनके पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई तो उसे स्वीकार नहीं किया गया तथा कुछ एजेंटों को वहां से हटा दिया गया। रजनी देवी के अनुसार अंतिम परिणाम तैयार करते समय उम्मीदवारों और एजेंटों के हस्ताक्षर भी नहीं लिए गए। उन्होंने यह भी दावा किया है कि पुनर्मतगणना की मांग को लेकर उन्होंने मौके पर ही लिखित आवेदन दिया था, लेकिन बाद में बिना पुनर्मतगणना कराए परिणाम घोषित कर दिया गया।

शिकायत में उन्होंने आशंका जताई है कि मतगणना के दौरान गड़बड़ी हुई है, जिसके कारण चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ। रजनी देवी ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर पुनर्मतगणना कराने की मांग की है ताकि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जनता का विश्वास बना रहे।

# बरोट-शिमला बस सेवा हो बहाल

## चौहार व छोटाभंगाल घाटी के लोगों ने शीघ्र कार्रवाई की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी के बरोट से राजधानी शिमला तक चलने वाली सरकारी बस सेवा को पुन: बहाल करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। चौहार घाटी के साथ-साथ छोटा भंगाल घाटी के लोगों ने भी प्रदेश सरकार और हिमाचल पथ परिवहन निगम से इस महत्वपूर्ण बस सेवा को शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बस सेवा के बंद होने के कारण दोनों घाटियों के निवासियों को शिमला जाने के लिए पहले 30 से 50 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित घटासनी पहुंचना पड़ता है, जिसके बाद उन्हें राजधानी के लिए बस मिलती है। इससे यात्रियों का कीमती समय और अतिरिक्त धन दोनों खर्च होते हैं।

स्थानीय निवासियों वजिंद सिंह, दान, राम सिंह, विनोद कुमार, रामसरन चौहान, चमेल चौहान, हरी गोपाल, कर्म चंद, सुनील कुमार, मस्त राम, नानक चंद और अर्जुन सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि करीब डेढ़ दशक पूर्व क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए बरोट-शिमला बस सेवा शुरू की गई थी। इससे घाटी के लोगों को राजधानी तक सीधी और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलता था, लेकिन बाद में इस सेवा को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, न्यायालयों और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए शिमला जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घाटीवासियों का कहना है कि महिलाओं, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए यह समस्या और भी गंभीर है। लोगों में इस मुद्दे को लेकर सरकार और निगम प्रबंधन के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए बरोट से शिमला के लिए सीधी सरकारी बस सेवा को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

# नगवाहन गांव में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा आरंभ

**अनंत ज्ञान, महादेव।** कारगिल शहीद राजेश कुमार चौहान धनोटू चौक के निकट गांव नगवाहन में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को शुभारंभ हो गया।सनातन धर्मी हीरा सिंह, निर्मला देवी और अजय कुमार द्वारा आयोजित किए जा रहा यह धार्मिक कार्यक्रम 9जून तक चलेगा जिसमें कथा वाचन आचार्य रामलोक शर्मा (बिलासपुर वाले) दोपहर 2बजे से लेकर सांय 5बजे तक करेंगे। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमियों से पुरजोर आग्रह किया है कि वे कथा पंडाल में आकर कथा के रस्सास्वादन करने सहित भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाएं।

# बैहना चौक में सार्वजनिक शौचालय बनने से राहगीरों और महिलाओं को मिली राहत

अनंत ज्ञान




प्रकाश धीमान, बैहना। नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर-14 बैहना में उन सार्वजनिक समस्याओं के समाधान की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिनका निराकरण पूर्व में पंचायत स्तर पर नहीं हो पाया था। नगर निगम मंडी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान क्षेत्र की कई मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान की है, जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिला है। बैहना चौक क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक सार्वजनिक शौचालय की अनुपलब्धता थी। यह चौक आसपास के अनेक गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की आवाजाही वाला व्यस्त स्थान है। इसके बावजूद यहां लंबे समय तक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण स्थानीय लोगों, व्यापारियों तथा राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और दूर-दराज से आने वाले लोगों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। नगर निगम मंडी ने इस आवश्यकता को समझते हुए बैहना चौक में आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया, जिससे वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सका। शौचालय के निर्माण के बाद क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिली है और लोगों को खुले में शौच अथवा अन्य असुविधाजनक विकल्पों का सहारा नहीं लेना पड़ता। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सुविधा लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांगों में शामिल थी। अब सार्वजनिक शौचालय के निर्माण से न केवल राहगीरों को राहत मिली है, बल्कि बाजार आने वाले लोगों और स्थानीय व्यापारियों को भी सुविधा प्राप्त हुई है। महिलाओं ने विशेष रूप से इस कार्य की सराहना करते हुए इसे जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि नगर निगम बनने के बाद विकास कार्यों में तेजी आई है और कई ऐसी समस्याओं का समाधान हुआ है, जो वर्षों से लंबित थीं। लोगों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर विकास कार्य इसी प्रकार जारी रखे जाएंगे।

- वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

# कनैड की पारंपरिक जातर में दिखी संस्कृति व मेल-मिलाप की झलक

अनंत ज्ञान



**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** तहसील सुंदरनगर के अंतर्गत नाचन विधानसभा क्षेत्र के गांव कनैड में जून माह के शुभारंभ पर पारंपरिक जातर का आयोजन धूमधाम से किया गया। दिन-रात चलने वाले इस आयोजन में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को घरों में आमंत्रित कर पारंपरिक व्यंजन परोसे तथा भाईचारे की परंपरा को आगे बढ़ाया। कनैड की यह जातर दशकों पुरानी परंपरा है। जातर देखने आईं सकुंतला देवी ने बताया कि उन्हें इस जातर को देखते हुए लगभग 60 वर्ष हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले यह जातर बहुत बड़े स्तर पर आयोजित होती थी और दूर-दूर से लोग इसे देखने आते थे। आसपास के देवी-देवता भी यहां पहुंचते थे, जिससे मेले की रौनक बढ़ जाती थी। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के प्रभाव और बदलती जीवनशैली के कारण लोगों की भागीदारी पहले की अपेक्षा कम हुई है। वहीं कनैड में बाजार के विस्तार का भी इसका असर पड़ा है। जातर के अवसर पर फोरलेन के सर्विस रोड के किनारे व्यापारियों ने दुकानें सजाईं। पिछले 15 वर्षों से यहां सामान बेचने आ रहे तीरथ सिंह ने बताया कि पहले की तुलना में अब कारोबार कम हो गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को ऐसे आयोजनों में भाग लेकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में सहयोग देना चाहिए। ऐसे मेले आपसी प्रेम, सहयोग और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

- दशकों पुरानी परंपरा आज भी कायम बुजुर्गों ने याद किए पुराने दिन

# जिला परिषद चुनावों में माकपा समर्थित उम्मीदवारों को मिले सम्मानजनक वोट

- गैर भाजपा-गैर कांग्रेस तीसरे विकल्प की संभावनाएं मजबूत हुईं : भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर विकास खंड में संपन्न जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सम्मानजनक मत प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने पार्टी की नीतियों और मुद्दों पर भरोसा जताया है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि टिहरा वार्ड में पार्टी ने बदलाव का नारा दिया था, जिसे मतदाताओं का समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि इस वार्ड में पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह की बेटी को हार का सामना करना पड़ा, जबकि दिवंगत मजदूर-किसान नेता प्रभास राणा की पत्नी अनिता कुमारी विजयी रहीं।

उन्होंने दावा किया कि माकपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी रजिता कुमारी को मिले लगभग साढ़े तीन हजार मतों ने चुनावी परिणामों को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि सरी वार्ड से पार्टी समर्थित उम्मीदवार सपना देवी को 2777, सोहर वार्ड से रमेशा देवी को 3657 तथा नबाही वार्ड से विजय कुमार को 3858 मत प्राप्त हुए हैं। उनके अनुसार ये परिणाम धर्मपुर क्षेत्र में गैर भाजपा-गैर कांग्रेस राजनीतिक विकल्प की संभावनाओं को मजबूत करते हैं और पार्टी भविष्य में इस दिशा में और अधिक मजबूती से कार्य करेगी। भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि इन चुनावों में स्थानीय विधायक के प्रति नाराजगी स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसके चलते सरी, सोहर और नबाही वार्डों में उनके समर्थित उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि टिहरा वार्ड में मिली जीत भी विधायक या कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्थन के कारण नहीं, बल्कि उम्मीदवार के प्रति सहानुभूति की लहर का परिणाम रही है।

# महावीर लखदाता कमेटी का भरजवाणू दंगल बना आकर्षण का केंद्र, हजारों दर्शक उठाते हैं लुत्फ



भरजवाणू दंगल के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर शहरी क्षेत्र से सटा गांव भरजवाणू जहां महावीर लखदाता कमेटी के प्रधान प्रेम (हिमगिरि इलेक्ट्रॉनिक्स भोजपुर) कुश्ती आयोजन को लेकर दूर-दूर तक डंका बजा रहे हैं जिसमें गांववासियों -बुजुर्गों का भरपूर योगदान मिल रहा है। पिछले 15 वर्षों से करवाए जा रहे इस कुश्ती (दंगल) की बात ही अलग है। गांव भरजवाणू में कुश्ती का शुभारंभ परमा राम ने घर में पोता पैदा होने की मन्नत पूरी होने पर छोटे स्तर पर खुशी खुशी किया था, परंतु आज लाखों की इस कुश्ती ने दूर -दूर तक प्रसिद्धी प्राप्त कर ली है जिसमें प्रदेश सहित अन्य राज्यों के नामी पहलवान यहां आते हैं। समाजसेवी प्रेम ने बताया कि अपनी यह कमेटी हर साल मई माह के आखिरी रविवार को विशाल कुश्ती (दंगल)करवाती है और मौके पर आए सभी दर्शकों को लड्डू बांटने के प्रबंध सहित पीने के पानी आदि की व्यवस्था भी करती है।सभी की ओर से यह योगदान निरंतर जारी है। लुधियाना के मेहमान पहलवान लाली जिसने पटियाला के जतिन को हराया था और इन पहलवानों को क्रमश: गूर्ज और 8100 रुपए व 7100 रुपए दिए थे वहीं बड़ी माली से पूर्व छोटी माली प्राप्त करने के लिए भरजवाणू के विजय को हराकर हमीरपुर के विदेश ने क्रमश: 5100 रुपए और जीते हुए को गूर्ज सहित 6100 रुपए बतौर इनाम देकर लखदाता के दर धन्य किया।

# महादेव व्यापार मंडल ने लिया नशामुक्त भारत अभियान का संकल्प

**अनंत ज्ञान, राजेंद्र कुमार, जयदेवी।** जयदेवी स्थित कामाक्षा माता मंदिर परिसर में महादेव व्यापार मंडल की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही हिमाचल प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड की प्रस्तावित बैठक के लिए सरकार द्वारा मांगे गए सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान महादेव व्यापार मंडल की कार्यकारिणी ने नशा मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सदस्यों ने शपथ लेते हुए कहा कि वे समाज में यह संदेश पहुंचाएंगे कि किसी भी प्रकार का नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है तथा लोगों को स्वयं भी नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना चाहिए। व्यापार मंडल ने निर्णय लिया कि यह जागरूकता अभियान महादेव व्यापार मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में चलाया जाएगा। इसके बाद कार्यकारिणी सदस्यों ने जयदेवी क्षेत्र में नशे के खिलाफ नारेबाजी कर लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर महासचिव गोपाल शर्मा, मोहन लाल गुप्ता, बरिया राम, जोगिंदर पाल (छज्जू), तिलक राज धनोटू, तिलक राज जयदेवी, नंदलाल (छबी), श्रवण कुमार, बालक राम, पवन कुमार, निलांश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 38 साल की गौरवपूर्ण सेवा के बाद एसएसबी से सेवानिवृत्त हुए देशराज

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की सरौन पंचायत निवासी देश राज सकलानी 38 वर्षों तक राष्ट्र सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने के बाद सशस्त्र सीमा बल से उप सेनानी पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं। उन्होंने अपने सेवाकाल की शुरुआत सिपाही के रूप में की और कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन तथा उत्कृष्ट कार्यशैली के बल पर उप सेनानी पद तक पहुंचे। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने कच्छ, लद्दाख, कश्मीर, श्रीनगर, पूर्वोत्तर सीमांत क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश सहित देश के अनेक दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं तथा सेवानिवृत्ति से पूर्व बल मुख्यालय नई दिल्ली में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। हथियारों के विशेष प्रशिक्षण के अलावा उन्होंने भारत सरकार की विभिन्न परीक्षाओं और कार्यक्रमों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उन्हें हिंदी भाषा संवर्धन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए अनेक प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त महानिदेशक पदक, स्वर्ण पदक तथा भारतीय पुलिस पदक जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित किया गया। उनकी सेवानिवृत्ति पर सुरिंदर कुमार, प्रताप सिंह, राजू सकलानी, अमर सिंह सकलानी और कौशल किशोर सहित अनेक लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने उनसे आग्रह किया कि राष्ट्र सेवा के बाद अब समाजहित और जनकल्याण के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाकर अपने अनुभव का लाभ क्षेत्र और देश को प्रदान करें।

# जनगणना-2027 के तहत स्व गणना अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लें सभी नागरिक : अपूर्व देवगन

अनंत ज्ञान



**मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंडी जिला के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे जनगणना-2027 के तहत चल रहे स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लें और ऑनलाइन पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से जनगणना संबंधी अपनी जानकारी अवश्य दर्ज करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जनगणना-2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। प्रथम चरण 16 जून से 15 जुलाई, 2026 तक संचालित किया जाएगा, जोकि 'गृह सूचीकरण एवं आवास जनगणना' पर आधारित होगा। द्वितीय चरण में अगले वर्ष फरवरी माह में वास्तविक जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। गणनाकर्ता (एन्यूमरेटर) और पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) मोबाइल उपकरणों के माध्यम से घरों और परिवारों से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जनगणना कार्य के तहत पहली जून से लेकर 15 जून तक जिला के नागरिक स्व-गणना के तहत वांछित जानकारी भर सकते हैं। इससे जनगणना कार्य में तेजी लाई जा सकेगी और 16 जून से घर-घर आने वाले प्रगणकों को भी कार्य में सुविधा होगी। लोगों को कंप्यूटर-लैपटॉप या मोबाइल से ऑनलाइन स्वयं की जानकारी अपलोड करने का विकल्प भी दिया गया है। इसके लिए स्वगणना पोर्टल पहली जून से 15 जून तक खोला गया है। सभी परिवारों के मुखिया या अन्य लोग इसमें अपने मकानों एवं भवनों से संबंधित जानकारी स्वयं इस पोर्टल पर भर सकते हैं।

# उपरोजगार कार्यालय जोगिंद्रनगर मिनी सचिवालय भवन में स्थानांतरित

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप रोजगार कार्यालय जोगिंदरनगर को मिनी सचिवालय भवन जोगिंदर नगर के नए भवन की प्रथम मंजिल में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब उप रोजगार कार्यालय से संबंधित सभी कार्य एवं सेवाएं नए कार्यालय परिसर से संचालित की जा रही है। प्रभारी उप रोजगार कार्यालय जोगिंदर नगर सुमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार पंजीकरण, पंजीकरण नवीनीकरण तथा अन्य विभागीय सेवाओं के लिए अब कार्यालय में आने वाले सभी अभ्यर्थी एवं आम नागरिक मिनी सचिवालय भवन की प्रथम मंजिल स्थित नए कार्यालय में संपर्क करें।

**कार्यशाला** आपदा प्रबंधन पर मार्गदर्शन एवं समन्वय कार्यशाला आयोजित, 12 को होगी टेबल टॉप एक्सरसाइज

# भूकंप व वनों की आग बचाव का पूर्वाभ्यास 15 को

अनंत ज्ञान



आपदा प्रबंधन पर मार्गदर्शन एवं समन्वय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भूकंप, बादल फटने और जंगल की आग जैसी आपदाओं पर राज्यव्यापी मेगा मॉक अभ्यास के 10वें संस्करण का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 15 जून को किया जा रहा है। इस संदर्भ में आज एक राज्य स्तरीय मार्गदर्शन एवं समन्वय कार्यशाला का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें उपायुक्त अपूर्व देवगन सहित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की ओर से मेजर जनरल सुधीर बहल (रि.) ने इस पूर्वाभ्यास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। आगामी 15 जून को होने वाली मेगा मॉक एक्सरसाइज में राज्य के सभी 12 जिलों के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, संबंधित विभागों के अधिकारी और हितधारक, एनडीआरएफ, सशस्त्र बल, आईटीबीपी, भारतीय मौसम विभाग सहित विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां भाग लेंगी। प्रात: 9 बजे से एक बजे तक तथा सायं 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक यह पूर्वाभ्यास प्रस्तावित किया गया है। इस दौरान विशेष तौर पर वनों की आग, बादल फटने से बाढ़ तथा भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। साथ ही सभी हितधारकों को मानक प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

पूर्वाभ्यास से पहले 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इस दौरान जिला प्रशासन अपनी जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं, नागरिक सुरक्षा तैयारियों और भूकंप प्रतिक्रिया कार्य योजनाओं पर संक्षिप्त प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने आपदा के दृष्टिगत बनावटी आपदा स्थलों की पहचान और तैयारी को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का आग्रह किया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और आईटीबीपी इत्यादि उपायुक्तों के समन्वय से निर्धारित स्थानों पर सिमुलेशन (बनावटी स्थल) की सुविधा प्रदान करेंगे। प्रत्येक सिमुलेशन स्थल पर पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी जो अपनी अवलोकन रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में संबंधित राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रस्तुत करेंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस महत्वपूर्ण पूर्वाभ्यास में फील्ड स्तर पर अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। आपदा के दौरान उनकी प्रतिक्रिया आवश्यक रहती है और इस बारे में अपनी तैयारियां समय पर पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी भूमिका और दायित्वों के बारे में स्पष्टता होनी आवश्यक है ताकि आपदा की स्थिति में और प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य पूरा किया जा सके। आज की कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**कर्मों** का फल अवश्य मिलता है, पर हमारी इच्छानुसार नहीं, कार्य के प्रति हमारी आस्था एवं दृष्टि के अनुसार। -किशोर काबरा

## संपादकीय

# आपदा से पहले तैयारी का सही समय

हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन शुरू होने में अब महज 20-25 दिन शेष हैं। पिछले कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि राज्य के लिए मानसून एक बड़ी चुनौती और परीक्षा का दौर बनता जा रहा है। वर्ष 2023 से लेकर अब तक प्रदेश ने प्राकृतिक आपदाओं का ऐसा भयावह रूप देखा है, जिसने विकास, अर्थव्यवस्था और जनजीवन को गहरे घाव दिए हैं। पिछले तीन वर्षों में राज्य में 66 बार बादल फटने, 234 भूस्खलन और 121 बाढ़ की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं ने न केवल करोड़ों रुपए की सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, बल्कि सैकड़ों लोगों की जान भी ली। हजारों परिवारों का जीवन प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में मवेशियों की भी मौत हुई। जब पहाड़ों से टूटकर चट्टानें नीचे आती हैं, नदियां उफनती हैं और बादल फटते हैं, तब पूरे प्रदेश में भय और असुरक्षा का माहौल बन जाता है। पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल प्राकृतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है, लेकिन हाल के वर्षों में आपदाओं की बढ़ती तीव्रता और आवृत्ति ने चिंता को और गहरा कर दिया है। ऐसे में यह राहत की बात है कि प्रदेश सरकार इस बार मानसून शुरू होने से पहले ही तैयारी के मोड में दिखाई दे रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि सरकार प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवा मंडलों तथा स्कूली बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी। यह पहल आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सोच में आए सकारात्मक बदलाव का संकेत है। अक्सर देखा गया है कि आपदा आने के बाद राहत और बचाव कार्यों पर जोर दिया जाता है, जबकि सबसे प्रभावी रणनीति आपदा से पहले तैयारी और जागरूकता की होती है। यदि स्थानीय समुदाय प्रशिक्षित और सजग हो, तो संकट के समय होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यदि गांव स्तर पर लोगों को यह जानकारी होगी कि भूस्खलन, बाढ़ या बादल फटने जैसी स्थिति में क्या करना है, किससे संपर्क करना है और किन स्थानों पर सुरक्षित शरण लेनी है, तो अनेक जानें बचाई जा सकती हैं। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देना एक दूरदर्शी कदम है, क्योंकि इससे भविष्य की पीढ़ी में सुरक्षा और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी।

इस पहल का एक और महत्वपूर्ण पहलू सामुदायिक भागीदारी है। किसी भी आपदा से अकेली सरकार नहीं निपट सकती। स्थानीय लोगों, स्वयंसेवी संगठनों, पंचायतों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ही राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी बनाती है। वर्ष 2023 की भीषण आपदा के दौरान भी कई स्थानों पर स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने प्रशासन से पहले राहत कार्य शुरू कर अनेक लोगों की जान बचाई थी। हालांकि, केवल योजनाएं बनाना ही पर्याप्त नहीं है। भारत में अक्सर देखा गया है कि कागजों पर तैयार की गई महत्वाकांक्षी योजनाएं क्रियान्वयन के स्तर पर कमजोर पड़ जाती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस अभियान के प्रभावी संचालन के लिए एक समर्पित परियोजना प्रबंधन इकाई का गठन करे, जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों की निगरानी, मूल्यांकन और जवाबदेही सुनिश्चित करे। जब तक जिम्मेदार अधिकारियों और संस्थाओं की स्पष्ट जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक किसी भी योजना का अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ सकता। इसके साथ ही राज्य सरकार को आपदा प्रबंधन को केवल राहत और बचाव तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाते हुए मजबूत और प्रतिरोधी अधोसंरचना के निर्माण पर भी ध्यान देना होगा। सड़कों, पुलों, स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक भवनों का निर्माण इस प्रकार होना चाहिए कि वे प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर सकें।

इस दिशा में सरकार द्वारा शुरू की गई हिमाचल प्रदेश रेजिलियंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी (एचपी-रेडी) परियोजना महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। लगभग 2688 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना का उद्देश्य प्रदेश की आपदा प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। यदि इसका सही क्रियान्वयन हुआ तो भविष्य में होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के पीछे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। यह समस्या केवल हिमाचल या भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया इससे जूझ रही है। फिर भी जिस तेजी से हिमाचल में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं, वह संकेत देती हैं कि पहाड़ी क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। दुर्भाग्य से इस संकट के लिए काफी हद तक मानव गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं। अंधाधुंध निर्माण, जंगलों की कटाई, प्राकृतिक जल स्रोतों का दोहन और संसाधनों का अत्यधिक उपयोग पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ रहा है। सकारात्मक बात यह है कि इस समस्या का समाधान असंभव नहीं है।

यदि सरकारें, संस्थाएं और आम नागरिक मिलकर प्रयास करें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। जल संरक्षण को बढ़ावा देना, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना, स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को अपनाना, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाना और अनावश्यक ऊर्जा खपत को कम करना ऐसे कदम हैं जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के पूर्व रक्षा मंत्री

**जॉर्ज मैथ्यू फर्नांडिस** (3 जून 1930-29 जनवरी 2019) भारत के प्रमुख ट्रेड यूनियन नेता, समाजवादी विचारक और प्रभावशाली राजनेता थे। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया और भारतीय राजनीति में एक मजबूत समाजवादी धारा स्थापित की।



जॉर्ज मैथ्यू फर्नांडिस
जन्म : 3 जून, 1930
मृत्यु : 29 जनवरी, 2019

उनका जन्म मैंगलोर में एक कैथोलिक परिवार में हुआ। प्रारंभ में वे धार्मिक प्रशिक्षण के लिए सेमिनरी गए, लेकिन वहाँ भेदभाव का अनुभव होने पर उन्होंने 19 वर्ष की आयु में यह मार्ग छोड़ दिया और मजदूर आंदोलन से जुड़ गए। वे मुंबई में टैक्सी चालकों, रेलवे और औद्योगिक श्रमिकों को संगठित करने लगे। 1967 में उन्होंने दक्षिण मुंबई से कांग्रेस के दिग्गज नेता एसके पाटिल को हराकर राष्ट्रीय पहचान बनाई, जिससे उन्हें 'जॉर्ज द जायंट किलर' कहा गया। 1974 की रेलवे हड़ताल ने उन्हें देशव्यापी आंदोलन का चेहरा बना दिया। आपातकाल (1975) में वे भूमिगत रहे और बाद में गिरफ्तार किए गए। 1977 में वे जेल में रहते हुए सांसद बने और जनता पार्टी सरकार में उद्योग मंत्री बने। बाद में उन्होंने समता पार्टी बनाई और राजनीति में समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाया। वे रेल, उद्योग और रक्षा मंत्री रहे तथा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। सरल जीवन, मजदूर हित और निडर नेतृत्व उनकी पहचान रही। 2019 में उनका निधन हुआ और 2020 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनका जीवन संघर्ष, जनसेवा और विचारधारा की शक्ति का प्रतीक है।



कविता

### दिल के रिश्ते...!

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

यूं ही जज्बातों से बयां करते हैं, यहां कोई सबूत भी रखते नहीं।
कुछ रिश्ते सिर्फ दिल में होते हैं, हर किसी को यह दिखते नहीं।
खामोशी में भी वो बातें होती हैं, हर एक 'लफ्ज' कहे जाते नहीं।
कुछ दर्द मुस्कुराहट ओढ़ लेते हैं, हर बार आंसू बहाए जाते नहीं।
जो अपने होते सच किल्लत में, अपना कभी साथ छोड़ते नहीं।
दूर होके भी दिल के करीब रहें, ऐसे रिश्ते जन्मों तक टूटते नहीं।
मत पूछो हरेक रिश्ते की वजह, कुछ एहसास बताए जाते नहीं।
जो एक बार 'रूह' से जुड़ जाएं, वह हर किसी को 'मिलते नहीं।

# भारत और नेपाल के रिश्तों में तकरार चिंताजनक

भारत और नेपाल के सदियों पुराने रिश्तों तथा मधुर संबंधों को अक्सर रोटी-बेटी का रिश्ता कहा जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार दोनों देशों के रिश्तों का उल्लेख त्रेतायुग से मिलता है। श्रीराम की ससुराल प्राचीन मिथिला राज्य की राजधानी जनकपुरधाम में थी। विश्व को शांति का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था।




प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू में स्थित है। सनातन संस्कृति से जुड़े करोड़ों लोगों की आस्था के ये पवित्र स्थल नेपाल में हैं। दोनों देशों के बीच खुली सीमा है और यातायात पर कोई विशेष प्रतिबंध नहीं है। भारत से प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु नेपाल के धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाते हैं।

भारत और नेपाल के बीच सैन्य संबंध भी अत्यंत घनिष्ठ रहे हैं। सन् 1950 से चली आ रही परंपरा के अनुसार दोनों देशों के राष्ट्रपति एक-दूसरे देश के सेना प्रमुखों को अपनी सेना में 'जनरल' की मानद उपाधि प्रदान करते हैं। भारत के प्रथम सेनाध्यक्ष जनरल केएम करियप्पा इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय अधिकारी थे। गोरखा राइफल्स के अधिकांश सैनिक नेपाल से आते हैं। भारतीय सेना के अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी गोरखा राइफल्स से जुड़े रहे हैं। नेपाल के कई सेनाध्यक्षों ने भारतीय सैन्य अकादमियों से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह सैन्य सहयोग दोनों देशों के विश्वासपूर्ण संबंधों का महत्वपूर्ण आधार रहा है। भारत अपने पड़ोसी देशों की सुरक्षा तथा बेहतर संबंधों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। सन् 1949 में चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जे के बाद भारत ने नेपाल की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए 31 जुलाई 1950 को 'भारत-नेपाल शांति एवं मैत्री संधि' की थी। इस संधि के तहत दोनों देशों के नागरिकों को एक-दूसरे के देश में रहने, व्यापार करने, संपत्ति खरीदने और रोजगार प्राप्त करने के अधिकार दिए गए। दोनों देशों ने एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने पर भी सहमति व्यक्त की।

समय के साथ नेपाल की राजनीति में वामपंथी और माओवादी विचारधारा का प्रभाव बढ़ता गया। माओवाद का संबंध चीन के नेता माओत्से तुंग की विचारधारा से है। सन् 1996 से 2006 तक नेपाल में माओवादी आंदोलन चला, जिसमें लगभग 17 हजार लोगों की जान गई। इस आंदोलन ने नेपाल की राजशाही को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेपाल की कई कम्युनिस्ट राजनीतिक शक्तियों का झुकाव चीन की ओर रहा है। चीन ने आर्थिक निवेश और ऋण के माध्यम से नेपाल में अपना प्रभाव बढ़ाया तथा उसे बेल्ट एंड रोड परियोजना का हिस्सा



बनाया। परिणामस्वरूप नेपाल की राजनीति में चीन समर्थक रुझान दिखाई देने लगे हैं। चिंताजनक पहलू यह है कि नेपाल के कुछ राजनीतिक नेता समय-समय पर भारत विरोधी बयानबाजी करते रहे हैं। हाल ही में भारत सरकार ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सिक्किम के नाथू ला और उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे के रास्ते पुन: संचालित करने की घोषणा की। इस पर नेपाल की ओर से आपत्ति जताई गई। नेपाल महाकाली नदी के पूर्वी हिस्से में स्थित लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख क्षेत्रों पर अपना दावा करता रहा है। सन् 2020 में नेपाल ने इन क्षेत्रों को अपने नए मानचित्र में शामिल कर विवाद को और बढ़ा दिया था। दरअसल इस सीमा विवाद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि सन् 1814-16 के एंग्लो-नेपाली युद्ध और उसके बाद हुई सुगौली संधि से जुड़ी हुई है। इस संधि के तहत नेपाल को कुमाऊं, गढ़वाल तथा तराई के कुछ क्षेत्र ब्रिटिश शासन को सौंपने पड़े थे। नेपाल के कुछ राजनीतिक दल आज भी उसी संधि की अलग-अलग व्याख्या कर भारतीय क्षेत्रों पर दावा प्रस्तुत करते हैं। यही कारण है कि समय-समय पर दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी मतभेद उभर आते हैं।

नेपाल की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता भी एक बड़ी चुनौती है। सन् 2008 में 239 वर्ष पुरानी राजशाही समाप्त होने के बाद नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई, लेकिन पिछले वर्षों में वहां स्थायी सरकार का अभाव रहा है। बार-बार सरकारों के बदलने से विकास, प्रशासन और विदेश नीति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जब किसी देश को स्थिर और सशक्त नेतृत्व नहीं मिलता तो लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर पड़ जाती हैं और विदेश संबंधों में भी असमंजस की स्थिति उत्पन्न होती है। भारत और चीन जैसे दो बड़े देशों के बीच स्थित 'लैंडलॉक' नेपाल की विदेश नीति अक्सर संतुलन बनाने की कोशिश करती दिखाई देती है। वर्तमान नेतृत्व के सामने आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने की चुनौती है। नेपाल के लाखों नागरिक भारत में रोजगार प्राप्त करते हैं और दोनों देशों के बीच गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक संबंध मौजूद हैं।

रणनीतिक और सामरिक दृष्टि से नेपाल भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए भारत को नेपाल के साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय कूटनीतिक प्रयास करने होंगे। वहीं नेपाल को भी अपने हजारों वर्षों पुराने सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंधों के महत्व को समझना होगा। सीमा विवादों और अन्य मतभेदों का समाधान केवल संवाद और आपसी विश्वास से ही संभव है। अत: भारत और नेपाल को अपने रोटी-बेटी के हजारों वर्ष पुराने रिश्तों की गरिमा बनाए रखते हुए सभी विवादित मुद्दों का समाधान बातचीत के माध्यम से करना चाहिए। दोनों देशों के बीच सहयोग, विश्वास और पारस्परिक सम्मान ही दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि का आधार बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में आईपीएल : अर्थव्यवस्था और अवसरों की नई पारी

भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा एक ऐसा माध्यम है, जिसने मनोरंजन, व्यवसाय और राष्ट्रीय पहचान को एक साथ जोड़ दिया है। विशेष रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आज दुनिया की सबसे लोकप्रिय और व्यावसायिक रूप से सफल क्रिकेट लीगों में गिनी जाती है।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

ऐसे में यदि हिमाचल प्रदेश में नियमित रूप से आईपीएल मैचों का आयोजन किया जाए, तो इसका लाभ केवल खेल जगत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और युवा प्रतिभाओं के विकास पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। धर्मशाला स्थित एचपीसीए स्टेडियम अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं के कारण विश्व के सबसे खूबसूरत क्रिकेट मैदानों में शामिल माना जाता है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित यह स्टेडियम न केवल खिलाड़ियों बल्कि दर्शकों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र है। यही कारण है कि यहां आयोजित होने वाले मैचों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलती है। आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो आईपीएल मैचों का आयोजन राज्य के लिए आय का बड़ा स्रोत बन सकता है। मैचों के दौरान देश-विदेश से हजारों दर्शक हिमाचल पहुंचते हैं। उनके आगमन से होटल, गेस्ट हाउस, होम-स्टे, रेस्टोरेंट, टैक्सी सेवाओं और स्थानीय व्यापार को सीधा लाभ मिलता है।

धर्मशाला, कांगड़ा और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। मैचों के समय अधिकांश होटलों में कमरे पहले से ही बुक हो जाते हैं, जिससे पर्यटन उद्योग को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। स्थानीय व्यापारियों और छोटे उद्यमियों को भी आईपीएल से बड़ा लाभ



मिल सकता है। खेल प्रेमी स्मृति-चिन्ह, हस्तशिल्प उत्पाद, ऊनी वस्त्र, स्थानीय खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुएं खरीदते हैं। इससे स्थानीय बाजारों में व्यापार बढ़ता है और हिमाचल के पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है। इस प्रकार आईपीएल स्थानीय अर्थव्यवस्था में धन के प्रवाह को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी आईपीएल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बड़े खेल आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, खान-पान, परिवहन, तकनीकी सहायता, सफाई, मीडिया प्रबंधन और आयोजन संचालन के लिए बड़ी संख्या में मानव संसाधन की आवश्यकता होती है। निश्चत रूप से इससे स्थानीय युवाओं को अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार के रोजगार अवसर प्राप्त होते हैं।

होटल उद्योग, ट्रैवल एजेंसियों, टैक्सी संचालकों और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों के लिए भी नए अवसर पैदा होते हैं। इससे राज्य के सेवा क्षेत्र को मजबूती मिलती है। पर्यटन के क्षेत्र में आईपीएल का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई देता है। धर्मशाला में आयोजित मैचों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की प्राक्रतिक सुंदरता करोड़ों दर्शकों तक पहुंचती है, जिससे खेल पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ ही सड़कों, पार्किंग, इंटरनेट और परिवहन जैसी सुविधाओं में सुधार होता है, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को भी मिलता है।

आईपीएल युवा क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत है। बड़े खिलाड़ियों को नजदीक से देखकर स्थानीय प्रतिभाओं को सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इससे चयनकर्ताओं और फ्रेंचाइजी की नजर भी हिमाचल के खिलाड़ियों पर पड़ती है। ऋषि धवन, पंकज जसवाल और मयंक डागर जैसे खिलाड़ियों की सफलता इसका उदाहरण है। महिला क्रिकेट को भी इससे नई दिशा मिल सकती है। हालांकि, यातायात, पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसी चुनौतियों के समाधान पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# साइकिल : स्वास्थ्य, पर्यावरण और आत्मनिर्भरता की सवारी

साइकिल एक ऐसा दोपहिया है जिसे स्त्री, पुरुष, बच्चा, जवान या बूढ़ा व्यक्ति सभी चला सकता सकता है। हर साल पूरे विश्व में 3 जून को साइकिल दिवस मनाया जाता है। यूनाइटेड नेशंस ने इसकी शुरुआत 2018 से की थी। आजकल की साइकिल में आपको लाइट, गियर और मोटे व बड़े टायरों की सुविधा भी मिल जाती है जो इसे पहले की साइकिल से अधिक बेहतर बनाती है।



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

साइकिल मेरा सबसे पसंदीदा वाहन है। यह मुझे दोस्तों से मिलने और पार्क में खेलने के लिए मदद करती है। मेरी साइकिल लाल रंग की है और इसमें तीन गियर हैं, जिससे चलाना आसान होता है। साइकिल चलाना न केवल मजेदार होता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इससे शरीर मजबूत होता है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। मैं रोज सुबह साइकिल चलाकर अपने दिन की शुरुआत करता हूं। मेरी साइकिल की देखभाल मैं खुद करता हूं। मैं समय-समय पर उसकी हवा चेक करता हूं और उसे साफ रखता हूं। मेरी साइकिल मेरे लिए सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि मेरे बचपन की यादों का हिस्सा भी है। पैडल साइकिल के पायनियर मैन्युफैक्चरर के तौर पर मिचौक्स की भूमिका ओलिवियर भाइयों, रेने और ऐमे के साथ जुड़ी हुई है। 1865 में इन दो अमीर नौजवानों ने पेरिस से मार्सिले तक 800 किमी. (500 मील) से ज्यादा वेलोसिपेड चलाईं, और नए खेल के लिए उनके बाद के जोश ने इसे युवा, फिट और अमीर लोगों के लिए दुनिया भर में क्रेज बनने में मदद की।

भाइयों ने मिचौक्स में 69 परसेंट इक्विटी के लिए 50,000 फ्रैंक दिए, जो बाद में एक बहुत बड़ी फैक्ट्री में चला गया। पहले मॉडल में सर्पिन के आकार का लचीला लोहे का फ्रेम था। इसके तुरंत बाद फर्म ने



रॉट आयरन से बने डायगोनल फ्रेम पर स्विच किया, जो जल्द ही इंडस्ट्री का स्टैंडर्ड बन गया। पेरिस एक्सपोजिशन के साल 1867 में सीरियस प्रोडक्शन शुरू हुआ।

कई विजिटर्स ने सड़कों पर वेलोसिपेड देखे; पॉपुलैरिटी फैली; और बनाने वालों की संख्या कई गुना बढ़ गई। 1868 की पतझड़ तक, नया वेलोसिपेड पूरे फ्रांस में एक जाना-पहचाना नजारा बन गया था, और काफी ज्यादा कीमतों के बावजूद बिक्री नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई। 1869 में ओलिवियर्स ने मिचौक्स एट सी का पूरा कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया और नाम बदलकर कॉम्पैनी पेरिसिएन डेस वेलोसिपेड्स कर दिया। प्रोडक्शन हर महीने लगभग 200 वेलोसिपेड तक पहुंच गया। उस समय तक 100 से ज्यादा फ्रेंच कंपनियां वेलोसिपेड बना रही थीं।

1869 में बॉल बेयरिंग और टेंशन-स्पोक वाले पहियों का आविष्कार हुआ, और फ्रीव्हील (जो कोस्टिंग की इजाजत देता है) का पेटेंट कराया गया। लकड़ी के स्पोक वाले पहियों और लोहे के रिम की हार्ड राइड की वजह से शुरुआती वेलोसिपेड को 'बोनशेकर' का नाम मिला, लेकिन ठोस रबर के टायर और तार के स्पोक वाले पहियों ने राइड को आसान बनाने में मदद की। साइकिल का इतिहास तकनीकी प्रगति का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। 1870 के आसपास 'ऑर्डिनरी' साइकिल का विकास हुआ, लेकिन फ्रैंको-जर्मन युद्ध के कारण इसका केंद्र ब्रिटेन बन गया। शुरुआती साइकिलों में बड़ा आगे और छोटा पीछे का पहिया होता था तथा उनका वजन लगभग 18 किलोग्राम तक होता था।

1888 में जॉन बॉयड डनलप द्वारा न्यूमेटिक टायर के आविष्कार ने साइकिल को अधिक आरामदायक और तेज बना दिया। इसके बाद चेन ड्राइव, ब्रेक और डायमंड फ्रेम जैसे सुधारों ने आधुनिक साइकिल की नींव रखी। धीरे-धीरे साइकिल आम जनता का लोकप्रिय साधन बन गई और महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक भी बनी। आज साइकिल पर्यावरण-अनुकूल, सस्ती और स्वास्थ्यवर्धक साधन है, जो बढ़ती ईंधन कीमतों और प्रदूषण के समय और भी अधिक उपयोगी हो गई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संगठन की सीढ़ियों से सत्ता के द्वार तक, जहां मेहनत बनी नेतृत्व की पहचान

मंडी जिला परिषद के सदयाणा वार्ड से परस राम की जीत को केवल एक चुनावी परिणाम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह उस राजनीतिक सोच और संगठनात्मक संस्कृति की जीत है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़े कार्यकर्ता को भी नेतृत्व की भूमिका तक पहुंचने का अवसर मिलता है। वर्षों तक संगठन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले एक साधारण कार्यकर्ता का जिला परिषद तक पहुंचना भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता-केंद्रित राजनीति का सशक्त उदाहरण है।



राकेश वालिया
मीडिया प्रभारी, भाजपा

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत केवल उसका संगठन या चुनावी रणनीति नहीं, बल्कि उसकी कार्यकर्ता-आधारित विचारधारा है। भाजपा में व्यक्ति से अधिक उसके कार्य, समर्पण और निष्ठा को महत्व दिया जाता है। संगठन इस विश्वास पर खड़ा है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी यदि ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करे, तो उसे नेतृत्व का अवसर मिल सकता है। यही सोच भाजपा को देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित करती है और हिमाचल प्रदेश सहित मंडी जैसे क्षेत्रों में उसकी जड़ों को मजबूत बनाती है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता भी यही रही है कि उन्होंने हमेशा कार्यकर्ता को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति माना। संगठनात्मक पृष्ठभूमि से आगे बढ़े जयराम ठाकुर कार्यकर्ता के संघर्ष और समर्पण का महत्व भली-भांति समझते हैं। उनके नेतृत्व में मंडी भाजपा संगठन केवल चुनावी दृष्टि से ही नहीं, बल्कि संगठनात्मक मजबूती के लिए भी जाना जाता है।

परस राम को प्रत्याशी बनाया जाना इसी सोच का परिणाम था। यह केवल एक टिकट का वितरण नहीं था, बल्कि वर्षों की सेवा, संघर्ष और निष्ठा को सम्मान देने का निर्णय था। परस राम किसी बड़े राजनीतिक



परिवार या आर्थिक रूप से मजबूत पृष्ठभूमि से नहीं आते। वे एक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं और पारंपरिक पहाड़ी हस्तशिल्प तथा बांस से बने उत्पादों के निर्माण से अपनी आजीविका चलाते रहे हैं।

इसके साथ-साथ उन्होंने वर्षों तक भाजपा कार्यालयों, चुनाव अभियानों और संगठनात्मक गतिविधियों में एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में योगदान दिया। मीडिया सेंटर की व्यवस्थाओं से लेकर कार्यालय संचालन, कार्यक्रमों की तैयारियों, दरी बिछाने, पोस्टर लगाने और कार्यकर्ताओं की सुविधाओं तक उन्होंने हर जिम्मेदारी को सेवा भाव से निभाया। उनकी सबसे बड़ी पहचान यह रही कि उन्होंने कभी किसी पद या व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं की।

मंडी से लेकर प्रदेश स्तर तक भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके समर्पण को निकट से देखा है। विभिन्न चुनाव अभियानों और बड़े राजनीतिक कार्य, मों में उन्होंने हमेशा पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। यही कारण है कि संगठन ने उनकी निष्ठा और सेवा को पहचानते हुए उन्हें नेतृत्व का अवसर प्रदान किया। परस राम की जीत यह संदेश देती है कि राजनीति में केवल परिवारवाद, प्रभाव और संसाधन ही सफलता का आधार नहीं होते। सेवा, सादगी, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण भी व्यक्ति को नेतृत्व के शिखर तक पहुंचा सकते हैं।

यह विजय उन हजारों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है जो बिना किसी पद या पहचान की अपेक्षा के वर्षों तक संगठन के लिए कार्य करते हैं। यह सफलता सिर्फ कार्यकर्ता आधारित राजनीति की जीत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## मारिया शारापोवा खूबसूरत अंदाज में

**रूस।** विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी रूस की मारिया शारापोवा अपनी सुंदरता के चलते काफी चर्चित रहीं। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाली रूस की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। शारापोवा दुनिया की सबसे सुंदर टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं।



### महिला त्रिकोणीय टी20 सीरीज में आयरलैंड ने रचा इतिहास

# आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को एक रन से हराया

## कप्तान ओरला प्रेंडरगास्ट ने किया ऑलराउंड प्रदर्शन

**एजेंसी, डबलिन**



आयरलैंड महिला टीम ने त्रिकोणीय टी20 सीरीज में इतिहास रचते हुए वेस्टइंडीज को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति से एक रन से हराकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आयरलैंड ने फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को भी मजबूत कर लिया। मैच की नायिका कप्तान ओरला प्रेंडरगास्ट रहीं, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। पहले उन्होंने दो विकेट झटके और फिर नाबाद 71 रन की मैच विजयी पारी खेली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। एवा कैनिंग ने पावरप्ले में दो विकेट लेकर कैरेबियाई टीम को शुरुआती झटके दिए। पांच ओवर के भीतर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पवेलियन लौट गए और टीम दबाव में आ गई। स्थिति तब और खराब हो गई जब स्टेफानी टेलर रन आउट होने के बाद चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गईं। 10 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर केवल 53/4 था और टीम को बड़े स्कोर के लिए मजबूत साझेदारी की जरूरत थी।

इसके बाद जैनिलिया ग्लासगो और शेमेन कैंपबेल ने पारी संभाली। दोनों ने महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। कैंपबेल के आउट होने के बाद प्रेंडरगास्ट ने डेथ ओवरों में दो विकेट लेकर वेस्टइंडीज की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। निचले क्रम के बल्लेबाजों के कुछ उपयोगी चौकों की बदौलत वेस्टइंडीज 20 ओवर में 141/8 तक पहुंचने में सफल रहा।

142 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत भी खराब रही। शॉनिशा हेक्टर ने पारी की पहली चार गेंदों में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद कप्तान प्रेंडरगास्ट ने मोर्चा संभाला। अपने 24वें जन्मदिन पर उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौकों की झड़ी लगा दी। हालांकि, वेस्टइंडीज ने बीच में लगातार तीन विकेट लेकर आयरलैंड को 65/5 के स्कोर पर मुश्किल में डाल दिया, लेकिन प्रेंडरगास्ट एक छोर पर डटी रहीं और तेजी से रन बनाती रहीं। 14 ओवर के बाद आयरलैंड का स्कोर 95/5 था, जिसमें अकेले प्रेंडरगास्ट के 71 रन शामिल थे। उस समय डीएलएस गणना के अनुसार आयरलैंड जीत से सिर्फ तीन रन पीछे था।

इसी दौरान बारिश शुरू हो गई। अंपायरों ने एक और गेंद फेंकने का फैसला किया और उस गेंद पर लुईस लिटिल ने किनारा लेकर चौका बटोर लिया। इसके बाद बारिश तेज हो गई और खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका और डीएलएस नियम के तहत आयरलैंड को 1 रन से विजेता घोषित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# नॉर्वे चेस: प्रज्ञानानंदा-गुकेश जीते, दिव्या ने हम्पी को हराया



**एजेंसी, ओस्लो**

भारतीय खिलाड़ियों ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट के 7वें राउंड में वापसी की। सोमवार रात आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को हराकर तीन अंक हासिल किए। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने वेस्ली सो के खिलाफ टाईब्रेक जीतकर 1.5 अंक हासिल किए।

एक दिन पहले छठे राउंड में भारतीय ग्रैंड मास्टर्स को पराजय झेलनी पड़ी थी। फिलहाल, आर प्रज्ञानानंदा और दिव्या देशमुख खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। गुकेश ओपन कैटेगरी के सबसे निचले पायदान पर हैं।

प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए 26वीं चाल पर बढ़त बनाई और फिरोजा को लगातार दूसरी क्लासिकल हार दी। इस जीत के बाद उनके 9 अंक हो गए हैं।

गुकेश अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के खिलाफ क्लासिकल मैच में जीत के करीब पहुंचने के बावजूद ड्रॉ पर रुक गए। हालांकि, टाईब्रेक जीतकर उन्होंने 1.5 अंक हासिल किए। उनके कुल 8 अंक हैं।

महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने हमवतन कोनेरू हम्पी को आर्मागेडन टाईब्रेक में हराकर 10 अंक हासिल किए। हालांकि, कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा 12.5 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। अगले राउंड में दिव्या और बिबिसारा का मुकाबला खिताबी दौड़ की दिशा तय कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ओसाका को हराकर सबालेंका फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी, पेरिस।** वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन (रोलां गैरो) के चौथे दौर में नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हरा दिया। पेरिस में टॉप सीड सबालेंका ने जापान की ओसाका को 1 घंटे 27 मिनट चले मैच में 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वे खिताब की मजबूत दावेदार बन गईं। पिछले 3 साल में पहली बार फ्रेंच ओपन में कोई वुमंस मैच खेला गया। इसे देखने बड़ी संख्या में फैंस आए। पहले सेट में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने सबालेंका की सर्विस का अच्छा जवाब दिया। दोनों 5-5 की बराबरी पर थीं, लेकिन सबालेंका ने ओसाका की सर्विस ब्रेक कर पहला सेट 7-5 से जीत लिया। पहले सेट की मानसिक बढ़त का फायदा सबालेंका को दूसरे सेट में मिला। उन्होंने शुरुआत से ही ओसाका पर दबाव बनाए रखा। ओसाका ने वापसी की कोशिश की, लेकिन बेलारूस की सबालेंका ने दमदार ग्राउंड स्ट्रोक्स के दम पर दूसरा सेट 6-3 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### नेशंस कप के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का ऐलान, टेटे बनी कप्तान



**एजेंसी, नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2025-26 के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी सलीमा टेटे को सौंपी गई है। भारत को पूल-ए में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ रखा गया है। भारतीय टीम हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे से मिले आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतरेगी, जहां उसने चार मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर की थी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी अनुभवी सविता और बिचू देवी खारीबाम संभालेंगी। रक्षा पंक्ति में सुशीला चानू, ईशिका चौधरी, निक्की प्रधान, ज्योति, लालथांतलुआंगी और शिल्पी डाबस को जगह मिली है। मध्यपंक्ति की अगुवाई कप्तान सलीमा टेटे करेंगी। उनके साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा और दीपिका सोरेंग शामिल हैं। आक्रमण विभाग में नवनीत कौर, दीपिका, रुतुजा पिसाल, अन्नू, लालरेमसियामी और सोनम पर गोल दागने की जिम्मेदारी होगी। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने ने कहा कि नेशंस कप टीम के लिए बेहद अहम टूर्नामेंट है और लक्ष्य पूरे प्रतियोगिता में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ करेगा। इसके बाद 16 जून को जापान और 18 जून को उरुग्वे से मुकाबला होगा। सेमीफाइनल 20 जून और फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# आईपीएल जीतने के बाद प्रेमानंद जी महाराज से विराट कोहली ने पत्नी संग लिया आशीर्वाद

**एजेंसी, मथुरा**



विराट कोहली के नाबाद अर्द्धशतक की मदद से आरसीबी ने आईपीएल-2026 का खिताब रविवार की रात को जीता। टीम को चैंपियन बने 48 घंटे भी नहीं हुए हैं और विराट कोहली वृंदावन पहुंच गए हैं। उनके साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी हैं। आईपीएल 2026 के बीच में अक्षय तृतीया के मौके पर भी विराट और अनुष्का को वृंदावन में देखा गया था।

विराट कोहली लंबे समय से प्रेमानंद जी महाराज को फॉलो कर रहे हैं। अनुष्का शर्मा के साथ कई सालों से वह उनका आशीर्वाद लेने जाते हैं। आईपीएल का खिताब जीतने के बाद भी विराट कोहली ने प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने सुबह करीब 4 बजे प्रेमानंद महाराज जी से यमुना किनारे उनके एकांतवास में मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। उसके बाद दोनों ने प्रेमानंद महाराज जी के गुरु से भी मुलाकात की। यमुना किनारे बनी हुई कुटिया में प्रेमानंद महाराज से दोनों ने मुलाकात की और करीब 45 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। इस दौरान विराट और अनुष्का नंगे पैर नजर आए। उनके गले मे तुलसी की माला और मांथे पर तिलक में दिखाई दिए। (अनंत ज्ञान)

## टीम इंडिया के कैंप में पहुंचे जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी

**एजेंसी, चंडीगढ़।** जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के कैंप से जुड़ गए हैं। उन्हें नेट बॉलर के रूप में चंडीगढ़ में चल रहे टीम इंडिया के अभ्यास शिविर में शामिल किया गया है। भारत और अफगानिस्तान के बीच यह टेस्ट मैच 6 जून से मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला जाएगा।

29 वर्षीय आकिब नबी को 19 मई को घोषित टेस्ट और वनडे टीम में जगह नहीं मिली थी। हालांकि, रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें भारतीय टीम के माहौल से परिचित कराने और उनकी प्रतिभा को करीब से परखने के उद्देश्य से कैंप में बुलाया गया है। इससे पहले युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव भी टीम के साथ जुड़े थे। नबी पिछले दो रणजी ट्रॉफी सीजन में घरेलू क्रिकेट के सबसे सफल तेज गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 17 पारियों में 60 विकेट लेकर जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इससे पहले के सीजन में उन्होंने 44 विकेट हासिल किए थे। इस तरह दो सीजन में उनके नाम कुल 104 विकेट दर्ज हैं। शानदार घरेलू प्रदर्शन के कारण आकिब नबी को भारत के अक्टूबर में प्रस्तावित न्यूजीलैंड दौरे के संभावित विकल्पों में भी देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में पहुंची पीवी सिंधु

**एजेंसी, जकार्ता**



भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। मालविका बनसोड़ पहले दौर में हार गईं। मेंस सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत भी बाहर हो गए। वर्ल्ड नंबर-12 सिंधु ने मंगलवार को राउंड ऑफ 32 में थाईलैंड की बुसानन ओन्गब्रामंगफान को सीधे गेम में 25-23, 21-16 से हराया। मैच 51 मिनट तक चला।

30 साल की सिंधु राउंड ऑफ 16 में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन और साउथ कोरिया की वर्ल्ड नंबर-1 शटलर आन से-यौंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से खेलेंगी। इस मैच में सिंधु को पहले गेम में संघर्ष करना पड़ा। ओन्गब्रामंगफान ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। हालांकि, भारतीय स्टार ने यह गेम 25-23 से जीत लिया। सिंधु ने दूसरे गेम में लय हासिल की और दूसरा गेम 21-16 से जीत लिया। एक अन्य मैच में मालविका बनसोड़ को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-12, 21-10 से हराया। मैच महज 39 मिनट में समाप्त हो गया। मेंस सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत को पहले राउंड में हार मिली। जापान के युशी तनाका ने उन्हें महज 37 मिनट में 21-19, 21-15 से हराया। लक्ष्य सेन का मैच थोड़ी देर में होगा। डबल्स कैटेगरी में भी भारतीय जोड़ियां एक्शन में होंगी। यह बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन का लेवल-1 बैडमिंटन टूर्नामेंट है। यह साल में एक बार होता है। टूर्नामेंट पहली बार 1982 में खेला गया था। तब से इसमें दुनिया के बेहतरीन बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 2950 और सोना 760 रुपए हुआ महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 760 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 2,950 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। (अनंत ज्ञान)

## जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति से द्विपक्षीय सहयोग व व्यापार पर की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति शिपोकसा पॉलस माशाटाइल से मुलाकात की। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधिमंडल और भारतीय पक्ष के बीच दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), डिजिटल अवसंरचना तथा रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्री ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए साझेदारी को और गहरा करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि व्यापार, निवेश, डिजिटल और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि भारत और दक्षिण अफ्रीका वैश्विक एवं बहुपक्षीय मंचों पर आपसी समन्वय को और मजबूत करेंगे। यह मुलाकात भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने और द्विपक्षीय सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## काठमांडू के होटल से 15 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के अपराध अनुसंधान कार्यालय की एक टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर छापेमारी करके एक होटल से 15 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सभी बांग्लादेशी नागरिक नेपाल में पर्यटक (विजिट) वीजा पर आए थे, लेकिन उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह सभी महिलाओं के नाम और पहचान का उपयोग करते हुए फर्जी फेसबुक अकाउंट संचालित कर रहे थे। इन खातों के माध्यम से वे बांग्लादेश और भारत के नागरिकों से संपर्क स्थापित करते थे। पुलिस को आशंका है कि उनका संबंध ऑनलाइन ठगी तथा अन्य अवैध गतिविधियों से हो सकता है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से विभिन्न डिजिटल उपकरण और अन्य संबंधित सामग्री भी बरामद की है। गिरफ्तार सभी बांग्लादेशी नागरिकों को आगे की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए नेपाल अध्यागमन विभाग को सौंप दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज आज आएंगी भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज 3 से 7 जून तक भारत के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी, जिसमें ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि उनके साथ वेनेजुएला का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें कई मंत्री शामिल होंगे। यह प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने पर विचार करेगा। उन्होंने बताया कि रोड्रिगेज इससे पहले कई बार विभिन्न पदों पर भारत का दौरा कर चुकी हैं।

## सेंसेक्स 383 अंक चढ़ा व निफ्टी में 101 अंक की आई तेजी




**एजेंसी, मुंबई।** शेसर बाजार में मंगलवार यानी 2 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 383 अंक की तेजी के साथ 74,650 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 101 अंक की बढ़त रही, ये 23,484 पर बंद हुआ। आज आईटी, एफएमसीजी, और ऑटो शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। साउथ कोरिया का शेयर बाजार भारत को पछाड़कर दुनिया का छठा सबसे बड़ा मार्केट बन गया है। इस तेजी की बड़ी वजह चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनियां हैं, जो दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते इस्तेमाल के दम पर लगातार रिकॉर्ड बना रही हैं। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल साउथ कोरिया की लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट कैप 86 प्रतिशत बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब 475 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ, भारतीय शेयर बाजार की मार्केट कैप घटकर 4.8 ट्रिलियन डॉलर (करीब 456 लाख करोड़ रुपए) रह गई है। (अनंत ज्ञान)

# कीव समेत कई स्थानों पर रूसी हवाई हमला, 10 लोगों की मौत, 100 घायल

**एजेंसी, कीव (यूक्रेन)**



रूस ने सोमवार रात से लेकर मंगलवार सुबह तक यूक्रेन की राजधानी कीव पर देश के अन्य हिस्सों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हो गए। हमलों में कीव में चार और सेंट्रल शहर नीप्रो में छह लोगों की जान चली गई। रूस ने मिसाइल और ड्रोन से राजधानी को निशाना बनाया। हमले में अनेक रिहायशी और वाणिज्यिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। आग लगने से कई कारें जल गईं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल हमले की चेतावनी दी। इसके कुछ देर बाद राजधानी कीव में लगातार कई धमाके हुए। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि यह बहुत बड़ा हमला है। क्लिट्स्को के मुताबिक, पोडिल्स्की जिले में एक बहुमंजिला इमारत के मलबे में लोग अभी भी फंसे हुए हैं। कीव शहर के मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख टिमुर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा, 'शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि मलबे में कुछ लोग फंसे हुए हैं।'

कीव के रीजनल गवर्नर, मायकोला कलाश्निक ने कहा, 'पूरी रात दुश्मन ने ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल करके कीव इलाके पर बड़े हमले किए। हमारे शांत कस्बों और गांवों पर एक बार फिर हमला हुआ।' यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को दिन में नागरिकों को एक संभावित 'बड़े' रूसी हमले की चेतावनी दी थी। रूसी हमले तब हुए जब यूक्रेन ने रूसी तेल एसेट्स पर हमले बढ़ा दिए हैं। जेलेंस्की के अनुसार, यूक्रेन ने इस साल अब तक 15 रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमला किया है। (अनंत ज्ञान)




**In the court of Marriage Officer-Cum-Sub-Divisional Magistrate, Nagrota Bagwan Distt Kangra. HP.**

1. Sh. Munish Kumar aged 29 Years S/o Sh. Ramesh Chand R/o Village & PO Rajiana 53 Miles Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra HP. 2. Anu Kumari aged 24 years D/o Sh. Mahesh Mandal R/o Vill. & PO Pragpur Tehsil Dehra Distt. Kangra (Permanent Address r/o Rajpur PO Soopi Distt. Sitamadhi Bihar 843315. ...Applicants

**Versus General Public**

***In the Matter-*** Application under section 16 of Special Marriage Act, 1954 for registration of Marriage.

**Notice to: Generel Public.-** Whereas the above said applicants have submitted an application u/s 16 of Special Marriage Act 1954. Wherein it is stated that they have solemnized their Marriage on 13-05-2025 at "home VPO Rajiana 53Miles Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra" in accordance with Hindu Right & Customs and now they are living together as husband and wife since then. They have requested for registration of their marriage under section 16 of special marriage Act 1954. So therefore this notice is hereby issued to the General Public and all the persons related to them and if any person has any objection regarding the registration of above said marriage, then he/she may submit his/her objection in this office within 30 days from the issue of this notice. Otherwise failing of which this applicantion of marriage will be accepted and order in this regard will issued accordingly. Issued today on 02/06/2026 under my hand and seal of the court.

**Marriage Officer-Cum Sub-Divisional Magistrate Nagrota Bagwan**

अनंत Classifieds

**NAME CORECTION**

**I, Abdul Gani** (37 years) S/O Sh. Mohamad Ali R/O Village Haripur, P.O. Nigan, Tehsil Anni, Distt. Kullu H.P. solemnly declare that my daughter name written as Aliya in the Certificate as well as in Adhar Card, Which is wrong. Her correct name is ALIA . All conern note it.

**NAME CORECTION**

**I, Barkat Ali** (37 Years) S/O Mr. Israil Mohamad R/O Village Dogari, P.O. Nigan, Tehsil Anni, Distt. Kullu H.P. solemnly declare that my son's name is wrongly written as Imran Alli in his Adhar Card. As per his Birth Certificate and all other documents, the name of my son has been written as Umar Mohammad.His correct name is Umar Mohammad.This Notice is issued for correction

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, अंजना अत्री** पत्नी श्री कमल देव अत्री निवासी गांव अप्पर अरनियाला, नजदीक क्षेत्रीय अस्पताल ऊना, तहसील व जिला ऊना (हि.प्र.)-174303, शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अंजना अत्री पत्नी श्री कमल देव से बदलकर अंजना अत्री पत्नी श्री कमल देव अत्री रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, कमल देव अत्री** पुत्र श्री सुंदर लाल निवासी गांव अप्पर अरनियाला, नजदीक क्षेत्रीय अस्पताल ऊना, तहसील व जिला ऊना (हि.प्र.)-174303, शपथपूर्वक घोषणा करता हूं मैंने अपना नाम कमल देव से बदलकर कमल देव अत्री रख लिया है।कि अब मुझे इसी नाम से अर्थात कमल देव अत्री के नाम से जाना व पहचाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

# मनाली में पर्यटकों की संख्या में रोजाना इजाफा

## गर्मी से राहत पाने के लिए भारी संख्या में दूसरे राज्यों से पहुंच रहे पर्यटक



पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड पर उमड़ा पर्यटकों का सैलाब। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** जून का महीना आरंभ हो चुका है और ऐसे में पूरा भारत इन दिनों गर्मी की तपीश से तप रहा है। मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी ने लोगों का दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। ऐसे में लोग मैदानी क्षेत्र में बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं, जिसके चलते इन दिनों मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार नजर आ रहे हैं। मैदानी क्षेत्र से मनाली पहुंचे सैलानियों को जहां यहां पर गर्मी से राहत मिली है तो वहीं वे यहां के हसीन वादियों में सुकून के पल बिताते हुए भी नजर आ रहे हैं। मनाली घूमने पहुंचे सैलानियों का कहना है कि मनाली पहुंचकर उन्हें गर्मी से काफी राहत मिली है और यहां का मौसम भी काफी सुहाना है। राजस्थान से आए पर्यटक अंशु, प्रत्यूष और अभय का कहना है कि इन दिनों मनाली में काफी भीड़ देखने को मिल रही है, क्योंकि देश के अलग-अलग हिस्सों से भारी संख्या में लोग यहां पर गर्मी से राहत पाने के लिए पहुंचे हैं। जिसके चलते कुछ स्थानों पर ट्रैफिक की समस्या अभी देखने को मिल रही है लेकिन इसके बावजूद भी हम यहां पर आकर काफी खुश है और हमें गर्मी से काफी राहत मिली है।

### होटलों में ऑक्यूपेंसी 90 से 100 प्रतिशत पहुंची

**स्थानीय** निवासी एवं पर्यटन कारोबारी राकेश ठाकुर ने बताया कि इन दिनों मनाली का पर्यटन सीजन अपने चरम पर है और बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। देश-विदेश से सैलानियों का लगातार आगमन हो रहा है, जिससे मनाली के पर्यटन कारोबार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनाली के होटलों में ऑक्यूपेंसी 90 से 100 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिससे होटल व्यवसायियों, टैक्सी चालकों और स्थानीय दुकानदारों के चेहरों पर रौनक लौट आई है। पर्यटन गतिविधियों में आई तेजी से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। हालांकि, राकेश ठाकुर ने यह भी बताया कि पर्यटकों की बढ़ती भीड़ के कारण कई प्रमुख पर्यटन स्थलों और मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। खासकर वीकेंड और छुट्टियों के दौरान जाम की स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि यातायात प्रबंधन को और बेहतर किया जाए तो मनाली पर्यटन और अधिक सुगम व आकर्षक बन सकता है।

# लाहौल-स्पीति पंचायत चुनाव में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन, भाजपा रणनीति को झटका

अनंत ज्ञान

◆ **अनुराधा राणा के नेतृत्व पर जनता ने जताया भरोसा**

**ब्यूरो, केलांग।** प्रदेश में आर्थिक संकट, विकास कार्यों के लिए सीमित बजट और सरकार के खिलाफ विपक्ष की लगातार घेराबंदी के बावजूद जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस को अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिले हैं।

चुनाव नतीजों ने संकेत दिया है कि स्थानीय स्तर पर मतदाताओं ने एंटी इन्कम्बेंसी जैसे कारकों को दरकिनार करते हुए विधायक अनुराधा राणा के नेतृत्व और कार्यप्रणाली पर भरोसा जताया है। जिला परिषद चुनाव में पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक अपने गृह वार्ड में ही चुनाव हार गए। पिछले एक वर्ष से प्रदेश में बजट कटौती और विकास कार्यों की रफ्तार को लेकर विपक्ष कांग्रेस सरकार को लगातार निशाने पर लेता रहा है। भाजपा ने इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाकर सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया, लेकिन पंचायत चुनावों के नतीजों ने इस रणनीति को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने दी। लाहौल-स्पीति में कांग्रेस के पक्ष में आए सकारात्मक परिणामों को पार्टी संगठन और नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। चुनावी सफलता के पीछे विधायक अनुराधा राणा के साथ-साथ हाल ही में जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले युवा नेता दोरजे लारजे की रणनीति और संगठन को एकजुट रखने की क्षमता को भी अहम माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि लारजे ने चुनाव के दौरान बूथ स्तर तक समन्वय स्थापित कर संगठन को सक्रिय बनाए रखा। जिला परिषद की 10 में से 9 सीटों पर हुए चुनावों में कांग्रेस भले ही स्पष्ट बहुमत से एक सीट पीछे रह गई, लेकिन जिन तीन सीटों पर उसके उम्मीदवार विजयी हुए, वहां जीत का अंतर उल्लेखनीय रहा। वहीं, स्पीति उपमंडल में कांग्रेस ने पंचायत समिति पर कब्जा जमाते हुए भाजपा से सत्ता छीन ली। दूसरी ओर लाहौल पंचायत समिति में भी कांग्रेस बहुमत से केवल एक सीट दूर रह गई है। अब लाहौल पंचायत समिति में सत्ता गठन की संभावनाओं को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। विधायक अनुराधा राणा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे लारजे लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं और निर्वाचित सदस्यों के साथ बैठकें कर रणनीति तैयार कर रहे हैं। दोरजे लारजे ने कहा कि पंचायत चुनावों में मिली सफलता विधायक अनुराधा राणा के नेतृत्व पर जनता के बढ़ते विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता ने पूरी ईमानदारी, समर्पण और एकजुटता के साथ चुनाव में काम किया। लारजे का दावा है कि पंचायत चुनावों के नतीजों ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए भी कांग्रेस की स्थिति को मजबूत किया है।

# ओम प्रकाश ठाकुर करें हार स्वीकार, नहीं हुई मतगणना में कोई गड़बड़ी : मोहर सिंह

अनंत ज्ञान



प्रेसवार्ता करते बंजार कांग्रेस के अध्यक्ष मोहर सिंह। अनंत ज्ञान


**ब्यूरो, कुल्लू।** धाउगी जिला परिषद वार्ड के चुनाव परिणाम को लेकर चल रहे विवाद के बीच बंजार कांग्रेस अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर ने आजाद प्रत्याशी ओम प्रकाश ठाकुर पर चुनावी हार को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रही है तथा मतगणना में किसी प्रकार की धांधली नहीं हुई है। मोहर सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले दो दिनों से ओम प्रकाश द्वारा मतगणना में गड़बड़ी के आरोप लगाकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि यह सब केवल राजनीतिक सहानुभूति हासिल करने की कोशिश है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने बताया कि मतगणना सभी प्रत्याशियों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई थी। मतगणना के दौरान 15 टेबलों में से एक टेबल पर मानवीय त्रुटि सामने आई थी। उनके अनुसार आजाद प्रत्याशी प्रेम मेहता के 25 मतों का एक बंडल गलती से ओम प्रकाश ठाकुर के मतों की ढेरी में रख दिया गया था। पुनर्गणना के दौरान यह त्रुटि पकड़ में आई और संबंधित मत सही प्रत्याशी के खाते में जोड़े गए, जिसके बाद मतों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हुई।मोहर सिंह ठाकुर ने कहा कि पुनर्गणना के बाद घोषित परिणाम ही वास्तविक और अंतिम परिणाम है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी जानबूझकर मतगणना में हेराफेरी कर अपनी नौकरी और प्रतिष्ठा को जोखिम में नहीं डाल सकता।उन्होंने बताया कि टेबल नंबर पांच पर हुई इस त्रुटि को संबंधित कर्मचारी ने स्वयं स्वीकार किया है तथा इसे अनजाने में हुई मानवीय भूल बताते हुए खेद भी व्यक्त किया है। बंजार कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि होता है और सभी प्रत्याशियों को उसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने ओम प्रकाश ठाकुर से आग्रह किया कि वे चुनाव परिणाम को स्वीकार करें, मतदाताओं और समर्थकों का धन्यवाद करें तथा जनता को भ्रमित करने के बजाय लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

# आनी में जनगणना प्रगणकों और सुपरवाइजर के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनगणना-2027 के तहत तहसील आनी में पंचायत समिति सभागार में जनगणना सुपरवाइजर तथा प्रगणकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारंभ तहसीलदार आनी एवं जनगणना चार्ज ऑफिसर रत्नेश्वर शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आनी तहसील में कुल 92 एचएलबी हैं। जनगणना कार्य के लिए कुल 16 सुपरवाइजर तथा 89 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं। प्रथम चरण में 2 जून से 4 जून तक 5 सुपरवाइजर तथा 30 प्रगणकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। । प्रशिक्षण का द्वितीय चरण में 5 जून से 9 जून तथा तीसरा चरण 7 जून से 9 जून तक आयोजित होगा। उक्त प्रशिक्षण के लिए दो फील्ड ट्रेनर रोहित कटोच सहायक प्रोफेसर तथा राधिका सहायक प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय आनी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना का प्रथम चरण 16 जून 2026 से 15 जुलाई तक चलेगा । प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और आवास जनगणना होगी । दूसरे चरण में जनसंख्या गणना जिसमें जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक और अन्य जानकारियां दर्ज करना आदि शामिल होगा। जनगणना 2027 में डिजिटल तकनीक और मोबाइल ऐप के उपयोग पर बल रहेगा । उन्होंने कहा कि 1 जून से 15 जून तक प्रत्येक नागरिक जनगणना पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-गणना भी कर सकते हैं ।

# वास्तव में हमारा मन एक वन का प्रतीक : गरिमा भारती





श्रीराम कथा सुनाती हुईं साध्वी गरिमा व राम नाम का गुणगान करते लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित रथ मैदान में आयोजित हो रही श्रीराम कथा से पूरी कुल्लू घाटी श्रीराम नाम से सराबोर हो गई है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से कुल्लू में आयोजित श्रीराम कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास साध्वी गरिमा भारती ने कथा प्रवचनों में कहा कि प्रभु श्रीराम जी ऋषि विश्वामित्र के संग वन प्रांत में जाकर आसुरी शक्तियों को समाप्त करते हैं।

साध्वी ने समझाते हुए कहा कि वास्तव में हमारा मन एक वन का प्रतीक है। ताड़का और सुबाहु मारीच इत्यादि असुर हमारे मन में उठने वाले लोभ, मोह, अहंकार का प्रतीक है। जिस प्रकार से वन प्रांत में प्रभु श्रीराम के प्रकट होने पर आसुरी शक्तियों का अंत हुआ,अंधकार व अज्ञानता समाप्त हुए और शांति के साम्राज्य की स्थापना हुई ठीक वैसे ही हमारे अंतर्गत में जब श्रीराम का प्राकट्य होगा, तब इन विकारों के ऊपर अंकुश लग पाएगा। आवश्यकता है एक सतगुरु के शरणागत होकर अपने अंदर श्रीराम को प्रकट करने की। कथा में साध्वी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और साथ ही हिमाचल घूमने के लिए आने वाले सभी पर्यटकों को सभी देव स्थानों की पवित्रता, गरिमा और स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया। श्री रामकथा का आयोजन 5 जून तक रहेगा। 6 जून को सुबह 9 बजे हवन यज्ञ के बाद कथा को विराम दिया जाएगा। कथा में स्वामी विनयानंद, महात्मा नरेश ने प्रभु राम की महिमा का गुणगान किया। कथा का शुभारंभ पूजन से हुआ, जिसमें कर्मचंद ठाकुर ने परिवार सहित हिस्सा लिया। मंगल आरती में राजपरिवार कुल्लू से दानवेंद्र सिंह, महंत सीताराम जी, भाजपा विस्तारक सुरेश शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा अमित सूद आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षुओं ने सीखी कत्थक नृत्य की बारीकियां

## प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, सूत्रधार कला संगम कुल्लू की ओर से प्रदान किए सहभागिता प्रमाण पत्र

अनंत ज्ञान



कार्यशाला के समापन अवसर पर गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा आयोजित नौ दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह सूत्रधार भवन सभागार में बड़ी धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने कार्यशाला के दौरान सीखे गए कत्थक नृत्य की बारीकियों का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यशाला का संचालन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक नृत्य विशेषज्ञ पं. तापश देबनाथ की ओर से किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को कत्थक नृत्य की बारीकियों एवं पारंपरिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को सूत्रधार कला संगम कुल्लू की ओर से सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यशाला में तारा, मोहिनी, सोनाक्षी, विभूति, स्वाति, श्रीजा, पलक, कादम्बिनी, रीना, भारती, कनिका, सुबुही, अनवेशा, कृष्टि सूद, इशिका कांडा, शैलजा रैना एवं मान्या ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन द्वारा कत्थक गुरु पं. तापश देबनाथ को कुल्लवी परंपरा अनुसार शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा शुद्ध कत्थक तराना, ठुमरी, गुरू बंदना आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में तबले पर अमित महंत, बांसुरी पर निशांत गौतम व हारमोनियम तथा गायन में पं. विद्या सागर ने सहयोग किया। इस दौरान अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि सूत्रधार के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में कत्थक गुरु पं. तापश देबनाथ के निर्देशन में तैयार कत्थक नृत्य की प्रस्तुति भी दी जाएगी । समापन कार्यक्रम पश्चात सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें संरक्षक मंडल सदस्य राजेंद्र सूद सहित अध्यक्ष दिनेश सेन, उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिन्दर ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव मोनिका सागर, मंजुलता शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश गोगी, प्रचार-प्रसार सहप्रभारी धर्मेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुदेश कुमार एवं कैप्टन रणधीर सल्हुरिया, प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य निशांत गौतम, जीवन बुडाल व संजय पुजारी तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे। बैठक में 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की तैयारियों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के अंतर्गत कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र एवं अटल सदन में भव्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 21 जून से 23 जून तक किया जाएगा। बैठक दौरान इस उत्सव के सफल आयोजन के लिए दो उपसमितियों का गठन किया गया, जिसमें आतरिंक समिति कार्यक्रम की रूपरेखा, विधालयों से समन्वय तथा पत्राचार आदि का कार्य देखेगी तथा बाह्य समिति वितीय व्यवस्था एवं प्रचार-प्रसार की व्यवस्था देखेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वर्षगांठ उत्सव के दौरान संस्था के 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' अभियान को विशेष रूप से जन-जागरूकता से जोड़ा जाएगा। इन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एवं मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा कला, संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया जाएगा।

## दूसरी बार जिला परिषद सदस्य बनी, कांग्रेस व भाजपा दोनों को चटाई धूल

# आजाद प्रत्याशी विभा सिंह ने रिकॉर्ड मतों से हासिल की जीत

अनंत ज्ञान

**बंजार।** जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र संख्या-04 ज्येष्ठा से आजाद प्रत्याशी विभा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की है।



मतगणना के दौरान विभा सिंह को कुल 12,728 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमलेश को 4,543 वोट और अंजू शर्मा को 2,516 वोट मिले।

विभा सिंह ने अपने दोनों प्रतिद्वंद्वियों को भारी अंतर से पराजित कर क्षेत्र की राजनीति में नया इतिहास रच दिया। उनकी इस प्रचंड जीत ने कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के प्रत्याशियों को पीछे छोड़ दिया। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया। जीत की घोषणा के बाद विभा सिंह के समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला तथा एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। समर्थकों ने इसे जनता के विश्वास और विकास के मुद्दों की जीत बताया। विभा सिंह ने अपनी जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को देते हुए कहा कि लोगों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और-जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा। ज्येष्ठा वार्ड के चुनाव परिणाम को जिला परिषद चुनावों के सबसे चर्चित और एकतरफा मुकाबलों में से एक माना जा रहा है, जहां मतदाताओं ने स्पष्ट जनादेश देकर विभा सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

### जीत का श्रेय जनता और परिवार को दिया

**विभा** सिंह ने अपनी जीत का श्रेय स्थानीय जनता और अपने पति हितेश्वर सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत पूरी तरह क्षेत्र की जनता के विश्वास और समर्थन का परिणाम है। जीत के बाद विभा सिंह अपने पुश्तैनी घर राजमहल कुल्लू पहुंचीं, जहां उन्होंने रघुनाथ जी मंदिर में माता टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने अपने ससुर महेश्वर सिंह और सास से भी आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी तथा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देंगी

# निरमंड में भाजपा का दबदबा दोनों जिला परिषद सीटों पर जीत

अनंत ज्ञान

◆ **कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के गृह क्षेत्र में क्लीन स्वीप**

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** कुल्लू जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद चुनावों में भाजपा और कांग्रेस को बराबर 2-2 सीटों पर जीत मिली हैं, लेकिन निरमंड खंड में भाजपा ने दोनों सीटों पर कब्जा जमाकर अपनी मजबूत पकड़ का प्रदर्शन किया है।

वहीं, आनी ब्लॉक की बखनाओं और लझेरी जिला परिषद सीटों पर भाजपा में भितरघात के चलते कांग्रेस ने जीत दर्ज की निरमंड खंड के चायल वार्ड से भाजपा प्रत्याशी पिंकी देवी विजयी रहीं। पिंकी देवी ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता तथा पूर्व बीडीसी चेयरपर्सन उषा भारती को पराजित किया। वहीं, ब्रो वार्ड से भाजपा की नीना जोशी ने जीत हासिल कर नया राजनीतिक चेहरा उभरने का संकेत दिया। उन्होंने कामरेड समर्थित देवींद्रा देवी को हराया। कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रही। निरमंड क्षेत्र में भाजपा विधायक लोकेंद्र कुमार और उनकी टीम ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। चुनाव परिणामों को भाजपा की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती का परिणाम माना जा रहा है। इन नतीजों ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। निरमंड क्षेत्र का संबंध प्रदेश कांग्रेस के दो प्रभावशाली नेताओं, मिल्कफेड के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर, जो वर्तमान मुख्यमंत्री के चहेते हैं तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव यूपेंद्र कांत मिश्रा जो स्व. वीरभद्र सिंह परिवार के नजदीकी हैं, से माना जाता है। ऐसे में उनके प्रभाव वाले क्षेत्र में कांग्रेस की हार को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों दिग्गज पूर्व में हुए जिला परिषद चुनावों में हार का स्वाद भी चख चुके हैं। भाजपा नेताओं का दावा है कि निरमंड क्षेत्र लंबे समय से पार्टी का मजबूत गढ़ रहा है और विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को यहां से निर्णायक बढ़त मिलती रही है। इस बार भी भाजपा ने निरमंड में अपनी पकड़ बरकरार रखी। हालांकि पूरे आनी विधानसभा क्षेत्र की चार जिला परिषद सीटों के परिणामों पर नजर डालें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों को 2-2 सीटों से संतोष करना पड़ा, लेकिन निरमंड खंड में भाजपा का क्लीन स्वीप आने वाले राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि हर जीत चुनाव का पहलू है, जिसे जनता का निर्णय मानकर स्वीकार किया जाना चाहिए और सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आनी विधानसभा क्षेत्र की आनी-निरमड की जनता से भाजपा पर विश्वास जताने पर आभार व्यक्त किया है।

# मनाली में जिला परिषद की सभी सीटों पर भाजपा की जीत, कांग्रेस को बड़ा झटका



**अनंत ज्ञान, एम बोकटापा, मनाली।** मनाली विधानसभा क्षेत्र में नगर निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब जिला परिषद की चारों वार्ड सीटों पर भी भाजपा ने जीत दर्ज की है। इन परिणामों के साथ क्षेत्र में कांग्रेस को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले मनाली नगर परिषद की सभी 7 सीटों पर भी भाजपा ने कब्जा जमाया था। जिला परिषद के वशिष्ठ वार्ड से ठाकुर दास, लरांकेलो वार्ड से अनिल राणा, डुगीलग वार्ड से राजकुमार ठाकुर तथा कटराईं वार्ड से जिंदू ठाकुर ने भारी मतों से जीत हासिल की है। जीत के बाद सभी विजयी उम्मीदवारों ने अपनी सफलता का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे और विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। वहीं, एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और सभी परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने निष्पक्ष मतदान के लिए स्थानीय जनता का आभार भी व्यक्त किया।

**बैठक** 6 से शुरू होगा वकसित भारत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम, देशभर के 50 युवा लेंगे भाग

# काजा में दिखेगी देश के विभिन्न राज्यों की झलक

अनंत ज्ञान



एडीएम काजा शिखा अधिकारियों से चर्चा करती हुई। अनंत ज्ञान


**ब्यूरो, काजा।** स्पीति घाटी के मुख्यालय काजा में 6 जून से विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न राज्यों से 50 युवा प्रतिभागी भाग लेंगे, जिसमें देशभर के राज्यों की संस्कृति व जीवनशैली की झलक दिखेगी। इसका मुख्य उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों का समग्र विकास करना है।

यह युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने की बड़ी पहल है। यह जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी काजा शिखा ने इस कार्यक्रम से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बिहार, दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के युवा शामिल हैं। इन युवाओं को सीमांत क्षेत्रों की सामाजिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक परिस्थितियों को निकटता से जानने का अवसर 2 फेज में मिलेगा। कार्यक्रम के लिए कुल 10 सीमांत गांवों की पहचान की गई है। प्रत्येक गांव में पांच प्रतिभागियों का एक समूह बनाया जाएगा। इसमें काजा खास, काजा सोमा, हल, शेगो, किब्बर, रामा खास, लालुंग, हुरलिंग, गयू और लिरित गांवों का चयन किया गया है। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। माय भारत हिमाचल प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। बैठक में एसडीएम दीक्षित राणा, बीडीओ अंशुल, जिला युवा अधिकारी, माय भारत शिमला प्रदीप कुमार, जिला युवा आधिकारी कुल्लू एवं अतिरिक्त प्रभार लाहौल व स्पीति प्रतिभा शर्मा, लेखा अधिकारी माय भारत कुल्लू यांगचेन लामो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा में नगर निगम सोलन के मेयर और डिप्टी मेयर चयन को लेकर संगठन स्तर पर मंथन तेज

## सोलन नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर को लेकर भाजपा में रणनीतिक बैठकों का दौर तेज

अनंत ज्ञान



सोलन नगर निगम नेतृत्व चयन को लेकर बैठकों का दौर जारी। अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी में अब मेयर और डिप्टी मेयर पदों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पार्टी संगठन और नवनिर्वाचित पार्षदों के बीच संभावित नामों पर मंथन शुरू हो चुका है। आगामी दिनों में होने वाले मेयर एवं डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर भाजपा खेमे में चर्चाओं का दौर जारी है। बता दें कि चुनाव में भाजपा ने 17 वार्ड में से 10 सीट जीती है जबकि कांग्रेस के खाते में 6 और एक आजाद प्रत्याशी की जीत हुई है।

मेयर पद के लिए सबसे मजबूत दावेदारों में वार्ड नंबर-2 से लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने वाली सुषमा शर्मा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। लंबे राजनीतिक अनुभव और लगातार मिल रही जनस्वीकृति के कारण उनकी दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही है।

पुरुष पार्षदों में वार्ड नंबर-15 से विजयी अभिषेक ठाकुर का नाम भी चर्चा में है। अधिवक्ता होने के साथ-साथ वे भाजपा के प्रवक्ता और पूर्व मंडल महामंत्री रह चुके हैं। संगठनात्मक अनुभव और राजनीतिक सक्रियता के कारण उन्हें मेयर या डिप्टी मेयर पद के लिए मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

वहीं महिला पार्षदों की बढ़ती संख्या और उनकी मजबूत राजनीतिक स्थिति भाजपा नेतृत्व के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी पैदा कर सकती है। वार्ड नंबर-1 से नीलम और वार्ड नंबर-5 से प्रियंका दूसरी बार पार्षद चुनी गई हैं, जबकि वार्ड नंबर-6 से रेखा साहनी तथा वार्ड नंबर-16 से सीमा लगातार जीत हासिल कर नगर निगम पहुंची हैं। इन सभी नामों को डिप्टी मेयर पद की संभावित दौड़ में देखा जा रहा है।

इसके अलावा पूर्व में मनोनीत पार्षद रह चुकी प्रियंका अग्रवाल ने इस बार वार्ड नंबर-12 से चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन किया है। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और प्रभाव को देखते हुए उनका नाम भी प्रमुख दावेदारों में शामिल माना जा रहा है।
वार्ड नंबर-11 से सरिता ठाकुर की जीत को भी भाजपा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी जीत ने कई क्षेत्रों में पार्टी की साख को मजबूत करने का काम किया है। वार्ड नंबर-4 से रोहित भारद्वाज और वार्ड नंबर-8 से सुरेंद्र कश्यप पहली बार चुनाव जीतकर नगर निगम पहुंचे हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार फिलहाल उनकी दावेदारी अन्य वरिष्ठ पार्षदों की तुलना में अपेक्षाकृत कमजोर नजर आ रही है।

अब सभी की निगाहें भाजपा नेतृत्व के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं। पार्टी अनुभव, संगठनात्मक योगदान, सामाजिक समीकरण और राजनीतिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए किसे मेयर और किसे डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी सौंपती है, यह आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा।

# गरिमा ठाकुर ने लैब तकनीशियन परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 306 वीं रैंक हासिल की

अनंत ज्ञान



गरिमा ठाकुर को शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए। अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** पंचायत के गांव नौणी की बेटी गरिमा ठाकुर ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जामिनेशन (सीआरई) लैब तकनीशियन परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 306 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गरिमा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे दाड़लाघाट क्षेत्र में खुशी की लहर है तथा परिजन, रिश्तेदार और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गरिमा ठाकुर, नरेश कुमार (गिट्टू) की पुत्री हैं और उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, लगन एवं समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनकी नियुक्ति अब कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत ईएसआईसी अस्पताल बद्दी में लैब तकनीशियन के पद पर हुई है। गरिमा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। वहीं बड़ी बहन और जीजा से मिले निरंतर प्रोत्साहन एवं सहयोग ने उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गरिमा का कहना है कि यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उनकी इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। पंचायत प्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत प्रधान दाड़लाघाट श्याम सिंह चौधरी, उपप्रधान हेमराज, पंचायत समिति सदस्य संगीता सोनी, पूर्व उपप्रधान दाड़लाघाट राजेश गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्षा सोमा कौंडल, वेदप्रकाश शुक्ला, जगदीश ठाकुर, राम कृष्ण शर्मा, जय सिंह ठाकुर, मोहन सिंह ठाकुर, शंकर दास अरोड़ा, जय पाल चौधरी एवं स्थानीय लोगों ने गरिमा ठाकुर की इस उपलब्धि को दाड़लाघाट क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गरिमा ठाकुर की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है। सेवाओं और कार्यकुशलता से क्षेत्र तथा प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हार के बाद भी दिल जीत गए मुकेश ठाकुर 'रॉकी' भावुक संदेश बना चर्चा का केंद्र



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पंचायत चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन कुछ उम्मीदवार अपने व्यवहार और सोच से चुनाव परिणामों से कहीं बड़ी जीत हासिल कर लेते हैं। चेवा पंचायत में बेहद करीबी अंतर से प्रधान पद का चुनाव हारने वाले मुकेश ठाकुर 'रॉकी' इन दिनों इसी वजह से चर्चा में हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद रॉकी द्वारा जारी किया गया एक भावुक आभार संदेश चर्चा का विषय बना हुआ है। अपने संदेश में उन्होंने न केवल अपने समर्थकों, बल्कि उन मतदाताओं का भी धन्यवाद किया है जिन्होंने उन्हें वोट नहीं दिया। उनके इस सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण संदेश ने लोगों का दिल जीत लिया है।झ्र पोस्टर में रॉकी ने लिखा है कि हार-जीत तो चुनाव का हिस्सा है, लेकिन जनता के साथ उनका रिश्ता दिलों का है। उन्होंने स्वयं को चेवा पंचायत का बेटा बताते हुए कहा कि वह हमेशा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहेंगे और सेवा का उनका संकल्प आगे भी अटल रहेगा। रॉकी ने अपने संदेश में कहा कि चुनाव परिणाम चाहे जो भी रहा हो, लेकिन जनता का प्यार और विश्वास उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत के लोगों के लिए उनके दरवाजे पहले की तरह हमेशा खुले रहेंगे और जो भी कार्य उनके सामर्थ्य में होगा, उसे पूरी निष्ठा से करने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि चेवा पंचायत का चुनाव इस बार शुरू से ही बेहद रोचक और चर्चित रहा। पूरे चुनाव अभियान के दौरान यहां राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर रहीं और मतदान के बाद भी मुकाबला बेहद कांटे का साबित हुआ। चुनाव परिणाम के बाद भी क्षेत्र में राजनीतिक चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग सोशल मीडिया पर भी पोस्ट और संदेश साझा कर रहे हैं, जिनमें विभिन्न उम्मीदवारों के समर्थक अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। वहीं कई लोगों ने इस चुनाव को लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बताते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर संतोष जताया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के करीबी मुकाबले आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति को और अधिक सक्रिय और प्रतिस्पर्धी बनाएंगे। उम्मीदवारों के व्यवहार और संदेशों को लोग सकारात्मक उदाहरण के रूप में देख रहे हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द भी बना रहने की उम्मीद है।

### शारीरिक शिक्षक (जॉब ट्रेनी) के 14 रिक्त पदों की बैचवार भर्ती के लिए काउंसलिंग 3 से 9 जून तक

**सोलन।** जिला सोलन में शारीरिक शिक्षक (जॉब ट्रेनी) के 14 रिक्त पदों को बैचवार आधार पर भरने के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 03 से 09 जून, 2026 तक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उप निदेशक स्कूल शिक्षा (प्रारम्भिक) सोलन ने दी। उन्होंने कहा कि सोलन ज़िला में शारीरिक शिक्षक के कुल 14 पद हैं। इनमें 06 पद अनारक्षित, 02 पद आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, 02 पद अन्य पिछड़ा वर्ग (अनारक्षित), 03 पद अनुसूचित जाति वर्ग (अनारक्षित) तथा 01 पद अनुसूचित जनजाति वर्ग (अनारक्षित) के लिए है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार को अपने गृह ज़िला में निर्धारित प्रपत्र पर ज़िलों की प्राथमिकताओं का क्रम भरकर देना होगा। उन्होंने कहा कि एक बार दी गई प्राथमिकता को किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को अपने गृह ज़िला में ही काउंसलिंग के लिए उपस्थित होना होगा। उम्मीदवारों को अपने गृह ज़िला में ही सभी 12 ज़िलों की प्राथमिकताएं प्रस्तुत करनी हैं। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने वाला उम्मीदवार 12 ज़िलों में से किसी भी ज़िला में भर्ती के लिए पात्र है। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक के पद के लिए उम्मीदवार का भर्ती एवं पदोन्नति नियम 10 जनवरी, 2011 के अनुसार निर्धारित योगयता पूर्ण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भर्ती एवं पदोन्नति नियम की प्रतिलिपि विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उप निदेशक ने कहा कि ज़िला सोलन में शारीरिक शिक्षक पदों के लिए रोज़गार कार्यालय द्वारा प्रेषित उम्मीदवारों के नाम की सूची कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उम्मीदवार समय पर काउंसलिंग में उपस्थित रहें।

### छह जून को दिलाई जाएगी नव निर्वाचित नाहन पार्षदों को शपथ

अनंत ज्ञान, नाहन नगर परिषद के नव निर्वाचित पार्षदों 6 जून को शपथ दिलाई जाएगी। एसडीएम नाहन राजीव संख्यान में इस बाबत मीटिंग बुलाने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। इस दिन शपथ के बाद अगर कोरम पूरा हुआ तो नप अध्यक्ष का चुनाव भी कराया जा सकता है।अन्यथा दो या तीन दिन के भी अगली मीटिंग बुलाई जायेगी। इस मिटिंग में कोरम पूरा करने की शर्त नहीं होगी और चुनाव होगा। कोरम पूरा करने के लिए 13 में से 10 सदस्यों का उपस्थित होना जरूरी है। चुनावी नतीजों के अनुसार नगर परिषद के 13 वार्डो में 7 पर कब्जा कर के बीजेपी ने बहुमत है लेकिन 6 वार्डो पर जीत हासिल करने वाली कांग्रेस नप चुनाव में तीसरी बार फिर से बहुमत से दूर रही है। लेकिन इस बार कांग्रेस के पार्षद नगर परिषद में अध्यक्ष की कुर्सी को हर हाल में झटकने के मूड़ में लगते है। इसके लिए विधायक की वोट का इस्तेमाल होगा अगर भाजपा पार्षदों कोई टूट नही हो पाई। विधायक की वोट डालने से दोनों तरफ 7- 7 का आंकड़ा होने टॉस के जरिये चुनाव होगा, यानी किसी भी तरफ पासा पलट सकता है।अब देखना यह है कि क्या बहुमत में आए बीजेपी समर्थित पार्षद एक जुट होकर अध्यक्ष चुनते हैं या फिर कोई पद की महत्वकांक्षा के चलते कोई एक नया इतिहास ही रच दे। यह सब आने वाले दिनों में तय होना है।कांग्रेस के विधायक अजय सोलंकी ने नप अध्यक्ष के होने वाले चुनाव को लेकर कहा कि इस बारे में नजर रखी जा रही हैं। जरूरत पड़ी तो वो अपना मत नप अध्यक्ष चुनाव में डालेंगे।भाजपा के राज्य सह मीडिया प्रभारी विक्रम वर्मा ने कहा कि बीजेपी ने नगर परिषद नाहन में तीसरी बार भगवा फहराया है। नप में बहुमत हमारे पास है। कांग्रेस की हसरतें पूरी नहीं होंगी। अध्यक्ष पद पर बीजेपी की महिला पार्षद ही काबिज होगी।इस मामले में एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि नव निर्वाचित पार्षदों को 6 जून को प्रातःकाल 11 बजे शपथ दिलाई जाएगी। इस दिन कोरम पूरा हुआ तो चुनाव होंगे अन्यथा दुबारा मिटिंग रखी जायेगी।

# विक्रमादित्य सिंह बोले गुणवत्तायुक्त शिक्षा ही समावेशी एवं दीर्घकालिक विकास का आधार



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करते मंत्री। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लोक निर्माण तथा शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा ही समावेशी एवं दीर्घकालिक विकास का आधार है। विक्रमादित्य सिंह लारेंस स्कूल सनावर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दी लारेंस स्कूल, सनावर को पठन-पाठन की समृद्ध विरासत के लिए जाना जाता है और यहां के छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए आशा जताई कि भविष्य में सभी छात्र अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करेंगे।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश के सर्वाधिक साक्षर राज्यों में से एक है। इसका श्रेय जहां हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. यशवंत सिंह परमार की दूरगामी सोच को जाता है वहीं प्रदेश में समय-समय पर रहे नेतृत्व ने हिमाचल को आदर्श एवं समृद्ध राज्य बनाने के लिए अथक प्रयास किए हैं।

# मनमोहन शर्मा ने सभी जिलावासियों से स्व गणना विकल्प का उपयोग करने की अपील की



सोलन में स्व गणना अभियान को लेकर जागरूकता तेर्ज। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आज यहां स्व गणना विकल्प का शुभारम्भ करते हुए सोलन ज़िला के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि इस माध्यम से ऑनलाईन सही जानकारी प्रस्तुत कर जनगणना महा अभियान में भागीदार बनें। मनमोहन शर्मा ने आज स्व गणना के माध्यम से ऑनलाईन अपना डाटा प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि जनगणना निदेशालय द्वारा प्रस्तुत स्व गणना विकल्प एक ऑनलाईन माध्यम है।

इसके माध्यम से सभी नागरिक प्रथम जून से 15 जून, 2026 तक स्व गणना दर्ज कर सकते हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि उपरोक्त पोर्टल पर अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज की जाएगी।

उन्होंने कहा कि स्व गणना के उपरांत 11 नम्बर का आईडी नम्बर मिलेगा। इस 11 अंक के स्व गणना आई नम्बर को नागरिकों को उन जनगणना कर्मियों को बताना होगा जो घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण 16 जून, 2026 से 15 जुलाई, 2026 के मध्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आईडी नम्बर के माध्यम से स्व गणना के दौरान पोर्टल पर अंकित जानकारी जनगणना कर्मी के मोबाइल ऐप पर दिख जाएगी। इससे नागरिक और जनगणना कर्मी को सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से आंकड़ों की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी तथा प्रशासन को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। और विकास कार्यों में तेजी आएगी।

### जिला परिषद चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला परिषद सोलन के सभी 17 वार्डों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नम्बर-1 दाडला से मीनाक्षी ठाकुर को विजयी घोषित किया गया। इस वार्ड में इन्दु शर्मा को 4530, बनीता देवी को 3728, मीनाक्षी ठाकुर को 5458 तथा सीमा देवी को 4757 मत प्राप्त हुए। कुल मतदान 18983 रहा। इनमें विधि मान्य मत 18473, अस्वीकृत मत 309 तथा नोटा को प्राप्त मत 201 रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वार्ड नम्बर-2 सूरजपुर से शशी कान्त को विजयी घोषित किया गया। इस वार्ड में कपिल देव को 4846, कृष्ण देव 614, मनोहर लाल 1236, रमेश चन्द को 5151 तथा शशी कान्त 6758 मत प्राप्त हुए। नवनिर्वाचित पार्षदों को प्रशासन ने दी शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विजय प्रमाण पत्र प्राप्त कर भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षद ने विकास कार्यों को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

अनंत ज्ञान



विजय प्रमाण पत्र लेते पार्षद एवं उपायुक्त । अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव में विजयी रहे भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षद मंगलवार को विजय प्रमाण पत्र (प्रारूप-46) प्राप्त करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन के कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा मंडल शहरी सोलन के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, महामंत्री संजय मलिक, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ठाकुर, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, कार्यालय सचिव जगदीश गर्ग, जिला सोलन मीडिया प्रभारी संजीव मोहन तथा वरिष्ठ भाजपा नेता अमरदीप पंजा भी उपस्थित रहे।

विजय प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले नवनिर्वाचित पार्षदों में वार्ड संख्या-1 से नीलम कुमारी, वार्ड संख्या-2 से सुषमा शर्मा, वार्ड संख्या-4 से रोहित भारद्वाज, वार्ड संख्या-5 से डॉ. प्रियंका पंजा, वार्ड संख्या-6 से रेखा साहनी, वार्ड संख्या-8 से सुरेन्द्र कश्यप, वार्ड संख्या-11 से सरिता ठाकुर, वार्ड संख्या-12 से प्रियंका अग्रवाल, वार्ड संख्या-15 से अभिषेक ठाकुर तथा वार्ड संख्या-16 से सीमा शामिल रहीं। इस दौरान नवनिर्वाचित पार्षदों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने नगर निगम सोलन चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन तथा जिला निर्वाचन अधिकारी सोलन का आभार व्यक्त किया।

भाजपा नेताओं एवं पार्षदों ने ला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर शहर के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। नवनिर्वाचित पार्षदों ने कहा कि वे अपने-अपने वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, पेयजल आपूर्ति, सड़क रखरखाव तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करेंगे। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनसहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए नागरिकों के सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट से मिला तीन दिन का पुलिस रिमांड

अनंत ज्ञान



आरोपी पुलिस के गिरफत में। अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस थाना सदर, सोलन को क्षेत्रीय अस्पताल, सोलन से सूचना प्राप्त हुई कि काली माता मंदिर क्षेत्र में हुए हिंसक झगड़े में घायल व्यक्तियों को उपचार हेतु अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच प्रारम्भ की गई। प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि काली माता मंदिर, शामती-राजगढ़ मार्ग पर दो वाहनों के बीच हुई मामूली टक्कर के बाद विवाद उत्पन्न हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार, बाद में आरोपी पक्ष द्वारा खुण्डीधार क्षेत्र में शिकायतकर्ता पक्ष के व्यक्तियों के साथ गाली-गलौज, धमकी एवं मारपीट की गई। इसके उपरांत शूलिनी माता मंदिर के समीप आरोपियों ने शिकायतकर्ता पक्ष के वाहन को रोककर उस पर हमला किया तथा लोहे की रॉड, गंडासे एवं अन्य हथियारों से हमला कर व्यक्तियों को गंभीर चोटें पहुंचाईं। घटना में एक व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसे चिकित्सकों द्वारा आगामी उपचार हेतु आईजीएमसी, शिमला रेफर किया गया। वाहन को भी क्षति पहुंचाई गई। घटना के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सदर, सोलन में मामला दर्ज कर गहन जांच प्रारम्भ की गई। मामले से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे पुलिस द्वारा जांच का हिस्सा बनाया गया है। जिला पुलिस सोलन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी चिराग वर्मा (25 वर्ष), निवासी महादेव विला, हॉस्पिटल रोड, सोलन को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

# नौणी के पांच छात्र जनजातीय गरिमा उत्सव में होंगे शामिल, राष्ट्रपति से करेंगे संवाद

अनंत ज्ञान



सभी चयनित छात्रों को राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए बधाई दी । अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पांच वर्तमान एवं पूर्व छात्रों का चयन 2 जून, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले एक विशेष कार्यक्रम में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से संवाद हेतु किया गया है।

चयनित विद्यार्थियों में अभिषेक नेगी, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. सुमन बोध, डॉ. सुदर्शना तथा डॉ. मोहम्मद हुस्नैन शामिल हैं। इनका चयन भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रपति संवाद कार्यक्रम के लिए किया गया है। ये छात्र जनजातीय समुदायों की उन प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्होंने नेशनल फेलोशिप फॉर शेड्यूल्ड ट्राइब्स (हस्नस) का लाभ प्राप्त कर उच्च शिक्षा, उन्नत अनुसंधान तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर हैं। इस अवसर पर देशभर से लगभग 200 प्रतिभाशाली जनजातीय शोधार्थी राष्ट्रपति के साथ संवाद में भाग लेंगे। यह आयोजन 'बिरसा लाइव्स इन न्यू भारत वीक' (25 मई से 2 जून, 2026) के दौरान किया जा रहा है, जो भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणादायी विरासत को समर्पित है। चयनित विद्यार्थियों में अभिषेक नेगी वर्तमान में विश्वविद्यालय के एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट विभाग में पीएच.डी. कर रहे हैं। उनका शोध भारत में गिग वर्कर्स की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों और उभरती चुनौतियों पर केंद्रित है। कार्यक्रम के लिए चयनित विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं।

डॉ. ज्योति चौधरी ने बी.एससी. (ऑनर्स) फॉरेस्ट्री तथा एग्रोफॉरेस्ट्री में पीएच.डी., डॉ. सुमन बोध ने फल विज्ञान में डॉक्टरेट, डॉ. सुदर्शना ने माइक्रोबायोलॉजी तथा डॉ. मोहम्मद हुस्नैन ने वानिकी में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में सभी विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संकाय सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.एस. बवेजा ने सभी चयनित छात्रों एवं पूर्व छात्रों को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उनके चयन के लिए बधाई दी है।

यह उपलब्धि न केवल चयनित विद्यार्थियों और पूर्व विद्यार्थियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि विश्वविद्यालय के लिए भी एक महत्वपूर्ण सम्मान है।

राष्ट्रपति संवाद कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर उन प्रतिभाशाली शोधार्थियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा सामाजिक योगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे राष्ट्रीय स्तर के मंच विद्यार्थियों को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्तित्व से सीधे संवाद करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें अपने विचार, अनुभव और सुझाव साझा करने की प्रेरणा मिलती है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पोस्टर मेकिंग में निखिल और नारा लेखन में अखिलेश ने झटका प्रथम स्थान




प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय पझौता की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 31 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बांगी में पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तंबाकू निषेध तथा नशा निवारण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों को रचनात्मक ढंग से अपने पोस्टरों और नारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देते हुए प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निखिल ने प्रथम, सूरज ने द्वितीय तथा मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं नारा लेखन प्रतियोगिता में अखिलेश ने प्रथम, श्रद्धा ने द्वितीय तथा सुमित शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। युवाओं में सामाजिक चेतना विकसित करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है

# बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की कुर्सी पर घमासान

## कांग्रेस का बहुमत का दावा, भाजपा भी सक्रिय; 19 सदस्यीय समिति में 10 का आंकड़ा जरूरी

अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में पंचायत समिति (बीडीसी) अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अब सभी की नजरें 19 सदस्यीय पंचायत समिति पर टिकी हैं, जहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन होना है। दोनों पदों पर जीत के लिए 10 सदस्यों का समर्थन आवश्यक है, जिसके चलते कांग्रेस और भाजपा दोनों बहुमत होने का दावा कर रही हैं।

विकास खंड बंगाणा के 19 पंचायत समिति वार्डों के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के बाद सभी वार्डों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं और अब निर्वाचित सदस्य पंचायत समिति के नए नेतृत्व का चुनाव करेंगे। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद दोनों प्रमुख दल अपने-अपने समर्थित सदस्यों की संख्या का आकलन करने में जुट गए हैं। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर दोनों दलों ने संपर्क अभियान और बैठकों का दौर तेज कर दिया है। समर्थित सदस्यों को एकजुट रखने की रणनीति पर भी काम किया जा रहा है। पंचायत समिति गठन की प्रक्रिया पूरी होने तक राजनीतिक अटकलों का दौर जारी रहने की संभावना है।

उधर, प्रशासन ने सभी निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वे ग्रामीण विकास, जनकल्याण और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों और मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया गया है।

अब पूरे उपमंडल बंगाणा की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 19 सदस्यीय पंचायत समिति में बहुमत का जादुई आंकड़ा किस दल के पक्ष में जाता है और आखिर बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का ताज किसके सिर सजता है। आने वाले दिनों में होने वाला यह फैसला बंगाणा की स्थानीय राजनीति की दिशा तय करने वाला साबित हो सकता।



### विधायक विवेक शर्मा के संपर्क में कई सदस्य

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा के समर्थकों का दावा है कि अधिकांश निर्वाचित बीडीसी सदस्य उनके संपर्क में हैं। चुनाव जीतने के बाद कई सदस्य विधायक कार्यालय पहुंचकर समर्थन जता चुके हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पंचायत चुनावों में जनता ने विकास और जनहित की राजनीति पर विश्वास जताया है, जिसका असर पंचायत समिति गठन में भी दिखाई देगा। सूत्रों के अनुसार कई नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों और बीडीसी सदस्यों ने विधायक विवेक शर्मा से मुलाकात कर विकास कार्यों में सहयोग की अपेक्षा जताई है। कांग्रेस खेमे का दावा है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर उनके समर्थित उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे।

### भाजपा भी साध रही राजनीतिक समीकरण

दूसरी ओर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर और भाजपा समर्थक नेताओं के प्रभाव वाले क्षेत्रों से भी कई बीडीसी सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं। ऐसे में भाजपा को भी पंचायत समिति गठन में अहम भूमिका की उम्मीद है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कुछ सदस्य निर्दलीय या स्थानीय समर्थन के आधार पर चुनाव जीतकर आए हैं, जिससे अंतिम समय तक समीकरण बदलने की संभावना बनी हुई है।

# 15 को होगी आपदा तैयारी की परख

## आपदा प्रबंधन के लिए विभागीय तालमेल अत्यंत आवश्यक : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 15 जून को प्रदेशभर में राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में ऊना जिले में भी भूकंप, बादल फटने और वनाग्नि जैसी संभावित आपदाओं को आधार बनाकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त सोमवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन एवं समन्वय सम्मेलन में एनआईसी ऊना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग ले रहे थे। इस दौरान एनडीएमए तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने मेगा मॉक ड्रिल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा तैयारियों की समीक्षा की।



जतिन लाल ने बताया कि मेगा मॉक ड्रिल से पूर्व 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और आपदा प्रतिक्रिया तंत्र की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इसी दौरान जिले में मॉक ड्रिल के लिए चयनित स्थलों और परिकल्पित आपदा परिदृश्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि 15 जून को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के दौरान जिले के सभी उपमंडलों में एक-एक स्थल पर अलग-अलग परिकल्पित आपदा परिदृश्यों के आधार पर राहत एवं बचाव गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। इन स्थलों तथा परिदृश्यों का अंतिम चयन 12 जून को आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों की त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों की उपलब्धता, आपसी समन्वय तथा जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन किया जाएगा। साथ ही आम नागरिकों से मॉक ड्रिल के दौरान सहयोग करने और आपदा संबंधी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। जतिन लाल ने बताया कि राज्य स्तरीय इस अभ्यास में सभी संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिला आपदा प्रबंधन योजना के अनुरूप प्रत्येक विभाग को निर्धारित जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा में फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर 6 को

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ऊना की ओर से 6 जून 2026 (शनिवार) को बंगाणा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर होटल आशीर्वाद, बंगाणा में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डायबिटीज एवं जनरल मेडिसिन से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान करेंगे। शिविर के दौरान ईसीजी, मधुमेह (शुगर) जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 80916-39852, 80910-39852 तथा दूरभाष नंबर 01975-280550 पर संपर्क कर सकते हैं।

### लखबीर सिंह 'लक्की' की हो रही सराहना

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** ग्राम पंचायत गंगोट के उपप्रधान पद के चुनाव में महज 60 मतों से पीछे रहने के बावजूद पांच प्रत्याशियों में दूसरे स्थान पर रहे लखबीर सिंह 'लक्की' इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। चुनाव हारने के बाद भी उनका जनसंपर्क और लोगों के प्रति सकारात्मक रवैया ग्रामीणों की सराहना बटोर रहा है। जहां अक्सर चुनाव समाप्त होने के बाद कई प्रत्याशी जनता से दूरी बना लेते हैं, वहीं लखबीर सिंह लगातार पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर मतदाताओं का आभार व्यक्त कर रहे हैं। वे चुनाव परिणाम को लोकतंत्र का सम्मानजनक निर्णय मानते हुए लोगों के बीच सक्रिय बने हुए हैं। लखबीर सिंह ने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर स्नेह और समर्थन मिला है, जिसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी पद पर होना ही जनसेवा का एकमात्र माध्यम नहीं है। वे आगे भी क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

## कामगार कल्याण बोर्ड के सहयोग से मुख्यमंत्री एकल नारी आवास योजना में पूरा हो रहा पक्के घर का सपना

# मनजीत कौर को जल्द मिलेगा पक्का आशियाना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** बरसात की रातों में कच्चे मकान की टपकती छत के नीचे बच्चों की सुरक्षा की चिंता में कई रातें जागकर बिताने वाली मनजीत कौर के जीवन में अब उम्मीद की नई सुबह आई है। वर्षों से संजोया गया पक्के घर का सपना अब साकार होने की राह पर है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जनकल्याणकारी सोच के अनुरूप हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री एकल आवास योजना के तहत मिली सहायता ने विकास खंड हरोली की ग्राम पंचायत सलोह की 48 वर्षीय मनजीत कौर को अपने परिवार के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक आशियाना बनाने का संबल दिया है। आर्थिक तंगी के कारण जो सपना कभी दूर नजर आता था, वह आज धीरे-धीरे हकीकत में बदल रहा है।

मनजीत कौर बताती हैं कि करीब आठ वर्ष पूर्व पति के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। दो बेटों की परवरिश, उनकी पढ़ाई और घर-गृहस्थी चलाने का संघर्ष उनके जीवन का हिस्सा बन गया। सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने मनरेगा और दिहाड़ी मजदूरी के सहारे परिवार का पालन-पोषण किया।



मनजीत कौर बताती हैं कि लंबे समय तक उनका परिवार एक कच्चे मकान में रहा, जहां विशेषकर बरसात के मौसम में छत से पानी टपकने के कारण अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार बारिश की रातें चिंता और बेचैनी में गुजरती थीं। ऐसे में पक्का घर बनाना उनके लिए किसी सपने से कम नहीं था। आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे अपने दम पर मकान का निर्माण कर पातीं।

उन्होंने बताया कि मनरेगा में कार्य करने के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि 90 दिन या उससे अधिक कार्य करने वाले श्रमिक हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाने के पात्र होते हैं। वे मनरेगा के तहत 90 दिनों से अधिक कार्य कर चुकी थीं, इसलिए उन्होंने बोर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया। पंजीकरण के बाद उन्हें बोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री एकल नारी आवास योजना के तहत सहायता स्वीकृत हुई, जिससे उनके पक्के घर के निर्माण का सपना साकार हो रहा है।

मकान निर्माण के लिए उन्हें अब तक एक लाख रुपये की पहली किस्त प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में मकान का लेंटर डालने का कार्य प्रगति पर है। निर्माण के अगले चरण में उन्हें एक लाख रुपये की दूसरी किस्त प्रदान की जाएगी, जबकि मकान पूर्ण होने पर 50-50 हजार रुपये की दो अतिरिक्त किस्तें भी जारी की जाएंगी। इस प्रकार चरणबद्ध रूप से मिल रही वित्तीय सहायता उनके घर के निर्माण कार्य को निरंतर गति दे रही है।

मनजीत कौर कहती हैं कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं ने उनके जैसे जरूरतमंद परिवारों को नई उम्मीद दी है। उनका कहना है कि जिस पक्के घर की कल्पना कभी दूर-दूर तक संभव नहीं लगती थी, आज उसका निर्माण उनकी आंखों के सामने हो रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री तथा प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

वहीं, जिला श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने बताया कि जिला ऊना में अब तक 1,166 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 6.26 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह सहायता शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा, विवाह सहायता तथा आवास निर्माण जैसी योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई है।

### कांग्रेस ने नीट परीक्षा व शिक्षा व्यवस्था के मुद्दों पर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला कांग्रेस कमेटी ऊना ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष देशराज गौतम के नेतृत्व में उपायुक्त ऊना के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीट परीक्षा से जुड़े विवादों, परीक्षा प्रणाली में सामने आई अनियमितताओं तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई गई।

जिला अध्यक्ष देशराज गौतम ने कहा कि देश की प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आए विवादों और अनियमितताओं ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की चिंताएं बढ़ाई हैं। उनका कहना था कि लाखों छात्र वर्षों की मेहनत के बाद इन परीक्षाओं में शामिल होते हैं, इसलिए परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में विभिन्न स्तरों पर सुधार की आवश्यकता है तथा परीक्षा संचालन से जुड़े मामलों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में राष्ट्रपति से अनुरोध किया गया कि छात्रों के हितों की सुरक्षा, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में धूमधाम ये मनाया स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में डीएवी स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा सहित समस्त अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने वैदिक परंपरा के अनुसार आयोजित हवन यज्ञ में भाग लिया। हवन के माध्यम से विद्यालय परिवार ने विश्व कल्याण, राष्ट्र की उन्नति तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर महान शिक्षाविद् महात्मा हंसराज, स्वामी दयानंद सरस्वती तथा डीएवी आंदोलन के अन्य महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उन्होंने उनके आदर्शों, त्याग एवं शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने समूहगान एवं लघु नाटिकाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से आर्य समाज एवं डीएवी संस्थाओं के मूल सिद्धांतों, वैदिक संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा समाज सुधार के संदेश को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं आत्मविश्वास ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। दीपिका शर्मा ने विद्यार्थियों को आर्य समाज के दस नियमों का पालन करने, सत्य, अनुशासन एवं सदाचार के मार्ग पर चलने तथा एक आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्थाएं केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास के लिए भी समर्पित हैं। विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन वैदिक मंत्रोच्चारण एवं डीएवी गान के साथ हुआ। इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिवार ने डीएवी के महान आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### भाजपा बयानबाजी छोड़ जनहित पर दे ध्यान : हीरापाल सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश सचिव ठाकुर हीरा पाल सिंह ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव परिणामों को लेकर भाजपा नेताओं की बयानबाजी पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि हर मुद्दे के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सरकार की नीतियों की समीक्षा करना है, लेकिन केवल विरोध के लिए विरोध करना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है। विपक्ष को जनता के मुद्दों पर समाधान की दिशा में सहयोग करना चाहिए। हीरा पाल सिंह ने भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे राजनीतिक लाभ के बजाय प्रदेश के विकास और जनहित को प्राथमिकता दें।

### रंडोह गांव में नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दाभला पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित रंडोह गांव में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विजयी प्रतिनिधियों को फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं। पंचायत प्रधान रेखा ने ग्रामीणों के स्नेह के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए भावुक करने वाला है। उन्होंने लोगों के सहयोग को अपनी जिम्मेदारी बताया। सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा किया जाएगा और गांव के अधूरे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

# जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस को जनता ने दिया करारा जवाब : जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद चुनावों में चारों वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत के बाद विधायक त्रिलोक जम्वाल ने इसे जनता का स्पष्ट जनादेश बताया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के आक्रोश को दर्शाते हैं और क्षेत्र की जनता ने एक बार फिर भाजपा के पक्ष में मतदान कर भरोसा जताया है। विधायक ने कहा कि बामटा वार्ड से सपना, ननावां से प्रमिला, कुठेड़ा से निशु देवी और बरमाना से अशोक कुमार की जीत भाजपा की नीतियों और संगठन की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों में विकास के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है, जिससे हर वर्ग में असंतोष है।



विजेता उम्मीदवारों के साथ विधायक त्रिलोक जम्वाल।

जम्वाल ने यह भी कहा कि सरकार ने पंचायतीराज चुनावों को टालने के प्रयास किए, लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुए चुनावों में जनता ने अपनी राय स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि सरकार के प्रति जनभावना की अभिव्यक्ति है।

उन्होंने सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा जिला परिषद के माध्यम से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देगी। सभी विजेताओं ने जनता के विश्वास पर खरा उतरने और पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया। पत्रकार वार्ता में मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र संख्यान, सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## घुमारवीं में किसान सभा की राज्य स्तरीय बैठक 8 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय बैठक आगामी 8 जून (सोमवार) को प्रातः 11 बजे घुमारवीं में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा करेंगे। सभा के प्रदेश महासचिव सीता राम शर्मा ने बताया कि बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। प्रदेश में संपन्न हुए पंचायतराज संस्थाओं के चुनावों के बाद यह पहली महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें चुनाव परिणामों की समीक्षा के साथ-साथ संगठन की आगामी रणनीति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### बीडीटीएस बरमाणा में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विवाद गहराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला ट्रक ऑपरेटर्स परिवहन सहकारी सभा लिमिटेड (बीडीटीएस) बरमाणा में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विवाद गहरा गया है। पूर्व प्रधान नीलम चंदेल ने इसे जबरन थोपा गया फैसला बताते हुए सुनियोजित षड्यंत्र करार दिया है। चंदेल ने दावा किया कि 21 सदस्यीय कार्यकारिणी में उनके पक्ष के 10 सदस्य मजबूती से खड़े हैं, जबकि विपक्ष के 11 सदस्यों में से दो की सदस्यता पहले ही निलंबित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद कार्यकारिणी में बदलाव नियमों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष 84 वर्षीय सदस्य जीतराम गौतम को आगे कर निजी हित साधने की कोशिश कर रहा है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से मामले के निष्पक्ष समाधान के लिए प्रशासक नियुक्त करने की मांग की।

# मिनर्वा स्टडी सर्किल के 5 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में मारी बाजी



अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** जेईई एडवांस्ड में शानदार प्रदर्शन कर आईआईटी में प्रवेश सुनिश्चित करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में मिनर्वा स्टडी सर्किल, घुमारवीं में 'शाबाशियां समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चयनित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का फूलमालाओं और तालियों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

संस्थान के पांच विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड में उत्कृष्ट रैंक हासिल की। आदित्य ने एआईआर 177, पावन ने 490, मेधांश ने 7947, प्रगुण ने 15025 और वरिन ने 19132वीं रैंक प्राप्त कर आईआईटी में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने सफलता की यात्रा साझा की। अभिभावकों ने संस्थान की शिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि मिनर्वा ने छात्रों में आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण विकसित किया। संस्थान के सीएमडी राकेश चंदेल ने कहा कि यह सफलता वर्षों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। एमडी स्वदेश चंदेल ने कहा कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रबंधक प्रवेश चंदेल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह शुरुआत है और आगे और अधिक विद्यार्थियों को इसी राह पर लाना लक्ष्य होना चाहिए।

### बिलासपुर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों के परिणाम घोषित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह जिले में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने एकतरफा जीत हासिल की है। जिला परिषद की सभी सीटों पर भाजपा को विजय मिली, जबकि कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी और उसका खाता तक नहीं खुल पाया। इसे जिले में भाजपा की सबसे बड़ी जीत माना जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने इस जीत को जनता के विकास और सुशासन पर भरोसे का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने कांग्रेस की दिशाहीन राजनीति को साफ तौर पर नकार दिया है। सभी निर्वाचित सदस्य क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगे।

### धौलरा में बाबा नाहर सिंह मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिले के आराध्य देव बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा में मंगलवार को श्रद्धा और आस्था का बड़ा संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई और दोपहर तक करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ा। भीड़ के चलते आसपास की पार्किंग स्थल जल्दी भर गए, जिसके बाद वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़े। पंजाब और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने परिवार सहित बाबा के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर मंदिर परिसर बाबा के जयकारों से गूंजता रहा। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# जाइका परियोजना से छकोह में लहलहा रही टमाटर की फसल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (एचपीसीडीपी-चरण-2) के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई, बिलासपुर के अधिकारियों ने ग्राम छकोह का दौरा कर टमाटर की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में फसल की स्थिति और उत्पादन गतिविधियों का जायजा लिया।

लगभग 30 किसान 30 बीघा भूमि पर व्यावसायिक स्तर पर टमाटर की खेती कर रहे हैं, जिसे क्षेत्र में फसल विविधीकरण और आय वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान खंड परियोजना प्रबंधक पवन कुमार और

**◆ अधिकारियों ने खेतों का किया निरीक्षण, किसानों को वैज्ञानिक तकनीक अपनाने की दी सलाह**

कृषि प्रसार अधिकारी मोहित नायक ने किसानों से बातचीत कर फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण और उत्पादन संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने एकीकृत कीट प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग और मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने की सलाह दी।

अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान बेहतर उत्पादन और आय प्राप्त कर सकते हैं। किसानों ने भी परियोजना से मिल रहे सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।



खेतों का निरीक्षण करते अधिकारी। अनंत ज्ञान

# नीट विवाद पर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा



ज्ञापन सौंपते के कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ने अध्यक्ष अंजना धीमान के नेतृत्व में मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई।

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में नीट परीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों का शिक्षा व्यवस्था से विश्वास कमजोर हुआ है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में विफल रही है।

ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, नीट एवं अन्य परीक्षा अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग की गई। अंजना धीमान ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य किसी भी कीमत पर दांव पर नहीं लगाया जा सकता और इस मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार, विकास ठाकुर, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मस्त राम, अनुराग पंडित, सरपाल ठाकुर, नीलम सूद, राज कुमार, हुसैन अली, अब्दुल मजीद सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीट पेपर लीक मामले में जिला कांग्रेस कमेटी चंबा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## कहा– लाखों छात्रों के भविष्य पर संकट, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की उठाई मांग

अनंत ज्ञान



मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की। अनंत ज्ञान

**चंबा।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के मुद्दे पर जिला कांग्रेस कमेटी चंबा ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। मंगलवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला डीसी चंबा के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं एचआरटीसी निदेशक एडवोकेट सुरजीत भरमौरी ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आए कथित घोटाले ने देशभर के लाखों छात्रों की मेहनत, सपनों और भविष्य को गहरे संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि जब युवा वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, तब इस तरह की घटनाएं उनकी उम्मीदों पर सीधा आघात करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। यदि परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता ही सुरक्षित नहीं रह पाएगी, तो युवाओं का व्यवस्था पर विश्वास कैसे कायम रहेगा। कांग्रेस द्वारा उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि नीट पेपर लीक और अनियमितताओं की स्वतंत्र, पारदर्शी और समयबद्ध जांच करवाई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं अथवा एजेंसियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए ठोस सुधार लागू किए जाएं। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की साख से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और कांग्रेस पार्टी छात्रों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने भी युवाओं के भविष्य से जुड़े ऐसे संवेदनशील मामलों में सरकार और शिक्षा विभाग को पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए था। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह, जगदीश हाण्डा,महासचिव एंव पार्षद रजनी शर्मा, जितेंद्र सूर्या , अशोक कुमार अमित मीतू आदि मौजू रहे।

## जनता ने विकास और जनकल्याण की नीतियों पर लगाई मुहर: सुरजीत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंचायतीराज चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंबा सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि जिला चंबा में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की प्रचंड जीत जनता के कांग्रेस पार्टी पर अटूट विश्वास और भरोसे का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में भाजपा का पूरी तरह सूपड़ा साफ हो गया है तथा मतदाताओं ने विकास, जनकल्याण और जनसेवा की राजनीति को स्पष्ट समर्थन दिया है। सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि पंचायत स्तर पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को मिला भारी जनसमर्थन यह दर्शाता है कि प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को लोगों ने खुले दिल से स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए उन उम्मीदवारों को चुना है जो क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए समर्पित हैं। उन्होंने सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। जनता ने जिन उम्मीदों और विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि नव-निर्वाचित प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति देंगे और आम लोगों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।

# हट क्षेत्र में 130 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



तहसील बसोहली के हट क्षेत्र में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** अर्पणा अस्पताल डलहौजी के सौजन्य से तथा बैजनाथ भंडारी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली के तत्वावधान में तहसील बसोहली के हट क्षेत्र में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान कुल 130 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 105 लोगों की रक्तचाप (बीपी) और 105 लोगों की शुगर जांच की गई, जबकि 5 मरीजों के ब्लड ग्रुप की जांच भी की गई। ग्रामीणों ने इस पहल को बेहद उपयोगी बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक एवं क्लीनिकल ट्रॉपिकल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. श्याम कुमार मगोत्रा ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। उन्होंने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। स्थानीय लोगों ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

# पीईटी भर्ती की काउंसिलिंग आज से, प्रारंभिक शिक्षा विभाग तैयार

## 3 और 4 जून को होगी प्रक्रिया, मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिले में शारीरिक शिक्षा अध्यापक (पीईटी) के पदों को बैच आधार पर भरने के लिए प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभाग की ओर से पात्र अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी कर दिए गए हैं तथा काउंसिलिंग के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

विभाग के अनुसार चंबा में पीईटी भर्ती के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 3 और 4 जून को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रारंभिक शिक्षा विभाग के कार्यालय में उपस्थित होना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की दावेदारी बाद में स्वीकार नहीं की जाएगी। 3 जून को सुबह 10 बजे से रोजगार कार्यालय चंबा, भरमौर और तीसा से संबंधित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी, जबकि 4 जून को रोजगार उपकार्यालय चुवाड़ी, डलहौजी, पांगी और सुंडला से जुड़े अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन पात्र अभ्यर्थियों का नाम जारी सूची में शामिल नहीं है, लेकिन वे भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुसार निर्धारित बैच और योग्यता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। उच्च शिक्षा उपनिदेशक चंबा विकास महाजन ने बताया कि काउंसिलिंग को लेकर सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां भी अवश्य लेकर आएं, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में शारीरिक शिक्षा अध्यापक के कुल 355 पद बैच आधार पर भरे जा रहे हैं। विभाग की ओर से योग्य अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी कर दिए गए हैं तथा संबंधित जानकारी और पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई गई है। पीईटी भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है और आगामी दो दिनों तक जिला मुख्यालय में बड़ी संख्या में युवाओं के पहुंचने की संभावना है।

## जिला परिषद गठन को समिति गठित, केवल पठानिया चंबा के ऑब्जर्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला परिषदों के गठन की प्रक्रिया को लेकर विभिन्न जिलों के लिए समितियों का गठन किया है। इसी कड़ी में चंबा जिला के लिए भी पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशों के अनुसार, चंबा जिला के लिए विधायक केवल सिंह पठानिया को समिति का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है, जबकि सदर विधायक नीरज नैय्यर को सह-ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी, विजय कंवर तथा दिलदार अली भट्ट को समिति का सदस्य बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव विनोद जिंटा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिला परिषद गठन से संबंधित प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए यह समिति तत्काल प्रभाव से कार्य करेगी। साथ ही संबंधित जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भी समिति के सदस्य होंगे। कांग्रेस संगठन द्वारा गठित इस समिति को जिला परिषद गठन से जुड़े आवश्यक समन्वय और संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश जारी होते ही यह समिति प्रभावी हो गई है।

# मोबाइल से भर सकेंगे जनगणना डेटा, मिलेगी यूनिक आईडी

## 15 जून तक करें सेल्फ एन्यूमरेशन, सभी नागरिक निभाएं जिम्मेदारी: मुकेश रेपसवाल

अनंत ज्ञान



प्रेसवार्ता करते डीसी मुकेश रेपसवाल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** उपायुक्त एवं जिला जनगणना अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बचत भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि 1 जून से जनगणना-2027 की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि जनगणना दो चरणों में संपन्न की जाएगी।

प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना की जाएगी, जो 16 जून से आरंभ होगी। इस दौरान प्रगणक (जनगणना कर्मी) नागरिकों से 33 प्रश्न पूछेंगे, जिनमें आवास की स्थिति, पेयजल सुविधा, शौचालय, बिजली, रसोई ईंधन, इंटरनेट तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी शामिल होगी। डीसी ने बताया कि जनगणना-2027 में आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है व नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि 1 जून से 15 जून तक नागरिक जनगणना-2027 की आधिकारिक वेबसाइट एसइ.सेंसस.जीओवी.इन पर अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन कर 33 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। स्वगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पंजीकरणकर्ता को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे मोबाइल संदेश के माध्यम से भी भेजा जाएगा। मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना के दौरान जिन नागरिकों ने स्व-गणना की होगी, उन्हें अपनी प्राप्त यूनिक आईडी प्रगणकों को उपलब्ध करवानी होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा उपलब्ध करवाई गई समस्त जानकारी को पूर्णत: सुरक्षित, गोपनीय एवं गोपनीयता के निर्धारित मानकों के अनुरूप रखा जाएगा। जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में प्रगणकों द्वारा नागरिकों की गणना की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनगणना किसी भी देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों का निर्माण करती है।

उपायुक्त ने जिले के सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग देने तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से स्व-गणना सुविधा का उपयोग कर जनगणना प्रक्रिया को सरल, तेज एवं प्रभावी बनाने का भी आग्रह किया।

# आरबीयू के फैकल्टी सदस्यों ने आईआईटी दिल्ली के प्रतिष्ठित एफडीपी में लिया भाग

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, खरड़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के ईसीई/ईई विभाग तथा यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ पॉलिटेक्निक के फैकल्टी सदस्यों ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईटी दिल्ली) में आयोजित एक प्रतिष्ठित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) में भाग लिया। यह पहल समूह के वाइस चेयरमैन गुरिंदर सिंह बाहरा और वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें डीन इंजीनियरिंग प्रो. (डॉ.) अनमोल गोयल तथा प्रिंसिपल पॉलिटेक्निक एवं ईसीई/ईई विभागाध्यक्ष इंजीनियर सोनल सूद का शैक्षणिक मार्गदर्शन शामिल रहा।

एफडीपी के पहले चार दिनों के दौरान प्रतिभागियों ने आईआईटी दिल्ली के जीवंत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र और अनुसंधान-आधारित शिक्षण वातावरण का गहन अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मेकरस्पेस प्रौद्योगिकियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण से हुई, जिसमें सीएडी, 3डी प्रिंटिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, लेजर कटिंग, सीएनसी रूटिंग तथा समस्या-खोज तकनीकों जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। इसके पश्चात आयोजित सत्रों में डिजाइन थिंकिंग के मूलभूत सिद्धांतों पर विशेष ध्यान दिया गया। इन सत्रों में सहानुभूति, उपयोगकर्ता अनुसंधान , समस्या की परिभाषा तथा रचनात्मक विचार-सृजन को प्रमुखता से समझाया गया। फैकल्टी सदस्यों ने सिस्टम थिंकिंग, उत्पाद डिजाइन, परियोजना विकास तथा लो-फिडेलिटी और हाई-फिडेलिटी प्रोटोटाइपिंग विधियों का भी अध्ययन किया। चौथे दिन का समापन उपयोगकर्ता परीक्षण, प्रोटोटाइप सुधार, अंतिम प्रस्तुतियों तथा विशेषज्ञ चर्चाओं के साथ हुआ।

## लुधियाना रीजन के 20 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में किया क्वालीफाई

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** लुधियाना रीजन के जेईई एडवांस्ड 2026 में क्वालीफाई हुए 20 छात्रों को सोमवार को आकाश एजुकेशन, लुधियाना में सम्मानित किया गया। आकाश लुधियाना केंद्र के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में ताविश गोयल ने एआईआर 504 हासिल की, वर्णाज कौर ने एआईआर 1017, नितिन भट्ट ने एआईआर 6144 और आर्यन मित्तल ने एआईआर 8690 हासिल की।

टॉपर छात्रों ने कहा, हमें अपनी तैयारी के दौरान निरंतर मार्गदर्शन, शैक्षणिक सहायता और मेंटरशिप मिली। अध्ययन सामग्री, कक्षा सत्र, मॉक टेस्ट और नियमित मूल्यांकन ने हमें अपनी अवधारणाओं को मजबूत करने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की। यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के बिना संभव नहीं होती। छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए, डिप्टी रीजनल डायरेक्टर आकाश एजुकेशनल, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, जेईई एडवांस्ड 2026 में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हमें बेहद गर्व है। उनकी सफलता अटूट समर्पण, अनुशासित तैयारी और उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रबल इच्छा का परिणाम है।

# कबड्डी के 'चीता' कहे जाने वाले किंदा बिहारीपुरिया आप में हुए शामिल

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) को उस समय बहुत बड़ा रिस्पॉन्स मिला जब मशहूर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी किंदा बिहारीपुरिया, जिन्हें कबड्डी की दुनिया में 'चीता' कहा जाता है, मंगलवार को कई दूसरे जाने-माने खेल हस्ती और सामाजिक नेताओं के साथ पार्टी में शामिल हो गए।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मण ने नए शामिल हुए सदस्यों का पार्टी में औपचारिक रूप से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जाने-माने खिलाड़ी और युवा नेता का लगातार समर्थन आप सरकार की नीतियों और शासन में लोगों के भरोसे को दिखाता है। पार्टी में शामिल होने वालों में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी किंदा बिहारीपुरिया, जीता बादलगढ़, बब्बू झेनेडी और सीमा घ्राचों शामिल थे। कबड्डी खिलाड़ी मलकीत सिंह और बरिंदर सिंह भी पार्टी में शामिल हुए। इसके अलावा, मशहूर रेफरी सतगुर झनेड़ी, अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर कुलबीर टिम्बरवाल, यूथ लीडर अमरिंदर सिंह रोड़ियां और सतनाम सिंह विर्क के साथ-साथ मनजोत सिंह और हरदीप सिंह भी आप में शामिल हुए।

नए सदस्यों का स्वागत करते हुए, राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार युवाओं और खेल जगत सहित समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए बिना थके काम कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि इन जानी-मानी हस्तियों के पार्टी में शामिल होने से पार्टी जमीनी स्तर पर और मजबूत होगी और लोगों तक अपना मैसेज पहुंचाने में मदद मिलेगी। नए सदस्यों ने कहा कि वे भगवंत मान सरकार के पारदर्शी और लोगों के हित में काम करने वाले शासन से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल और जनकल्याण के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों ने उन्हें आम आदमी पार्टी में शामिल होने और पंजाब के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया है।

## जेईई एडवांस्ड में छाए एलन ट्राइसिटी के होनहार स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणामों में एलन करियर इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। इस वर्ष एलन के छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक 1, 2 और 3 हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया, जबकि टॉप-10 में छह छात्रों ने स्थान बनाया।

एलन चंडीगढ़ के क्लासरूम छात्रों ने भी शानदार सफलता हासिल की। आर्यन ने एआईआर-186 प्राप्त कर ट्राइसिटी का नाम रोशन किया। उन्होंने कई राष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षाओं के लिए भी क्वालीफाई किया और 12वीं में 95 प्रतिशत अंक हासिल किए।

अंशवीर सिंह ढिल्लों नेएआईआर-204, विशांत गुप्ता ने,द्ध, 241, भरत बंसल नेएआईआर-265 और अतिश्य जैन ने एआईआर-463 हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

संस्थान ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और फैकल्टी के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। एलन का शिक्षण मॉडल अवधारणात्मक समझ, नियमित परीक्षण, प्रदर्शन विश्लेषण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर आधारित है। एलन ट्राइसिटी के वाइस प्रेसिडेंट एवं जोनल हेड (नॉर्थ) सदानंद वानी ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पंजाब: सरकारी स्कूलों में छठी कक्षा से एआई शिक्षा शुरू करने की तैयारी



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा है कि राज्य सरकार जल्द ही सरकारी स्कूलों में छठी कक्षा से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा शुरू करेगी। वे 'ब्राइट माइंड्स ऑफ पंजाब 2026' कार्यक्रम के तहत 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि चार साल में सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार पर काम किया है और नीति आयोग द्वारा पंजाब को स्कूल शिक्षा में पहला स्थान मिलना इसका प्रमाण है। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सिंगापुर और फिनलैंड जैसे देशों में प्रशिक्षण दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में लगभग 1,000 विद्यार्थी जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए हैं। सरकार का लक्ष्य छात्रों को भविष्य की तकनीक और रोजगार के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी छात्रों से संवाद किया और कहा कि आने वाले समय में रोजगार का स्वरूप बदल जाएगा, इसलिए छात्रों को एआई और नई तकनीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने उद्यमिता को बढ़ावा देने और 'बिजनेस ब्लास्टर्स' जैसे कार्यक्रमों के महत्व पर भी जोर दिया। अंत में मंत्री ने विद्यार्थियों को मेहनत, लक्ष्य पर ध्यान और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक भी मौजूद रहे।

## किसानों की जमीन कुर्क नहीं कर सकेंगे बैंक

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने किसानों को आर्थिक राहत देने और कृषि क्षेत्र में विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि करीब 26 वर्ष पुरानी नीति को किसानों के हितों के अनुरूप संशोधित किया गया है। नई व्यवस्था के तहत विभिन्न फसलों पर मिलने वाली ऋण सीमा बढ़ाई गई है, जबकि कई नई कृषि व बागवानी फसलों को पहली बार कर्ज सुविधा के दायरे में लाया गया है। सरकार का दावा है कि इससे किसानों की वित्तीय जरूरतें बेहतर तरीके से पूरी हो सकेंगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार ने निजी बैंकों को भी स्पष्ट रूप से सलाह दी है कि कर्ज वसूली के मामलों में किसानों की जमीन जब्त करने जैसे कदमों से बचा जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय संस्थानों को वैकल्पिक समाधान तलाशने चाहिए ताकि किसानों पर अतिरिक्त मानसिक दबाव न बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिफॉल्टर किसानों की तस्वीरें सार्वजनिक स्थानों पर लगाने या सूची में प्रकाशित करने जैसी प्रक्रियाओं से बचा जाना चाहिए।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 'इंडिया एआई डेटा लैब' का उद्घाटन

अनंत ज्ञान




**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** चंडीगढ़। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने दिग्गज टेक कंपनी इंटेल इंडिया के सहयोग से अत्याधुनिक 'इंडियाएआई डेटा लैब' की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसी आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाकर उन्हें उद्योगों के लिए तैयार करना है।

यह लैब सिम्युलेटेड अप्रेंटिसशिप मॉडल पर आधारित है, जहां छात्रों को केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर काम करने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। यहां स्टूडेंट्स एआई सॉल्यूशंस विकसित करने के साथ-साथ तकनीकी कौशल और करियर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण अनुभव भी प्राप्त करेंगे।

यूआईसी (यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटिंग) में आयोजित उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और इंटेल इंडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसे शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, फैकल्टी डेवलपमेंट और हैकाथॉन का प्रमुख केंद्र बताया गया है।

इंटेल इंडिया की सीनियर डायरेक्टर श्वेता खुराना ने कहा कि यह पहल एआई-रेडी युवाओं को तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो उद्योग और शिक्षा के बीच की दूरी को कम करेगी। वहीं, वाइस चांसलर प्रो. रविराजा एन. सीताराम ने इसे प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग को बढ़ावा देने वाली ऐतिहासिक पहल बताया।

लैब के माध्यम से एमसीए (डेटा साइंस) और बीसीए (डेटा साइंस) जैसे कोर्स शुरू किए गए हैं, जिनमें हर सेमेस्टर में इंटेल सर्टिफिकेशन की सुविधा भी मिलेगी। इससे छात्रों की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। संस्थान ने पहले भी इंटेल के साथ मिलकर एआई समर स्कूल आयोजित किया था, जिसमें 2,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और एआई टूल्स व तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# जेईई एडवांस्ड-2026 के टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के जेईई एडवांस्ड 2026 में क्वालीफाई हुए 35 छात्रों को मंगलवार को आकाश एजुकेशन, चंडीगढ़ सेंटर में सम्मानित किया गया। आकाश सेंटर के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में, ईशान गोयल ने 272 अंकों के साथ एआईआर 113 हासिल की। सार्थक गौतम ने 210 अंकों के साथ एआईआर 992, आरव सिंह एआईआर 2448 और 179 अंक, भरत मलिक एआईआर 2512 और 178 अंक और अर्शप्रीत सिंह ने एआईआर 2533 और 178 अंक प्राप्त किए। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में अमितोज तुर्का एआईआर 3293, महित सिंगला एआईआर 4164, अजय प्रताप सिंह एआईआर 4500, अनमोल वर्मा एआईआर 4708 और समर सिंगला एआईआर 5243 शामिल हैं।

छात्रों के अनुसार, उन्हें अपनी तैयारी के दौरान निरंतर मार्गदर्शन, शैक्षणिक सहायता और मेंटरशिप प्राप्त हुई। छात्रों ने कहा, अध्ययन सामग्री, कक्षा सत्र, मॉक टेस्ट और नियमित मूल्यांकन ने हमें अपनी अवधारणाओं को मजबूत करने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की।उन्होंने आगे कहा, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए, डिप्टी रीजनल डायरेक्टर -आकाश एजुकेशनल, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, जेईई एडवांस्ड 2026 में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हमें बेहद गर्व है। उनकी सफलता अटूट समर्पण, अनुशासित तैयारी और उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रबल इच्छा का परिणाम है।

# हार का कारण तलाशने मैदान में उतरी कांग्रेस

## 3 नगर निगमों में मिली हार, एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपेंगी फैक्ट फाइंडिंग कमेटियां, संगठन ने मांगा जमीनी फीडबैक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुए नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को मिली अप्रत्याशित और करारी हार के बाद पार्टी नेतृत्व पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगमों में अपेक्षा से कमजोर प्रदर्शन ने संगठन को आत्ममंथन के लिए मजबूर कर दिया है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस ने हार के वास्तविक कारणों की तह तक पहुंचने के लिए तीन अलग-अलग फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों का गठन किया है, जो जमीनी स्तर पर जाकर चुनावी परिणामों का विश्लेषण करेंगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव विनोद जिंटा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार गठित समितियां संबंधित नगर निगम क्षेत्रों का दौरा करेंगी। समिति सदस्य स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं, समर्थकों और संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों से बातचीत कर यह जानने का प्रयास करेंगे कि आखिर किन परिस्थितियों और कारणों से पार्टी को इन महत्वपूर्ण चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। समितियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे निष्पक्ष रिपोर्ट तैयार कर संगठन को सौंपें।

राज्य कांग्रेस नेतृत्व ने सभी समितियों को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। पार्टी का मानना है कि चुनावी नतीजों का सूक्ष्म विश्लेषण भविष्य की रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रिपोर्ट के आधार पर संगठनात्मक ढांचे, चुनावी प्रबंधन और स्थानीय स्तर पर सामने आई कमियों को दूर करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

धर्मशाला नगर निगम के लिए गठित समिति की कमान करण सिंह पठानिया को सौंपी गई है। उनके साथ अमित भरमौरी, यशवंत खन्ना और मनमोहन कटोच सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। यह टीम धर्मशाला में चुनावी पराजय के कारणों की पड़ताल कर संगठन को विस्तृत सुझाव देगी।

मंडी नगर निगम में पार्टी की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक रही। यहां जांच समिति के संयोजक के रूप में चेतराम ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है। उनके साथ पवन ठाकुर, हरिकृष्ण हिमराल और सत्यजीत नेगी सदस्य के तौर पर कार्य करेंगे। समिति यह पता लगाएगी कि कांग्रेस को अपेक्षित जनसमर्थन क्यों नहीं मिल पाया और संगठन किन मोर्चों पर कमजोर साबित हुआ।

सोलन नगर निगम के लिए अमित नंदा को संयोजक बनाया गया है। समिति में चंद्र शेखर शर्मा, यशपाल तनिक और धर्मेंद्र धामी को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह टीम सोलन में चुनावी परिणामों का अध्ययन कर हार के राजनीतिक, संगठनात्मक और स्थानीय कारणों का विश्लेषण करेगी। 31 मई को घोषित चुनाव परिणामों ने कांग्रेस नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। मंडी नगर निगम में 14 सीटों में से कांग्रेस को केवल एक सीट पर जीत मिली। धर्मशाला में पार्टी 17 में से 5 वार्ड जीत सकी, जबकि सोलन में 17 में से 6 सीटों पर ही सफलता मिली। इन परिणामों को आगामी 2027 विधानसभा चुनावों के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है और पार्टी इन्हें चेतावनी के संकेत के रूप में देख रही है।

कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि केवल हार पर चिंता जताने से स्थिति नहीं बदलेगी, बल्कि जमीनी वास्तविकताओं को समझकर संगठन को मजबूत करना होगा। यही कारण है कि पार्टी अब बूथ स्तर तक की रिपोर्ट तैयार कर उन कारणों की पहचान करना चाहती है, जिन्होंने चुनावी प्रदर्शन को प्रभावित किया। माना जा रहा है कि रिपोर्ट आने के बाद संगठन में कई स्तरों पर बदलाव और रणनीतिक सुधार देखने को मिल सकते हैं।

### हार से सबक लेकर 2027 की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**नगर** निगम चुनावों में मिली शिकस्त ने कांग्रेस के सामने कई कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि पार्टी इसे केवल हार के रूप में नहीं बल्कि संगठन को नए सिरे से मजबूत करने के अवसर के तौर पर देख रही है। फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों की रिपोर्ट अब यह तय करेगी कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपनी रणनीति में क्या बदलाव करती है और जनता का विश्वास दोबारा जीतने के लिए कौन से कदम उठाती है।

- मंडी, धर्मशाला और सोलन में हार के बाद कांग्रेस ने शुरू किया आत्मविश्लेषण
- नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय समीकरणों की होगी गहन पड़ताल

# शराबी चालक ने राहगीर को गाड़ी से कुचला, तड़पते देखकर दोबारा ऊपर चढ़ाई कार, मौके पर ही मौत

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के नग्गर रोड फार्म के पास सोमवार दोपहर एक रूह कंपा देने वाला हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां दिल्ली नंबर की एक तेज रफ्तार कार के चालक ने शराब के नशे में धुत होकर एक पैदल चल रहे राहगीर को न केवल जोरदार टक्कर मारी, बल्कि इंसानियत को शर्मसार करते हुए उसे दोबारा गाड़ी से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। चश्मदीद टैक्सी ड्राइवर ओमप्रकाश (39 वर्ष), निवासी छनाल्टी (कुल्लू) के बयान के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 12:15 बजे की है। ओमप्रकाश अपनी गाड़ी धुलाने के बाद नग्गर की तरफ जा रहे थे, तभी मढ़ी के पास दिल्ली नंबर की एक कार (डीएल12सी 0584) ने उन्हें ओवरटेक किया। कार में दो युवक और एक युवती सवार थे, जो गाड़ी चलाते समय सरेआम बियर पी रहे थे। नग्गर फार्म रोड के पास पहुंचते ही इस कार के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तारी से गाड़ी चलाते हुए गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में जाकर अपनी सही दिशा में चल रहे राहगीर रामकृष्ण को ज़ोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भयानक थी कि कार चालक रामकृष्ण को करीब 25 फीट तक सड़क पर घसीटता हुआ ले गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। चश्मदीद ने बताया कि इसके बाद जो हुआ वह बेहद खौफनाक था; जब चालक ने रामकृष्ण को नीचे तड़पते हुए देखा, तो उसने गाड़ी को पीछे (बैक) किया और जानबूझकर दोबारा रामकृष्ण के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। इस क्रूरता के कारण रामकृष्ण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक गाड़ी सहित मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन थोड़ी ही दूरी पर स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए उस गाड़ी को घेर कर रोक लिया। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम विक्रांत विज (29 वर्ष), पुत्र राम देव विज, निवासी करोल बाग, नई दिल्ली बताया। घटना की सूचना मिलते ही पटलीकूहल थाना के अतिरिक्त थाना प्रभारी इंद्र सिंह और सब-इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने धारा 173 के तहत दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है और आगामी कार्रवाई कर रही है।

- स्थानीय लोगों ने आरोपी चालक को पकड़ा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

# कांग्रेस के अभेद्य गढ़ में भाजपा की सेंध

## चमियाणा जिला परिषद वार्ड जीत से कसुम्पटी की राजनीति में हलचल

अनंत ज्ञान



जुन्गा में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान भाजपा समर्थित खुश विक्रम सेन का स्वागत करते समर्थक। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के लंबे समय से कायम राजनीतिक वर्चस्व को झटका देते हुए भाजपा समर्थित खुश विक्रम सेन ने चमियाणा जिला परिषद वार्ड पर जीत दर्ज कर नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। करीब 25 वर्षों बाद कांग्रेस के मजबूत गढ़ में भाजपा की इस सफलता को आगामी 2027 विधानसभा चुनावों का संकेत माना जा रहा है। जीत के बाद जुन्गा राजमहल में समर्थकों का उमड़ा जनसैलाब क्षेत्र की बदलती राजनीतिक तस्वीर को दर्शाता है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह जीत केवल जिला परिषद तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संदेश विधानसभा चुनावों तक जाएगा। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने व्यापक प्रचार अभियान चलाया, लेकिन मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया। इससे कसुम्पटी में भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस के सामने उभरती चुनौती की चर्चा तेज हो गई है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कसुम्पटी आज भी कई मूलभूत प्रशासनिक और विकासात्मक सुविधाओं से वंचित है। अलग एसडीएम कार्यालय, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और स्थानीय प्रशासनिक ढांचे की मांग वर्षों से लंबित है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि विकास के मुद्दों की अनदेखी ही कांग्रेस के लिए जनता की नाराजगी का कारण बनी है। अब भाजपा इस जीत को आधार बनाकर 2027 के विधानसभा चुनावों की रणनीति तैयार करने में जुट गई है।

# मुख्य सचिव केके पंत से मिले नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने हिमाचल प्रदेश के नव नियुक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कर्ण नंदा ने कहा कि कमलेश कुमार पंत एक अनुभवी और दक्ष प्रशासक हैं, जिनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव का लाभ प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनोन्मुखी बनेगी।

कर्ण नंदा ने कहा कि प्रदेश विकास के नए चरण की ओर अग्रसर है और ऐसे समय में मुख्य सचिव की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कमलेश कुमार पंत के मार्गदर्शन में सुशासन, विकास और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। नंदा ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, ऊर्जा और सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल हिमाचल के विकास के लिए यादगार सिद्ध होगा।

# नौतोड़ भूमि का मुद्दा फिर गरमाया, राज्यपाल से मिले नेगी

## राजस्व, बागवानी मंत्री ने जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं को भूमि अधिकार दिलाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जनजातीय व सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्षों से लंबित नौतोड़ भूमि आवंटन का मुद्दा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने सोमवार को लोक भवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से मुलाकात कर इस विषय को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आग्रह किया कि जनजातीय क्षेत्रों के पात्र परिवारों को नौतोड़ वन भूमि उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक संवैधानिक प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाया जाए, ताकि भूमि से वंचित लोगों को राहत मिल सके।

मंत्री नेगी ने राज्यपाल को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में ही जनजातीय क्षेत्रों में नौतोड़ भूमि आवंटन को लेकर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 से जुड़े प्रावधानों को हटाने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत यह



राज्यपाल से मुलाकात करते मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

विषय राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है और यदि इस दिशा में निर्णय लिया जाता है तो हजारों पात्र परिवारों को लाभ मिल सकता है। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि वर्ष 2014, 2016 और 2018 में ऐसे प्रावधानों में छूट दिए जाने से जनजातीय क्षेत्रों के अनेक लोगों को लाभ मिला था।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सीमित कृषि भूमि और रोजगार के अवसरों की कमी के कारण युवाओं का पलायन लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में पात्र परिवारों को नौतोड़ भूमि आवंटित करना उनकी आर्थिकी मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों को आबाद रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने बताया कि नौतोड़ नीति के तहत पात्र परिवारों को 20 बीघा तक भूमि प्रदान की जा सकती है। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने इस विषय पर गंभीरता से चर्चा करते हुए मामले पर उचित और शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

### तेलंगाना स्थापना दिवस पर गूंजी राष्ट्रीय एकता की भावना: राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने की। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय और विविधता में एकता के संदेश को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि भारत की शक्ति उसकी सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक विविधता में निहित है, जिसे सहेजते हुए राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करना समय की आवश्यकता है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस मनाना केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उन राज्यों की समृद्ध विरासत, परंपराओं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर है।

# हिमाचल में मई में सामान्य से 20 फीसदी कम बरसे बादल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मई माह के दौरान सामान्य से 20 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार वर्ष 1901 से 2026 के बीच यह मई महीने की 56वीं सबसे कम वर्षा रही। पूरे प्रदेश में मई के दौरान 63.3 मिलीमीटर सामान्य वर्षा के मुकाबले केवल 50.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं मार्च से मई तक के प्री-मानसून सीजन में 208.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई, जो 125 वर्षों की अवधि में 62वीं सबसे कम वर्षा मानी गई है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार ऊना जिले में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, शिमला और सिरमौर में सामान्य से अधिक बारिश हुई। कुल्लू और मंडी में सामान्य वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि चंबा, किन्नौर, सोलन और लाहौल-स्पीति में वर्षा की कमी रही। मई माह के दौरान कई जिलों में लू और ओलावृष्टि की घटनाएं भी सामने आईं, जिससे मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र ने आगामी दिनों में प्रदेश के मौसम के सक्रिय बने रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार 4 और 5 जून को कई स्थानों पर तथा 3 और 6 जून को कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। 7 और 8 जून को भी प्रदेश के कुछ भागों में हल्की वर्षा के आसार हैं। अगले दो से तीन दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिसके बाद फिर तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

- 125 वर्षों में 56वीं सबसे कम वर्षा दर्ज
- 4 से 5 जून तक कई क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार
- प्री-मानसून सीजन में भी वर्षा का आंकड़ा सामान्य से नीचे

# जनगणना ड्यूटी पर शिक्षकों की तैनाती पर विरोध के स्वर हुए तेज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2027 की जनगणना की तैयारियों के बीच शिक्षकों की ड्यूटी को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। राज्य गवर्नमेंट टीचर यूनियन ने जनगणना कार्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों को पर्यवेक्षक और गणनाकर्मी के रूप में तैनात किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव तथा शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है। संघ का कहना है कि यदि शिक्षकों को लंबे समय तक गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया गया तो विद्यालयों में पढ़ाई का स्तर प्रभावित होगा और सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मुहिम को झटका लग सकता है।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और सीबीएसई प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे समय में शिक्षकों का विद्यालयों में नियमित रूप से उपलब्ध रहना अत्यंत आवश्यक है। सरकार ने शिक्षकों के रिक्त पद भरने की दिशा में कदम उठाए हैं, इसलिए शिक्षकों को कक्षा-कक्ष से दूर रखना इन प्रयासों की भावना के विपरीत होगा। संघ ने कहा कि पहले ही शिक्षकों को अनेक गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता रहा है, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। हाल ही में संपन्न पंचायती राज चुनावों में भी बड़ी संख्या में शिक्षक चुनावी दायित्व निभाने में व्यस्त रहे। अब जनगणना कार्य के लिए भी अधिकतम शिक्षण स्टाफ को तैनात करने के आदेशों से विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

शिक्षक संघ का तर्क है कि जनगणना जैसा प्रशासनिक कार्य अन्य विभागों के कर्मचारियों के माध्यम से भी कराया जा सकता है। ज्ञापन में विशेष रूप से विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और वाणिज्य जैसे प्रमुख विषयों के शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग उठाई गई है। संघ का कहना है कि इन विषयों की नियमित पढ़ाई बाधित होने पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। संघ ने यह भी उल्लेख किया है कि पंजाब और केरल सहित कई राज्यों में ऐसे कार्यों के लिए अन्य विभागों के कर्मचारियों की सेवाएं ली जाती हैं। ऐसे में हिमाचल सरकार भी इसी मॉडल पर विचार कर सकती है ताकि विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों।

- शिक्षक संघ ने सरकार से की पुनर्विचार की मांग, शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ने की जताई चिंता

# प्रिया ने कनाडा आर्मी में भर्ती होकर चमकाया नाम

## संधोल गांव की बेटी ने विदेश में आर्मी ज्वाइन कर देश-गांव का नाम किया रोशन

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** संधोल की बेटी प्रिया ठाकुर ने कनाडा आर्मी में भर्ती होकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे सन्धोल और हिमाचल और पंजाब का नाम रोशन किया है। प्रिया की इस उपलब्धि के बाद ठाकुर परिवार के घर पर खुशी का माहौल बना हुआ है और लगातार शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दें कि प्रिया ठाकुर पुत्री बलबीर सिंह तहसील संधोल के बैरी गांव की मूल निवासी है और परिवार मौजूदा समय में पंजाब के फगवाड़ा में रह रहा है। प्रिय की माता फगवाड़ा में पार्षद है। जानकारी देते हुए बलवीर ठाकुर ने बताया कि उनकी बेटी प्रिया ने उन्हें एक बड़ा सरप्राइज दिया। उन्होंने कहा कि प्रिया ने केवल इतना बताया था कि कनाडा आर्मी की भर्ती शुरू हुई है और उसने आवेदन किया है। इसके बाद उसने चयन प्रक्रिया पास की, कठिन ट्रेनिंग हासिल की और ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उसकी पोस्टिंग भी हो गई।



पोस्टिंग मिलने के दिन ही प्रिया ने फोन कर अपने माता-पिता को यह खुशखबरी दी, जिसके बाद पूरा परिवार भावुक हो गया। बलवीर ठाकुर ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है, जिसने कठिन परिस्थितियों और माइनस टेंपरेचर में सख्त ट्रेनिंग पूरी कर अपना सपना साकार किया। उन्होंने कहा कि प्रिया बचपन से ही अनुशासित और मेहनती रही है और आज उसने यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

उधर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने भी प्रिया ठाकुर और परिवार को बधाई दी है। उन्होंने कहा, 'प्रिया ठाकुर ने सन्धोल ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल और पंजाब का नाम विदेश की धरती पर रोशन किया है। आज हर व्यक्ति को इस बेटी पर गर्व महसूस हो रहा है।

कनाडा मिलिट्री जैसी कठिन सेवा में चयन होना आसान बात नहीं है। प्रिया ने अपनी मेहनत, लगन और हौसले के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। यह हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है कि अगर लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती।

### बचपन से ही मिलिट्री में भर्ती होने का था सपना

**प्रिया** की माता प्रवीण ठाकुर मौजूदा समय में पंजाब के फगवाड़ा में पार्षद है वे कहती है कि, 'एक मां के लिए इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती कि उसकी बेटी अपने सपनों को पूरा करे और परिवार का नाम रोशन करे। प्रिया ने बचपन से ही देश सेवा और अनुशासन के प्रति रुचि दिखाई थी। आज उसकी सफलता देखकर हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उसकी मेहनत और संघर्ष ने यह साबित कर दिया कि बेटियां हर चुनौती का सामना कर सकती हैं। ' प्रिया ठाकुर की इस उपलब्धि को लेकर संधोल से लेकर फगवाड़ा शहर तक गर्व और खुशी का माहौल बना हुआ है तथा लोग इसे बेटियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बता रहे हैं।

# सीएम, डिप्टी सीएम सहित कई मंत्रियों के गृह क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी जीते: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में नगर निगम और पंचायत चुनावों के नतीजों के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। हमीरपुर से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए दावा किया है कि प्रदेश की जनता ने चुनावों में कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। धर्मशाला के कांगड़ा रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत के दौरान अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली, जनप्रतिनिधियों और प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर जमकर निशाना साधा।

मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि पंचायत और नगर निगम चुनावों के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार घट रहा है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और कई मंत्रियों के गृह क्षेत्रों में भी भाजपा और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, जो कांग्रेस सरकार के प्रति जनता की नाराजगी को दर्शाता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार की नीतियों से खुश नहीं है और यदि आज विधानसभा चुनाव कराए जाएं तो कांग्रेस कुछ गिनी-चुनी सीटों तक सिमट जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा भाजपा पर है,क्योंकि भाजपा ही विकास और जनहित के मुद्दों पर काम करती है। लोकतंत्र में पंचायतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं और भाजपा हमेशा गांव, गरीब और किसान के हितों के लिए कार्य करती रही है।

### हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता व खेल संस्कृति का प्रतीक बना एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला



**एचपीसीए** स्टेडियम धर्मशाला ने देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। आईपीएल 2026 सीजन में धर्मशाला स्टेडियम को 'बेस्ट ग्राउंड एंड पिच ऑफ द सीजन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि मैदान की बेहतरीन गुणवत्ता, उत्कृष्ट पिच तैयारियों और पर्दे के पीछे दिन-रात मेहनत करने वाले क्यूरेटरों, ग्राउंड्समैन और प्रबंधन टीम की मेहनत का परिणाम मानी जा रही है। अनुराग ने कहा कि धौलाधार पर्वत श्रृंखला की छाया में बसे धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम को विश्व क्रिकेट के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए वर्षों तक निरंतर प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला का मैदान केवल एक क्रिकेट स्टेडियम नहीं, बल्कि हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता और खेल संस्कृति का प्रतीक बन चुका है।

**गणना त्रुटि** ब्रिटिश प्रशासन ने एक रुपए का जुर्माना लगाया तो आहत होकर कर ली आत्महत्या

# कर्नल बड़ोग की भूल से अधूरी रह गई सुरंग

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल कालका-शिमला रेलवे मार्ग की ऐतिहासिक बड़ोग सुरंग करीब 1143.61 मीटर लंबी बड़ोग सुरंग इस रेलमार्ग की सबसे लंबी और सीधी सुरंग है। सोलन से लगभग 8.5 किलोमीटर दूर स्थित यह सुरंग ब्रिटिश इंजीनियर कर्नल बड़ोग के नाम पर जानी जाती है। इसका इतिहास भी काफी रोचक और भावुक माना जाता है।

जानकारों के अनुसार सुरंग निर्माण का प्रारंभिक कार्य कर्नल बड़ोग के नेतृत्व में शुरू हुआ था। उन्होंने पहाड़ के दोनों सिरों से खुदाई करवाई, लेकिन गणना में हुई त्रुटि के कारण दोनों छोर आपस में नहीं मिल सके। इस गलती पर ब्रिटिश प्रशासन ने उन पर एक रुपये का जुर्माना लगाया। बताया जाता है कि इस अपमान से आहत होकर कर्नल बड़ोग ने जंगल में आत्महत्या कर ली थी। बाद में इंजीनियर एच.एस. हर्लिंगटन ने इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया और वर्ष 1903 में सुरंग का निर्माण संपन्न हुआ।




बड़ोग रेलवे स्टेशन और इसकी कुछ दूरी पर स्थित है अधूरी सुरंग। अनंत ज्ञान

बड़ोग स्टेशन के समीप स्थित कर्नल बड़ोग की अधूरी सुरंग आज भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक इस ऐतिहासिक स्थल को देखने पहुंचते हैं, लेकिन उचित संकेतक, सुरक्षित पहुंच मार्ग, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और जानकारी उपलब्ध न होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का यह भी दावा है कि अधूरी सुरंग से निकलने वाला स्वच्छ जल वर्षों से धर्मपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप और आसपास के क्षेत्रों को पानी उपलब्ध करा रहा है। सुरंग से लगातार निकलता पानी आज भी लोगों के बीच चर्चा और कौतूहल का विषय बना हुआ है। को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। ऐतिहासिक महत्व, ब्रिटिशकालीन विरासत और रहस्यमयी कहानियों के लिए प्रसिद्ध यह स्थल आज भी बुनियादी पर्यटन सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों, इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों का कहना है कि यदि यहां आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं तो बड़ोग प्रदेश का एक प्रमुख विरासत पर्यटन केंद्र बन सकता है।

- अधूरी सुरंग आज भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र